हिन्दी दैनिक
# प्रत्यूष नवबिहार
जोहार
रांची संस्करण
www.tezraftarlive.com
Email-navbiharjh@gmail.com
रांची, पटना और दिल्ली से प्रकाशित
रांची • गुरुवार • 17.07.2025 • वर्ष : 15 • अंक : 353 • पृष्ठ : 12 • आमंत्रण मूल्य : 3 रुपये 2 रुपये

## एक नजर

### 24 को कैबिनेट उससे पहले आएंगे मुख्यमंत्री



**रांची :** राज्य मंत्रिपरिषद की महत्वपूर्ण बैठक 24 जुलाई को होगी। दिन के चार बजे से प्रोजेक्ट भवन में होनेवाली इस बैठक में कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों को मंजूरी मिलने की संभावना है। मालूम हो कि हाल ही में 11 जुलाई को कैबिनेट की बैठक हुई थी। पूर्वी क्षेत्रीय परिषद और कैबिनेट की बैठक में भाग लेने के लिए मुख्यमंत्री नौ जुलाई की रात रांची आए थे और कैबिनेट की बैठक के बाद दिल्ली चले गए थे। अभी भी मुख्यमंत्री अपने पिता की सेवा और स्वास्थ्य संबंधी देखभाल के लिए दिल्ली में ही हैं। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार कैबिनेट की बैठक की तिथि तय होने के बाद अब फिर मुख्यमंत्री जल्द ही दिल्ली से रांची आएंगे। हालांकि अभी उनके आने की तिथि तय नहीं हुई है। लेकिन उम्मीद की जा रही है कि सोमवार तक मुख्यमंत्री रांची आएंगे।

# बोकारो में मुठभेड़ के दौरान दो नक्सली मारे गए, एक जवान शहीद



मुठभेड़ में पांच लाख का इनामी नक्सली कुंवर मांझी मारा गया

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो :** झारखंड के बोकारो जिले के जागेश्वर बिहार थाना क्षेत्र में लुगू पहाड़ के काशीटांड़ जंगल में पुलिस और नक्सलियों के बीच बुधवार को हुई मुठभेड़ में पांच लाख का इनामी नक्सली कुंवर मांझी मारा गया है। इस मुठभेड़ में कोबरा बटालियन के एक जवान भी बलिदान हो गए हैं।

बोकारो रेंज के आईजी क्रांति कुमार गड़देशी ने बताया कि बुधवार तड़के लुगू पहाड़ी के आसपास नक्सलियों के एक दस्ते के क्रियाशील होने की सूचना मिली, जिसके आधार पर केंद्रीय बलों और बोकारो पुलिस की ओर से विशेष अभियान शुरू किया गया। जंगल में सर्च के दौरान ही पुलिस का नक्सलियों से सीधे सामना हो गया। इसके बाद दोनों तरफ से मुठभेड़ शुरू हो गई, जिसमें पांच लाख का इनामी कुंवर माझी मार गया। कुंवर के मारे जाने के बाद उसका एके-47 राइफल भी पुलिस ने बरामद किया है।

### सुबह 5 बजे हुआ सुरक्षा बल और नक्सलियों का आमना -सामना

बोकारो एसपी हरविंदर सिंह को इंटेलिजेंस इनपुट के माध्यम से सूचना मिली थी कि क्षेत्र में नक्सलियों की मूवमेंट हो रही है। खुफिया सूचना पर पुलिस ने गुरुवार के अगले सुबह बिरहोरडेरा के जंगली क्षेत्र में सर्च अभियान शुरू किया। सुबह लगभग 5 बजे सुरक्षा बल और नक्सलियों का आमना -सामना हुआ। इसके बाद दोनों ओर से गोलीबारी शुरू हो गयी।

उन्होंने बताया कि अभियान के दौरान नक्सलियों की ओर से अचानक की गई गोलीबीरी में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) की 209वीं कोबरा इकाई के कांस्टेबल प्रनवेश्वर कोच (33) गोली लगने से बलिदान हो गए। वह मूल रूप से असम के कोकराझार के रहने वाले थे। आईजी ने बताया कि पुलिस को भारी पड़ता देख नक्सलियों ने कुछ ग्रामीणों को आगे कर पुलिस से बचने की कोशिश की। इसमें भी जब नक्सली कामयाब नहीं हुए, तब उन्होंने एक ग्रामीण की गोली मारकर मौके पर हत्या कर दी। ताकि पुलिस को मौके पर भटकाया जा सके। मारा गया ग्रामीण लुगू इलाके का ही रहने वाला था।

### एके-47 राइफल बरामद सर्च अभियान जारी

पुलिस और नक्सलियों के बीच यह मुठभेड़ उसी लुगू पहाड़ पर हुई है, जहां इसी साल अप्रैल महीने में एक करोड़ का इनामी विवेक सहित आठ नक्सली एनकाउंटर में मारे गए थे। आईजी बोकारो ने बताया कि नक्सलियों की तलाश में अभी भी इलाके में सर्च ऑपरेशन जारी है।

# केंद्रीय कैबिनेट : पीएम धन-धान्य कृषि योजना के लिए 24 हजार करोड़ की मंजूरी

एजेंसी



**नयी दिल्ली :** बुधवार को केंद्रीय कैबिनेट में कई बड़े फैसले लिए गए। सूचना प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 24,000 करोड़ रुपये खर्च के साथ पीएम धन-धान्य कृषि योजना को मंजूरी दी है। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि इसमें 36 योजनाओं को शामिल किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार ने एनएलसीआईएल को ग्रीन एनर्जी में निवेश के लिए 7,000 करोड़ रुपये मंजूर किए हैं। इसके अलावा शुभांशु शुक्ला के अंतरिक्ष मिशन के बाद भारत ने अपना अंतरिक्ष स्टेशन बनाने की दिशा में एक कदम और आगे बढ़ाया है।

### कैबिनेट के अहम फैसले

कैबिनेट बैठक के बाद केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा 'आज केंद्रीय मंत्रिमंडल ने आईएसएस से ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला की वापसी पर एक प्रस्ताव पारित किया है। यह पूरे देश के लिए गौरव, गौरव और खुशी का अवसर है। आज मंत्रिमंडल, देश के साथ, ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला को पृथ्वी पर उनकी सफल वापसी पर बधाई देता है। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर 18 दिनों का ऐतिहासिक मिशन पूरा किया है। यह भारत के अंतरिक्ष कार्यक्रम में एक नया अध्याय है। यह हमारे अंतरिक्ष कार्यक्रम के भविष्य की एक सुनहरी झलक देता है। मंत्रिमंडल इस ऐतिहासिक उपलब्धि के लिए इसरो के वैज्ञानिकों और इंजीनियरों की पूरी टीम को बधाई देता है।'

### एनआईआरएल में 7000 करोड़ रुपये के निवेश को मंजूरी

सरकार ने बुधवार को एनएलसी इंडिया को अपनी पूर्ण स्वामित्व वाली इकाई एनआईआरएल में 7,000 करोड़ रुपये के निवेश की अनुमति दे दी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुई आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति की बैठक में यह फैसला किया गया। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया 'आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति ने नवरत्न केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों पर लागू मौजूदा निवेश दिशानिर्देशों से एनएलसी इंडिया लिमिटेड को विशेष छूट देने को मंजूरी दे दी है।' इस रणनीतिक फैसले से एनएलसीआईएल अपनी पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी कंपनी एनएलसी इंडिया रिन्यूएबल्स लिमिटेड में 7,000 करोड़ रुपये का निवेश कर सकेगी।

### रिन्यूएबल एनर्जी को बढ़ावा देने को एनटीपीसी में 20,000 करोड़ रुपये तक के निवेश को दी मंजूरी

एनटीपीसी लिमिटेड को एनटीपीसी रिन्यूएबल एनर्जी लिमिटेड और उसके अन्य संयुक्त उद्यमों/सहायक कंपनियों में निवेश के लिए 20,000 करोड़ रुपये तक के परिव्यय के साथ रिन्यूएबल एनर्जी क्षमता स्थापित करने के लिए बिजली के बढ़े हुए आवंटन को मंजूरी दे दी है। कैबिनेट ने महारत्न सीपीएसई को विद्युत आवंटन के मौजूदा दिशानिर्देशों से एनटीपीसी लिमिटेड को विद्युत आवंटन में वृद्धि की अनुमति दी है ताकि वह अपनी सहायक कंपनी एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड में निवेश कर सके।



## एक नजर

### चौपारण में दो अलग-अलग सड़क दुर्घटना में दो घायल

**चौपारण** : प्रखण्ड के दो अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में एक बाइक व एम्बुलेंस चालक घायल हो गया। जानकारी के अनुसार प्रखण्ड के महुदी में एक अनियंत्रित टेलर गाड़ी ने मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार गम्भीर रूप से घायल हो गया। घायल चालक का पहचान इटखोरी प्रखण्ड के बघमुंडी का मुस्लिम मियां के रूप में हुई। वहीं दूसरी घटना प्रखण्ड के सियरकोनी में हुई। जहां राजस्थान से एक पार्थिव शरीर को लोड कर पश्चिम बंगाल जा रहा एक एम्बुलेंस आगे चल रहे ट्रक के चकमा देने से दुर्घटना ग्रस्त हो गया। जिससे एम्बुलेंस चालक गम्भीर रूप से घायल हो गया। घायल चालक का पहचान प्रेम राज पिता सियाराम उम्र 30 वर्ष जयपुर राजस्थान के रूप में हुई।

### मनरेगा संघ बड़कागांव के नए प्रखंड अध्यक्ष बने हिरो महतो

**बड़कागांव**: मनरेगा पूर्व प्रखंड अध्यक्ष बीपीओ अरुण कुमार की अध्यक्षता में मनरेगा संघ की बैठक की गई। बैठक में संघ का पुनर्गठन किया गया जिसमें नए प्रखंड अध्यक्ष बीपीओ हीरो महतो का सर्वसम्मति से चयन किया गया। साथ ही सचिव सहायक अभियंता ओम प्रकाश कुमार उपाध्यक्ष रोजगार सेवक सुरेंद्र कुमार, कोषाध्यक्ष रोजगार सेवक फजरूरल रहमान, उपकोषाअध्यक्ष रोजगार सेवक शंभू रविदास, संगठन मंत्री बीपीओ अरुण कुमार, उप संगठन मंत्री रोजगार सेवक महेंद्र साव, मीडिया प्रभारी रोजगार सेवक सुबोध कुमार सिंह को बनाया गया। बैठक में कनीय सीता राम दीवान, राजीव रंजन, निलेश कुमार, लेखा सहायक अजीत कुमार ,कंप्यूटर सहायक अनंत कुशवाहा, रोजगार सेवक तूफानी कुमार, पवन पांडे, संदीप कुमार, मुकेश कुमार, अशोक कुमार, पंकज कुमार, कंटेश कुमार, मिथुन कुमार, राजू कुमार, एवं सभी मनरेगा साथी उपस्थित थे। नए अध्यक्ष हीरो महतो ने सभी का आभार किया। साथ ही 8 माह से मानदेय भुगतान नहीं होने पर सरकार के प्रति असंतोष व्यक्त किया गया।वहीं 20 जुलाई को हजारीबाग में होने वाले प्रदेश स्तरीय मनरेगा संघ की सम्मेलन की जानकारी दी गई जिसे सफल बनाने के लिए सभी मनरेगा कर्मी मिलने संकल्प लिया।

### संस्कृति ज्ञान महाअभियान कार्यक्रम का हुआ शुभारंभ

**हजारीबाग** : सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, मालवीय मार्ग, हजारीबाग में बुधवार को प्रांतीय योजनानुसार विद्या भारतीअखिल भारतीय शिक्षा संस्थान के तत्वाधान में संस्कृति ज्ञान महाअभियान कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मातृ भारती की सदस्या, अभिभावक माताओं एवं प्रधानाचार्य ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन, भारत माता पूजन एवं मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया। विषय प्रवेश करते हुए विद्यालय के वरिष्ठ आचार्य मनोज कुमार पांडे ने कहा कि अपनी सभ्यता एवं संस्कृति सदियों से बहुत समृद्ध एवं विश्व के लिए अनुकरणीय रही है। दुर्भाग्य से कुछ कालखंड में विदेशी आक्रांताओं के द्वारा भारत की सभ्यता और संस्कृति को नष्ट करने का कुत्सित प्रयास किया गया। परंतु इस देश के ऋषि मुनियों एवं विद्वान जनों ने समय-समय पर अपनी महती भूमिका का निर्वहन करते हुए अपनी सभ्यता और संस्कृति को बरकरार रखने के लिए अथक प्रयास किया। आगे उन्होंने कहा कि प्रकृति ने हमें बहुत सारे अमूल्य धन प्रदान किया है। गौ माता में सभी देवताओं का वास होता है। गोमूत्र का उपयोग विभिन्न रोगों के इलाज में किया जाता है। पीपल का वृक्ष वातावरण में ऑक्सीजन की मात्रा को बढ़ाता है।

# इचाक प्रखंड के आदिवासी गांव में होगा सड़क और सामुदायिक भवन का निर्माण : उपायुक्त

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



हजारीबागः उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह ने बुधवार को इचाक प्रखंड के आदिवासी बहुल सुदूरवर्ती गांव पुरनपनियां (पंचायत - डाडीघाघर) का भ्रमण किया। यह गांव कठिन भू-भौगोलिक परिस्थितियों और वन क्षेत्र में स्थित होने के कारण वर्षों से सड़क जैसी मूलभूत सुविधाओं का आभाव रहा है। ग्रामीणों की समस्याओं से संबंधित समाचार माध्यमों से प्राप्त सूचना को संज्ञान में लेते हुए उपायुक्त ने संवेदनशीलता का परिचय दिया एवं स्वयं दुर्गम रास्तों से होते हुए गांव पहुंचकर स्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने ग्रामीणों से संवाद कर सड़क, पेयजल, शिक्षा व अन्य बुनियादी समस्याओं की जानकारी प्राप्त की। उपायुक्त ने वन क्षेत्र में सड़क निर्माण से संबंधित अड़चनों के निराकरण हेतु वन्य जीव प्रमंडल के डीएफओ सूरज कुमार के साथ चर्चा की एवं आवश्यक समन्वय बनाकर शीघ्र समाधान निकालने पर वार्ता हुई। साथ ही उन्होंने की सड़क निर्माण के लिए लेआउट को ध्यान में रखते हुए एस्टीमेट बनाने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने कहा ग्रामीणों के लिए एक सामुदायिक भवन का भी निर्माण कराया जाएगा। इस दौरान उपायुक्त ने गांव के मुखिया और ग्रामीणों से वार्ता कर उन्हें सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाने को लेकर विशेष शिविर का आयोजन की बात कही। उन्होंने कहा कि जिले के अंतिम व्यक्ति तक सरकार की योजनाओं का लाभ पहुँचाना और उनकी समस्याओं का समाधान सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उपायुक्त ने इचाक प्रखंड के विभिन्न योजनाओं, आंगनबाड़ी केंद्र, विद्यालय, जन वितरण प्रणाली दुकान,अबुआ आवास का किया निरीक्षण।

### इचाक में मिड डे मील, राशन वितरण और अबुआ आवास पर उपायुक्त की सख्ती

**इचाक** : उपायुक्त ने इचाक प्रखंड के भ्रमण के दौरान जन वितरण प्रणाली की दुकानों, अबुआ आवास,आंगनवाड़ी केंद्रों एवं विद्यालयों में उपलब्ध मिड डे मील की गुणवत्ता एवं बच्चों की उपस्थिति की भी समीक्षा की। उन्होंने विद्यालय में संधारित शिशु पंजी,मिड डे मील का रजिस्टर का आदि की जांच की। संथाली बहुल क्षेत्र होने की वजह से प्रधानाध्यापक को हिंदी से संथाली भाषा रूपांतरण की किताब विद्यालय में रखने का निर्देश दिया। उन्होंने विधालय में बिजली की वैकल्पिक व्यवस्था के रूप में 24 घंटे के अंदर इनवर्टर लगाने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि बच्चों के पोषण और शिक्षा में किसी प्रकार की कोताही न हो। मौके पर उपायुक्त ने अध्ययनरत बच्चों से संवाद भी किया। उपायुक्त ने जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र निर्गतीकरण में गति लाने के लिए जिला समन्वयक पंचायती राज को जिला स्तर पर पंचायत सचिवों को व्यापक प्रशिक्षण देने का निर्देश दिया। अबुआ आवास योजना के निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने आवास की द्वितीय किश्त की राशि के भुगतान करने तथा आवास के जियो टैगिंग पर गंभीरता से कार्य करने का निर्देश दिया।

# ओबीसी सलाहकार परिषद की बैठक में शामिल हुई पूर्व विधायक अंबा प्रसाद

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**हजारीबाग** : कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया के आमंत्रण पर बेंगलुरु में अयोजित ओबीसी सलाहकार परिषद की बैठक में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की राष्ट्रीय सचिव पश्चिम बंगाल की सह प्रभारी पूर्व विधायक अंबा प्रसाद भी शामिल हुई। उनके अलावा झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश एवं विधायक दल के नेता प्रदीप यादव भी शामिल हुए। पूर्व विधायक अंबा प्रसाद बेंगलुरु पहुंचे, जहां हवाई अड्डे पर कर्नाटक प्रदेश कांग्रेस के पदाधिकारियों के द्वारा परंपरागत तरीके से भव्य स्वागत किया गया। विदित हो कि अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ने अपने शीर्ष नेताओं को लेकर एक ओबीसी समिति गठित की है।ओबीसी वर्ग से जुड़े डेटा इकट्ठा करने और उनके अहम मुद्दों को प्रभावी ढंग से उठाने की जिम्मेदारी इन्हीं नेताओं को दी गई है। ओबीसी संगठनों और विशेषज्ञों के दावों के अनुसार, देश की आबादी में करीब 55 से 60 फीसदी मतदाता ओबीसी वर्ग से आते हैं। देशभर में लगभग 96 जातियां ओबीसी श्रेणी में आती हैं। ऐसे में सरकार बनाने में ओबीसी वोटर्स की भूमिका किसी भी दल के लिए निर्णायक मानी जाती है। इस अवसर पर अंबा प्रसाद में प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए कहा कि ओबीसी समुदाय से आने वाले नेताओं को जमीनी स्तर से लेकर प्रदेश नेतृत्व में बड़ी जिम्मेदारी देना अति आवश्यक है। उन्होंने कहा कि वो लगातार जातिगत जनगणना की पुरजोर वकालत कर रही है ये भी उसी रणनीति का हिस्सा है। हक और हिस्सेदारी की बात करके वो लगातार अपना एजेंडा सेट कर रही है।

# बैंक से पैसे निकालकर लौट रही महिला से दिनदहाड़े लूट

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**चौपारण** : प्रखंड के महाराजगंज चौक पर सोमवार को एक महिला का पैसों से भरा बैग दिनदहाड़े चोरी हो गया। घटना के बाद क्षेत्र में सनसनी फैल गई। पीड़िता बबिता देवी, पति अरुण प्रसाद, ग्राम बृंदावन ने चौपारण थाना में आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है। पीड़िता के अनुसार, उन्होंने मिनी बैंक से 12,500 और बैंक ऑफ इंडिया, चौपारण से 30,000 की निकासी की थी। उसके बाद बैंक के गेट के बाहर पैसे गिनकर रकम अपने बैग में रखी और पति के साथ मायके शहरजाम जाने के लिए निकलीं। रास्ते में महाराजगंज चौक चयकला मोड़ के पास पति अरुण प्रसाद ने बबिता देवी को उतार कर चयकला से एक रिलेटिव के यहां सामान पहुंचाकर आने की बात कही। इसी दौरान बबिता देवी चौक के समीप एक नीम के पेड़ के नीचे बैग रखकर खड़ी थीं। तभी उनकी नजर हटते ही बैग गायब हो गया। बैग में 43,000 रु नगद, दो मोबाइल फोन और अन्य सामान रखा था। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी अनुपम प्रकाश मौके पर पहुंचे और तुरंत जांच शुरू की। सीसीटीवी को भी खंगालने में जुटी है पुलिस। स्थानीय लोगों की माने तो बाइक पर दो लोग सवार थे। एक युवक बाइक से उतरा और मौका देखकर बैग लेकर तेजी से फरार हो गया। पीड़िता के पति ने आशंका जताई है कि बैंक के बाहर भी कुछ लोग उन्हें गौर से देख रहे थे। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। थाना प्रभारी अनुपम प्रकाश ने बताया कि मामला दर्ज कर लिया गया है और शीघ्र ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# बारिश के कहर से ढहा गरीब का आशियाना, परिजन हुए बेघर



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**इटखोरी** : इटखोरी प्रखंड में लगातार हो रही बारिश ने ग्रामीणों की जिंदगी पर कहर ढा दिया है। कई कच्चे मकान ढह चुके हैं, जिससे लोग बेघर होकर तिरपाल के सहारे जैसे-तैसे दिन गुजारने को विवश हैं। स्थिति यह हो गई है कि ग्रामीणों के मन में अब यह संशय है कि आखिर किसकी शरण में जाएं और कहां से मदद मिले। लोगों ने जानकारी देते हुए बताया कि क्षेत्र में लगातार बारिश के कारण ग्रामीणों की परेशानी दिन-ब-दिन बढ़ती जा रही है। खासकर जिनके घर मिट्टी के बने हुए थे, वे अब पूरी तरह से गिर चुके हैं। मलकपुर पंचायत के पकरिया गांव निवासी पूजा देवी पति सरयू भुईयां का कच्चा मकान पूरी तरह से गिर गया है, जिससे वे अब तिरपाल के नीचे रहने को मजबूर हैं। स्थानीय ग्रामीणों ने सरकार एवं आपदा प्रबंधन विभाग से मांग की है कि स्थिति का त्वरित संज्ञान लेते हुए प्रभावित परिवारों को राहत पहुंचाई जाए।

# बड़कागांव में आत्मा व बिरसा योजना के तहत मुफ्त बीज, किसानों में उत्साह

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बड़कागांव** : बड़कागांव प्रखंड के किसानों को सशक्त बनाने के लिए प्रखंड मुख्यालय में कृषि विभाग के द्वारा निशुल्क बीज वितरण किया जा रहा है। इसमें कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन अधिकरण (आत्मा) खरीफ फसल हेतु दलहन अंतर्गत राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा पोषण मिशन के तहत उरद 445 किसानों को, प्रति यूनिट 4 किलोग्राम मिनी किट प्रत्यक्षण हेतु वितरण होना है। इसके अलावा अरहरर 285 किसानों को दिया जाएगा। आत्मा के अंतर्गत किसानों के लिए 2025 में 1780 किलोग्राम उरद ,1140 किलोग्राम अरहर ,350 किलोग्राम मडुवा एवं 500 किलोग्राम मूंगफली बीज किसानों के बीच वितरण हेतु उपलब्ध कराया गया है। इस संबंध में प्रखंड तकनीकी प्रबंधक श्याम कृष्ण देव ने बताया कि बीच वितरण लगभग अब समाप्ति की ओर है। वहीं दूसरी ओर बिरसा फसल विस्तार योजना प्रत्यक्षण के लिए किसानों को शत प्रतिशत अनुदान पर बीज वितरण किया जा रहा है ,जिसमें 12 हेक्टेयर में 900 किलोग्राम मूंगफली, उड़द 320 किलोग्राम मक्का 34 हेक्टेयर के लिए 680 किलोग्राम बीज वितरण होना है। कृषि पदाधिकारी पंकज कुमार ने बताया कि किसानों को सशक्त बनाने के लिए यह निशुल्क बीज वितरण योजना चलाई जा रही है। किसानों के द्वारा खेतों में लगाई जा रही बीज का भी निरीक्षण किया जा रहा है ताकि कृषि संबंधित जानकारी के अभाव में किसानों को किसी प्रकार कोई परेशानी नहीं हो।कृषि पदाधिकारी पंकज कुमार ने बताया कि प्रधान मंत्री कुसुम योजना के तहत सिंचाई हेतु सोलर पंप सेट के लिए योग्य किसान ऑनलाइन पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन (रजिस्ट्रेशन) करा सकते हैं। 6 दिन पूर्व पोर्टल खुला था।

# हजारीबाग के लोगों को बड़े शहरों जैसी सुपर स्पेशलिटी चिकित्सा सुविधाएं कराना हमारा संकल्प है : हर्ष अजमेरा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**हजारीबाग** : एचजेडबी आरोग्यम सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल के परिसर में बुधवार को एक दिवसीय निःशुल्क कार्डियोलॉजी शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य हजारीबाग और आसपास के क्षेत्रों के हृदय रोगियों को विशेषज्ञ सेवाएं उपलब्ध कराना और हृदय संबंधी समस्याओं के प्रति जागरूकता फैलाना था। शिविर में प्रख्यात हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. अमन सिन्हा ने मरीजों की जांच की और उन्हें उचित परामर्श प्रदान किया। डॉ. सिन्हा ने कहा की हजारीबाग में मरीजों की सेवा कर बहुत अच्छा अनुभव हुआ। यहां के लोग स्वास्थ्य के प्रति जागरूक हैं सुबह 10 बजे से करीब देर दोपहर तक चले इस शिविर में दर्जनों मरीजों ने भाग लिया। चिकित्सा के सहयोगी के रूप में रुकसाना, शांति, यास्मिन, पुष्पा, काजल, ललिता मरांडी और विशाल में सहयोगी के रूप में कार्य किया मरीजों के परिजनों ने भी इस पहल की सराहना की और कहा कि हजारीबाग में इस तरह की सुपर स्पेशलिटी सुविधा का होना हम सभी के लिए बहुत लाभकारी है। शिविर में मरीजों को मुफ्त ओपीडी कंसल्टेशन, ईसीजी टेस्ट और ब्लड शुगर टेस्ट जैसी सेवाएं प्रदान की गईं। इसके अलावा उन्हें हृदय संबंधी बीमारियों की रोकथाम के उपायों और जीवनशैली में सुधार के बारे में भी जागरूक किया गया। अस्पताल के निर्देशक हर्ष अजमेरा ने कहा की एचजेडबी आरोग्यम सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल का मुख्य उद्देश्य हजारीबाग के लोगों को बड़े शहरों जैसी अत्याधुनिक चिकित्सा सेवाएं यहीं पर उपलब्ध कराना है। यह शिविर हमारी उस सोच का एक हिस्सा है। हम लगातार ऐसे आयोजन करते रहेंगे ताकि लोगों को समय पर विशेषज्ञ परामर्श और इलाज मिल सके। इस शिविर के सफल आयोजन में अस्पताल के प्रबंधक एवं मार्केटिंग टीम के सदस्यों मनीष जी, राकीब जी, एहसान की महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। एचजेडबी आरोग्यम प्रबंधन ने यह भी बताया कि भविष्य में हृदय रोगों के साथ-साथ अन्य चिकित्सा क्षेत्रों के विशेषज्ञों के माध्यम से भी निःशुल्क शिविर लगाए जाएंगे।

## संक्षिप्त खबरें

### केरेडारी में हाथियों का आतंक, मुखिया ने लिया जायजा



**केरेडारी** : वन क्षेत्र अंतर्गत केरेडारी प्रखंड के कराली पंचायत के घुटु टोला में सोमवार की मध्य रात्रि जंगली हाथियों के झुंड ने एक किसान लखन रजक के मकान एवं बगल में खड़ी ट्रैक्टर को भी निशाना बनाया वही वंसी रजक के मकान को क्षतिग्रस्त किया, एवं जगन्नाथ महतो डोमन रजक शिवनाथ महतो बालेश्वर महतो अनार देवी भवानी महतो हुलास महतो किसानों के खेत में लगे फसल को नष्ट किया, प्रमुख सुनीता देवी उप प्रमुख अमेरिका महतो कराली पंचायत समिति सदस्य सुरेश भुईया समाजसेवी प्रेम रंजन पासवान से मुलाकात कर हाल-चाल जाना, वही प्रमुख सुनीता देवी ने डीएफओ मौन प्रकाश कराली पंचायत के पंचायत सचिन से बात कर नुकसान हुए किसानों को मुआवजा, लाइट लगाने की बात की। डीएफओ मोन प्रकाश ने कहां की टीम भेज कर सर्वे करवा कर मुआवजा एवं लाइट लगाने की प्रक्रिया जल्द किया जाएगा। हाथियों के द्वारा फोटो में हेमराज महतो की 8 ङ्गधान कि बिहन को रोंडते हुए चले गए इसी बीच कई ऐसी किसानों को मकई धन मिर्च टमाटर को रोंदते हुए दुसरा गांव निकल गाया ग्राम घूटु के किसानों ने कराली पंचायत के मुखिया से नर्म निवेदन किया कि मुझे इस छाती को भरपाई करवाने में मदद करें जो मैं अपना जीवन ओपन करो यही मेरा जीवन अपन करने की स्रोत है।

### 70 वर्षीय बुद्धू बिरहोर उर्फ मल्हार बिरहोर पेंशन से वंचित



**बड़कागांव** : बड़कागांव कांडतरी पंचायत अंतर्गत सतबहिया बिरहोर कॉलोनी निवासी 70 वर्षीय बुद्धू बिरहोर उर्फ मल्हार बिरहोर वृद्धा पेंशन से वंचित है। समाचार संकलन करने के दौरान खुद मल्हार बिरहोर ने पत्रकारों को जानकारी दी है। जबकि बिरहोर जाति के परिवार के लिए विशेष पेंशन योजना सरकार के द्वारा चलाई जा रही है जिसका नाम मुख्यमंत्री राज्य आदिम जनजाति पेंशन योजना है। इसके अंतर्गत 18 वर्ष से ऊपर बिरहोर परिवारों को पेंशन देने का प्रावधान है। बिरहोर लोगों को पेंशन नहीं मिलने के कारण कई परेशानियों से जूझना पड़ता है। शासन को इस ओर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। बताते चलें कि विलुप्त हो रहा बिरहोर जातियों को बचाने के लिए झारखंड सरकार की ओर से कई प्रकार की विशेष योजनाएं चलाई जा रही हैं। जिसका सीधा लाभ बिरहोरों के परिवार को पहुंचना है। इसकी सभी जिम्मेवारी जिला एवं स्थानीय प्रशासन को जाता है। उक्त मामले को लेकर प्रखंड विकास पदाधिकारी जितेंद्र कुमार मंडल से पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि मल्हार बिरहोर का आधार नंबर चेक करने के बाद ही पेंशन से संबंधित कुछ बताया जा सकता है। आदिम जनजाति के परिवारों के 18 वर्ष से ऊपर महिला को पेंशन देने का प्रावधान है।

### सैकड़ों गांवों को जोड़ने वाला पुल पानी में डूबा



**चतरा** : प्रखंड क्षेत्र के कदगावा कला पंचायत में स्थित लेदिया नदी नरचाही घाट के पास बना पुल से नदी का पानी तीन फिट ऊपर बह रहा है। सड़क को फिलहाल बंद है। पानी की धार कम होने तक। ग्रामीण कई वर्षों से पुल को ऊंचा बनाने की मांग कर रहे हैं, लेकिन कोई समाधान नहीं हुआ। यहां पुल पर पानी होने के कारण किसी प्रकार का आवागमन नहीं हो सकता है। दो गांव के बीच आने वाला यह पुल पानी में डूबने के कारण 1300 ग्रामीणों को परेशानी उठानी पड़ी। बीमार लोग अस्पताल नहीं जा पाए वहीं बच्चे स्कूल नहीं पहुंच सके। मंगलवार को पुल से पानी कम होने पर यहां आवागमन शुरू हो सका। कई ऐसे गांव हैं, जहां बारिश के समय आवागमन बड़ा कठिन हो जाता है। पुल छोटे होने के चलते जरा सी बारिश में वह डूब जाते हैं और एक स्थान से दूसरे स्थान पहुंचने के लिए काफी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। गांव के लोगों का जिस मार्ग से आवागमन होता है। उस मार्ग में एक पुल पड़ता है जिसकी ऊंचाई बहुत कम है और बारिश के दिनों में यह अधिकांश दिन डूबा रहता है। समाजसेवी सह सेवानिवृत शिक्षक आदित्य सिंह ने मीडिया से बातचीत के दौरान कहा गांव के बीच एक छोटा पूल पड़ता है जो काफी नीचा है और बारिश के समय अधिकांश दिन डूबा रहता है। थोड़ी सी बारिश में पुल डूब जाता है और आवागमन बाधित होने लगता है। स्थानीय मुखिया अशोक भुइयां ने कहा कई वर्षों से पुल को ऊंचा बनाने की मांग कर रहे हैं, लेकिन सुनवाई नहीं हो रही।

### सांसद खेल महोत्सव-2025: गिद्दी-ए मैदान से नमो फुटबॉल टूर्नामेंट का हुआ शुभारंभ



**हजारीबाग** : लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल ने क्षेत्र में खेल क्रांति लाने के उद्देश्य से लगाता दूसरे वर्ष सांसद खेल महोत्सव-2025 के तहत नमो फुटबॉल टूर्नामेंट नमो फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन पूरे लोकसभा क्षेत्र के हरेक विधानसभा के सभी 22 प्रखंडों में कराने का संकल्प लिया है। इसकी विधिवत शुरूआत उन्होंने मंगलवार को रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र के गोला प्रखंड से किया। नमो फुटबॉल टूर्नामेंट के दूसरे टूर्नामेंट का भव्य आगाज बुधवार को मांडू विधानसभा क्षेत्र के डाडी प्रखंड स्थित गिद्दी-ए फुटबॉल मैदान से बतौर मुख्य अतिथि खुद सांसद मनीष जायसवाल और विशिष्ट अतिथि के रूप में मांडू विधायक निर्मल महतो उर्फ.तिवारी महतो, हजारीबाग जिले के भाजपा जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह, सीसीएल अरगढ़ा क्षेत्र के महाप्रबंधक एस.के.झा, हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद प्रतिनिधि सत्येंद्र नारायण सिंह, मांडू विधानसभा क्षेत्र के सांसद प्रतिनिधि द्वारिका सिंह उर्फ.खोखा सिंह, डाडी जिप सदस्य सर्वेश सिंह, डाडी प्रखंड उपप्रमुख सुमन देवी, मांडू भाजपा मंडल अध्यक्ष तोकेश सिंह, पूर्व मंडल अध्यक्ष वकील महतो, मांडू विधानसभा क्षेत्र के सह-सांसद प्रतिनिधि पुरुषोत्तम पांडेय, किशोरी राणा सहित अन्य गणमान्य लोगों ने संयुक्त रूप से मशाल जलाकर, खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर और फुटबॉल में किक मारकर किया।

# वोकेशनल के शिक्षकों और कर्मचारियों की समस्या को गंभीरता से नहीं लेते हैं अधिकारी : डॉ अटल पाण्डेय

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची :** वोकेशनल टीचर एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष डॉ अटल पाण्डेय के नेतृत्व में झारखंड के राज्यपाल संतोष गंगवार जी से मुलाकात कर 7 सूत्री मांगपत्र सौंपा। डॉ अटल पाण्डेय ने राज्यपाल से कहा की वोकेशनल सहित अन्य शिक्षा व्यवस्था का हाल बहुत बुरा है। वोकेशनल के अधिकतर विभाग अतिथि शिक्षकों के भरोसे चल रहा है, परंतु उन्हें सम्मानजनक राशि नहीं मिल रही है। वोकेशनल के प्रतिनिधि विश्वविद्यालय में नहीं होने से उनकी समस्या को गंभीरता से नहीं लिया जाता। वोकेशनल विषयों के शिक्षकों और कर्मचारियों के समायोजन पर राजभवन और सरकार को विचार कर, उचित निर्णय लेना चाहिए। आगे उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय और महाविद्यालयों में प्राध्यापकों, कर्मचारियों की नियुक्ति नहीं होना, जो प्राध्यापक कार्य कर रहें हैं उनको समय पर प्रोन्नति नहीं मिलना , पूरे राज्य के लिए शर्मनाक है। शिक्षा जगत में आज सेशन लेट होना, प्राध्यापकों के अभाव के कारण गुणवत्ता युक्त शिक्षा छात्रों को नहीं मिल पाना, मूलभूत सुविधाओं का अभाव चर्चा का विषय बना हुआ है। अवधेश ठाकुर ने विभिन्न मांगों को राज्यपाल के समक्ष उठाया - 1. झारखंड के विश्वविद्यालय में शिक्षकों की नियुक्ति जल्द हो । 2. वोकेशनल गेस्ट शिक्षकों की मासिक वेतन विश्वविद्यालय द्वारा फिक्स किया जाए। 3. डिपार्टमेंट द्वारा रिसर्च स्कॉलर की मदद की जाए जिससे कि रिसर्च करने में विद्यार्थियों को समस्या उत्पन्न नहीं हो 3. सीनेट और सिंडिकेट तथा एकेडमिक या कोर कमेटी में वोकेशनल शिक्षक एक या दो सदस्य को रखा जाए। 4. राज्य में वर्षों से लंबित प्राध्यापक के प्रमोशन पर जल्द निर्णय लिया जाए ।5. लगभग 6 वर्षों से छात्र संघ चुनाव नहीं हुआ है, विश्वविद्यालय द्वारा छात्र संघ चुनाव की घोषणा हो । 6. रांची विश्वविद्यालय में पीएचडी एंट्रेंस के नाम पर फार्म जमा किया गया था, एंट्रेंस एग्जाम की तिथि जल्द विश्वविद्यालय द्वारा घोषणा हो। 7. इंटरमीडिएट शिक्षकों और कर्मचारियों का समायोजन विश्वविद्यालय और सरकार में वातार्लाप करके किया जाए। उपरोक्त मांगों को राज्यपाल महोदय ने गम्भीरता से सुना और कहा कि आपकी सभी समस्याओं पर कुलपतियों की बैठक में विचार किया जाएगा। अतिथि शिक्षकों को सम्मानजनक फिक्स वेतन देने की बात भी कही। प्रतिनिधिमंडल में डॉ प्रशांत सौरभ और अभिषेक बनर्जी भी शामिल थे।

## रिम्स टू बनेगा एशिया का सबसे बड़ा हॉस्पिटल : इरफान अंसारी



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी ने कहा कि रांची में बनने वाला रिम्स टू अस्पताल, अमृता इंस्टिट्यूट की तर्ज पर एशिया का सबसे बड़ा सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल बनेगा। स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी फरीदाबाद स्थित अमृता इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज का दौरा कर झारखंड लौटने के बाद रांची में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि इस अस्पताल के बनने से झारखंड की जनता को देश की सबसे बेहतरीन स्वास्थ्य सुविधाएं मिलेंगी। यह परियोजना न सिर्फ झारखंड बल्कि पूरे देश की स्वास्थ्य संरचना को एक नई दिशा देगी। उन्होंने कहा कि रिम्स टू के निर्माण कार्य को लेकर जल्द ही विस्तृत रूपरेखा जारी की जाएगी। अमृता इंस्टिट्यूट का दौरा करने के दौरान मंत्री के साथ स्वास्थ्य सचिव अजय कुमार सिंह और सचिव अरवा राजकमल भी मौजूद थे।

## रैपिडो की नई सौगात : रांची एयरपोर्ट से सस्ती पिक-अप और ड्रॉप सेवा शुरू

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची :** भारत के सबसे बड़े राइड-शेयरिंग प्लेटफॉर्म, रैपिडो ने बिरसा मुंडा एयरपोर्ट, रांची से सस्ती एयरपोर्ट पिक-अप और ड्रॉप सेवा शुरू की है। इस पहल का मकसद शहर में आने-जाने की सुविधा को बेहतर बनाना है, ताकि लोग आसान, जल्द और कम खर्च में यात्रा कर सकें। इसकी शुरूआत करते हुए रैपिडो ने एयरपोर्ट पर एक कैब बुकिंग काउंटर भी लगाया है, जहां लोग तुरंत कैब बुक कर सकते हैं। इस उद्घाटन कार्यक्रम में कई अधिकारी शामिल हुए, जिनमें आर.आर. मौर्य (डायरेक्टर जनरल, एएआई रांची), मनोज प्रसाद सिंह (डीजीएम, रांची एयरपोर्ट), शुहावन लकरा (टर्मिनल हेड, एएआई) और रैपिडो के प्रतिनिधि मौजूद थे। रैपिडो ने अब अपनी सेवाओं को बढ़ाते हुए रांची और जमशेदपुर के बीच इंटरसिटी कैब सेवा भी शुरू की है, जिससे यात्रियों को और भी यात्रा विकल्प मिल सकेंगे। प्लेटफॉर्म की योजना है कि ये सेवाएं पूरे झारखंड में फैलाई जाएं। साथ ही, रैपिडो पिंक ऑटो जैसी योजनाएं भी शुरू करने जा रही है, जिसका मकसद महिलाओं की सुरक्षा बढ़ाना और सरकारी सहयोग से रोजगार के नए अवसर पैदा करना है।रैपिडो के को-फाउंडर पवन गुन्टुपल्ली ने बताया कि, हम बिरसा मुंडा एयरपोर्ट, रांची तक रैपिडो की सस्ती यात्रा सेवा शुरू करके बहुत खुश हैं। हमारी लोएस्ट प्राइस गारंटी और 24x7 उपलब्धता के साथ अब यात्री बिना किसी परेशानी के कम दाम में एयरपोर्ट से आ - जा सकते हैं। इस शुरूआत से रांची में हमारे कैप्टन समुदाय को भी फायदा होगा, जिससे उन्हें कमाई के नए मौके मिलेंगे और हमारा लोकल नेटवर्क और मजबूत होगा। आर.आर. मौर्य, डायरेक्टर जनरल, एएआई रांची ने कहा कि, बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर रैपिडो की सेवा की शुरूआत रांची के लिए एक अच्छी पहल है।

## हजार रुपये में नहीं भर रहा झोला सब्जियों के बढ़े दाम से जनता परेशान

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची :** झारखंड में लगातार बारिश हो रही है। जिसने किसानों की उम्मीदों पर पानी फेर दिया है। वहीं आम लोगों की रसोई पर इसका असर पड़ा है। सभी सब्जियों के दाम आसमान छू रहे हैं। लोगों की बजट पर बुरा प्रभाव डाला है। पॉकेट खाली कर दिया है। लोग गिने चुने ही सब्जियां खरीदकर घर ले जा रहे है। सब्जी विक्रेताओं ने बताया कि रांची में पिछले एक महीने से बारिश हो रही है। खेती करने का समय नही दिया है। खेत में लगी फसल बंधा गोभी, हरी मिर्ची, फूल गोभी लगी हुई थी। जिससे खेतों में पानी भर गया है, फसलें बर्बाद हो गई हैं। अधिकांश सब्जियां बिहार से पहुंच रही है। जिसके कारण सब्जियों के दामों में काफी इजाफा हुआ है।

**महज 1000 रुपये में सिर्फ नाम की सब्जी**

सब्जी विक्रेता ने बताया कि अब एक हजार रुपए में भी झोला नहीं भर रहा है। बाजार में इस समय बोदी 80 रुपए किलो, गाजर 40, बैंगन 60, कद्दू 30, भिंडी 40, नेनुआ 50, टमाटर 40, खीरा 30, झिंगी 50, फरसबीन 160 और शिमला मिर्च 120 रुपए प्रति किलो बिक रही है। मूली और प्याज तो 20 रुपए किलो हैं, लेकिन अदरक 80 और हरी मिर्च 120 रुपए किलो तक पहुंच गई है। इतना ही नहीं, फूलगोभी 100, बंधा गोभी 60, खेखसा 80, जोकि और संधना 100-120 रुपए किलो में बिक रही हैं। बास 120 रुपए किलो है और धनिया पत्ता तो 100 ग्राम के लिए 30 रुपए वसूले जा रहे हैं।

## एक दर्जन आईएएस अधिकारियों को मिली लंबी ट्रेनिंग पर जाने से मुक्ति

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** राज्य के एक दर्जन आईएएस अधिकारियों को लंबी ट्रेनिंग पर जाने से मुक्ति मिल गयी है। मुख्यमंत्री ने विभागीय मंत्री के रूप में इन आईएएस अधिकारियों को फिलहाल ट्रेनिंग पर जाने की अनुमति नहीं दी। केंद्र सरकार ने मिड टर्म कैरियर प्रोग्राम-फेज थ्री के तहत इन आईएएस अधिकारियों को लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी मंसूरी में ट्रेनिंग पर जाने का शिड्युल दिया था। इस शिड्युल के तहत इन आईएएस अधिकारियों को 21 जुलाई से 16 अगस्त तक ट्रेनिंग पर जाना था। लेकिन काम-काज प्रभावित होने को लेकर ट्रेनिंग पर जाने की अनुमति नहीं दी। जिन आईएएस अधिकारियों को मिड टर्म कैरियर प्रोग्राम के तहत ट्रेनिंग पर जाना था, उनमें 2012 बैच के आईएएस अधिकारी संदीप सिंह, 2013 बैच के आईएएस शशि रंजन, 2014 बैच के शशिरंजन, फैज अंक अहमद, कुलदीप चौधरी, नैंसी सहाय, सुशांत गौरव, हिमांशु मोहन, मेघा भारद्वाज, लोकेश मिश्रा व अन्य शामिल हैं। सूत्रों का कहना है कि एक साथ एक दर्जन आईएएस अधिकारियों के एक महीने के ट्रेनिंग पर चले जाने से विकास और सरकार के काम बुरी तरह प्रभावित हो सकते थे। इसलिए सरकार ने ट्रेनिंग पर जाने की अनुमति नहीं दी।

## मांगों को लेकर 100 दिनों से दे रहे धरना सरकार नही सुनी तो करेंगे आत्मदाह : मोर्चा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची :** झारखंड अंगीभूत महाविद्यालय अनुबंध शिक्षकेत्तर कर्मचारी मोर्चा का बुधवार को राजभवन के समक्ष धरना प्रदर्शन 100 वें दिन भी जारी रहा। मौके पर मोर्चा के जय मसीह तिग्गा ने कहा कि बगल में ही राज्यपाल, रांची यूनिवर्सिटी के कुलपति सहित अन्य गणमान्य मौजूद हैं, लेकिन किसी का ध्यान हमारी समस्या की ओर नहीं जा रहा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की ओर से सत्ता में आने से पहले आदिवासी मूलवासियों को सम्मान दिलाने की बातें कही गई थी। लेकिन अब यहां के खतियान धारकों को बेरोजगार बना दिया गया है कि हमें विवश होकर फुटपाथ पर बैठना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि शिक्षकेत्तर कर्मियों पर हेमंत सरकार का कोई ध्यान नहीं है। मौके पर मोर्चा के संयोजक रवि कुमार ने कहा कि 100 दिन से अधिक दिन हो चुके हैं,लेकिन इस दौरान न ही विश्वविद्यालय, राजभवन या राज्य सरकार किसी ने हमारी सुधी नहीं ली। उन्होंने कहा कि सभी कर्मियों के समक्ष भुखमरी की स्थिति है। विश्वविद्यालय कर्मियों की ओर से लगातार बातें रखी जा रही हैं, लेकिन सिर्फ गोल-मटोल जवाब दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि नया एजुकेशन पॉलिसी के तहत हमें नौकरी से निकालने की बातें कही गई। हमें कहा जाता है कि इंटरमीडिएट का काम करते थे। लेकिन अब इंटरमीडिएट की पढ़ाई समाप्त हो गई तो आप स्वयं नौकरी छोड़ दें। मौके पर मनीष गोप ने कहा कि बीते 23 मार्च से हम सभी काम पर नहीं नहीं जा रहे हैं। इसके बाद से हम सभी धरना देने को विवश हुये हैं। हमें वापस नौकरी पर रखने का आश्वासन दिया जा है, लेकिन ताल-मटोल किया जा रहा है। नौकरी से निकालने के बाद हम सभी ने बूट पॉलिश से लेकर पकौड़े तलने तक का काम किया। बावजूद इसके सरकार का हमारी तरफ कोई ध्यान नहीं है। अब लगता है की हम सभी को विवश होकर आत्मदाह करना होगा।इ मौके पर सुनीता कुमारी, मनीष, जोसेफ आइंद सहित राज्यभर से आए दर्जनों शिक्षकेत्तर कर्मचारी मौजूद थे।

## एक नजर

### झारखंड के छह जिलों में 17 को भारी बारिश की संभावना

**रांची :** झारखंड के 6 जिलों में गुरुवार को भारी बारिश होने की संभावना है। यह जानकारी मौसम विभाग ने बुधवार को दी है। विभाग के अनुसार राज्य के जिन जिलों में भारी बारिश हो सकती है उनमें पलामू, गढ़वा, कोडरमा, लोहरदगा और कोडरमा और चतरा शामिल है। इन जिलों में कहीं-कहीं आकाशीय बिजली गिरने की भी आशंका है। इसे लेकर विभाग ने येलो अलर्ट जारी किया है। वहीं पिछले 24 घण्टों के दौरान राज्य में सबसे अधिक बारिश साहिबगंज जिले के राजमहल में 187.2 मिमी बारिश रिकार्ड की गई। वहीं इस दौरान रांची में नौ मिमी बारिश रिकॉर्ड की गई। इधर, बुधवार को रांची और आसपास के इलाकों में सुबह से ही हल्के दर्ज की बारिश दर्ज की गई। साथ ही दिनभर बादल छाए रहे और बारिश होती रही। बुधवार को रांची में अधिकतम तापमान 29.2 डिग्री, जमशेदपुर में 31.5, डालटेनगंज में 28.6, बोकारो में 28.2 और चाईबासा में अधिकतम तापमान 32 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

### हाईकोर्ट के नए मुख्य न्यायाधीश तरलोक सिंह 23 को लेंगे शपथ

**रांची :** झारखंड के नए मुख्य न्यायधीश तरलोक सिंह 23 जुलाई को सुबह 10 बजे शपथ लेंगे। हाईकोर्ट की ओर से राजभवन को भेजी गयी जानकारी के बाद शपथ ग्रहण समारोह की तैयारियां शुरू हो गयी हैं। बता दें कि सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश की अनुशंसा पर राष्ट्रपति ने हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट के न्यायाधीश तरलोक सिंह को झारखंड हाईकोर्ट का मुख्य न्यायाधीश नियुक्त किया है। इस संबंध में केंद्र सरकार ने 14 जुलाई को गजट अधिसूचना जारी कर दी थी। अधिसूचना में साफ कहा गया है कि तरलोक सिंह की नियुक्ति उसी दिन से प्रभावी मानी जाएगी, जिस दिन वह पदभार ग्रहण करेंगे।

### झारखंड को तबाह कर अब दूसरे राज्यों में झांक रहा है झामुमो : अजय शाह

**रांची :** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता अजय साह ने कहा कि झारखंड को तबाह कर झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) अब दूसरे राज्यों में झांक रहा है। साह बुधवार को झामुमो की प्रेस वार्ता पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए उसे गिद्ध राजनीति का जघन्य उदाहरण करार दिया है। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता अजय साह ने कहा कि झामुमो अब अपनी नैतिकता और संवेदनशीलता दोनों खो चुका है और चुनिंदा घटनाओं पर शर्मनाक ढंग से सियासी रोटियां सेंकने में जुट गया है। झामुमो अब घिनौनी सेलेक्टिव पॉलिटिक्स पर उतर चुका है। पार्टी की आंखें और जुबान तब बंद रहती हैं, जब अपराधी उनके गठबंधन से होते हैं, लेकिन जैसे ही भाजपा शासित राज्य में कोई दुर्भाग्यपूर्ण घटना घटती है, वे मौके पर राजनीति करने आ धमकते हैं। उन्होंने याद दिलाया कि कोलकाता के आर.जे. कर मेडिकल कॉलेज में जब छात्रा से दुष्कर्म की घटना के बाद लोग आंदोलित थे, तब झामुमो की पूरी लीडरशिप चुप थी। कोलकाता लॉ कॉलेज में इंडी गठबंधन के छात्र नेता पर गैंगरेप का गंभीर आरोप लगा, तब भी झामुमो ने एक शब्द नहीं बोला। उन्होंने ने कहा कि क्या झामुमो के लिए अपराध की गंभीरता अपराधी की पार्टी पहचान देखकर तय होती है? साह ने कहा कि जो पार्टी झारखंड को बर्बाद कर चुकी है, वह अब उन राज्यों की घटनाओं पर सियासत करने में लगी है। जहां उसकी कोई जवाबदेही नहीं है। उन्होंने कहा कि पलामू के शेल्टर होम में नाबालिग लड़की ने खुलेआम आरोप लगाया कि एक अधिकारी उसे खुश करने का दबाव बना रहा था, लेकिन पूरा सरकारी तंत्र उस अधिकारी को बचाने में जुट गया।

## संक्षिप्त खबरें

### भाजपा शासित राज्यों में महिलाओं के खिलाफ बढ़ा अत्याचार : सुप्रियो



**रांची :** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) की केंद्रीय महासचिव सह प्रवक्ता सुप्रिया भट्टाचार्य ने कहा कि 2014 के बाद भाजपा-शासित राज्यों में महिलाओं के खिलाफ अत्याचार बढ़े हैं और बेटी बचाओ का नारा महज दिखावा बन गया है। सुप्रियो बुधवार को कार्यालय कैंप में प्रेस वार्ता में बोल रहे थे। उन्होंने ओडिशा, उत्तर प्रदेश, बिहार, मध्यप्रदेश, गुजरात और मणिपुर सहित कई राज्यों का हवाला देते हुए दावा किया कि भाजपा की सरकारों में महिला सुरक्षा का संकट खड़ा हो गया है। उन्होंने हाल ही में ओडिशा के बालासोर की एक बीएड छात्रा की आत्महत्या को गंभीर बताते हुए कहा कि बेटी बचाओ से अब भाजपा की छवि बेटी जलाओ पार्टी जैसी हो गई है।

### आईपीएस का रांची डीआईजी कार्यालय का अतिरिक्त कार्यभार देखने का आदेश निरस्त

**रांची :** आईपीएस इंद्रजीत महथा को रांची रेंज के डीआईजी (पुलिस उपमहानिरीक्षक) कार्यालय का जो अतिरिक्त कार्यभार सौंपा गया था, उसे झारखंड पुलिस मुख्यालय ने रद्द कर दिया है। इस संबंध में बुधवार को आदेश जारी कर दिया गया है। उल्लेखनीय है कि इंद्रजीत महथा को 15 जुलाई को रांची रेंज के डीआईजी कार्यालय के कुछ विशेष कार्य देखने की जिम्मेदारी दी गई थी। उन्हें सिर्फ सात तरह के मामलों को देखने और उनका निपटारा करने की अनुमति थी। इन मामलों में एसीपी, एमएसीपी, विभागीय जांच, विभागीय कार्यवाही, अपील अभ्यावेदन, अभियोजन स्वीकृत्यदेश और हाईकोर्ट से संबंधित रिट याचिकाएं शामिल थीं। अब यह आदेश निरस्त होने के बाद वे इन कार्यों को नहीं देखेंगे।

### पावर ग्रिड की घटना पर ऊर्जा श्रमिक संघ आक्रोशित, आंदोलन की दी चेतावनी

**रांची :** राजधानी रांची के नामकुम ग्रिड में चोरी और कर्मियों को बंधक बनाए जाने की घटना पर झारखंड ऊर्जा विकास श्रमिक संघ ने बुधवार को तीखी प्रतिक्रिया दी है। संघ के केंद्रीय अध्यक्ष अजय राय ने इसे राज्य की ऊर्जा संरचना पर सीधा हमला बताते हुए सुरक्षा व्यवस्था की गंभीर विफलता करार दिया। उन्होंने कहा कि जब राजधानी जैसे सुरक्षित माने जाने वाले क्षेत्र में बिजलीकर्मी असुरक्षित हैं, तो सुदूरवर्ती इलाकों में हालात और भी चिंताजनक होंगे। उन्होंने नामकुम पावर ग्रिड मामले की उच्चस्तरीय जांच, सभी ग्रिडझ्पीएसएस में स्थायी सुरक्षा बलों की तैनाती, सीसीटीवी, सायरन और निगरानी सिस्टम की स्थापना, साथ ही बिजलीकर्मियों को सुरक्षा प्रशिक्षण और उपकरण मुहैया कराने की मांग की है। संघ ने मुख्यमंत्री सह ऊर्जा मंत्री हेमंत सोरेन से इस घटना को शीर्ष प्राथमिकता पर लेते हुए राज्यभर में ऊर्जा इकाइयों की सुरक्षा पुख्ता करने की अपील की है। साथ ही चेताया है कि यदि जल्द ठोस कार्रवाई नहीं हुई तो संघ कार्य बहिष्कार और राज्यव्यापी आंदोलन के लिए बाध्य होगा। इस संबंध में मुख्यमंत्री कार्यालय को ज्ञापन भी भेजा गया है।

### दुर्गा महादेव मंदिर में अखंड हरि-कीर्तन छह अगस्त से

**रांची :** रांची के ओरमांझी स्थित सावन मास के पावन अवसर पर दुर्गा महादेव मंदिर में इस वर्ष भी धार्मिक अनुष्ठान का आयोजन किया जाएगा। इसे लेकर पूजा समिति के अध्यक्ष रामकुमार महतो ने बुधवार को बताया कि छह अगस्त से मंदिर परिसर में 24 घंटे का अखंड हरि-कीर्तन आयोजित किया जाएगा। भक्त 'हरे राम हरे राम, राम राम हरे हरे... हरे कृष्ण हरे कृष्ण, कृष्ण कृष्ण हरे हरे....' के संकीर्तन के साथ भक्ति में लीन होंगे। अगले सोमवारी 21 जुलाई को कलश यात्रा निकाली जाएगी। कलश यात्रा दुर्गा महादेव मंदिर से प्रारंभ होकर डोमा नदी छठ घाट से जल उठाकर मंदिर के शिवालय में अरघा से बाबा भोलेनाथ का जलाभिषेक कर शुभारंभ किया जाएगा। सफल आयोजन के लिए समिति के सभी सदस्य जुटे हुए है।

### स्वामी सदानंद जी महाराज का जन्मदिवस एवं गुरु पूर्णिमा महोत्सव 21 जुलाई को



**रांची :** श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट के संस्थापक परमहंस डॉ० संत शिरोमणि श्री श्री 108 स्वामी सदानंद जी महाराज श्री कृष्ण प्रणामी मंगल राधिका सदानंद सेवा धाम श्री राधा कृष्ण मंदिर पुंदाग रांची में 21 जुलाई को पधार रहे हैं। ट्रस्ट के उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल एवं प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी संजय सर्राफ ने बताया कि 21 जुलाई, दिन सोमवार को अपराह्न 2.30 बजे से संध्या 5 बजे तक श्री राधा कृष्ण मंदिर मे परम वंदनीय सद्गुरु श्री सदानंद महाराज जी का जन्म दिवस एवं गुरु पूर्णिमा महोत्सव बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया जाएगा। इस अवसर पर श्री सदगुरु महाराज हम सबों शिष्यों व श्रद्धालुओं को अपनी दिव्य वाणी से गुरु पूर्णिमा के अवसर पर गुरु पूजन,भजन- सत्संग प्रवचन के माध्यम से अमृत वर्षा का रसपान करायेंगे। कार्यक्रम के समापन पर गुरु महाराज जी सबों को आशीर्वाद एवं प्रसाद देंगे।

### बाबूलाल मरांडी ने अपने खेत में की धान रोपनी



**रांची :** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने खेतों में काम कर अपना योगदान दिया। उन्होंने बुधवार को कोदांईबांक स्थित अपने खेत में धान रोपनी की। उनकी यह तस्वीर सोशल मीडिया में तेजी से वायरल हो रही है। तस्वीर में वे खेतों में धान रोपनी करते नजर आ रहे हैं। बाबूलाल ने अपने सोशल मीडिया पर खेतों में काम करते हुए तस्वीर पोस्ट कर अपने अनुभव साझा किए हैं। उन्होंने लिखा है कि आज कोदांईबांक स्थित अपने खेत में धान की रोपाई की। खेतों में काम करना उन्हें आत्मिक संतोष और आनंद देता है। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि कृषि न सिर्फ आत्मनिर्भरता सिखाती है, बल्कि हमें जमीन से जुड़े रहने का भाव भी देती है।

## एक नजर

### जल जमाव को देखते हुए सिल्ली प्रखंड विकास पदाधिकारी ने किया निरीक्षण



**सिल्ली** : सिल्ली प्रखंड अंतर्गत बासारुली पंचायत के सिंगपुर सरकारी स्कूल के समीप लगातार क्षेत्र में बारिश होने से जल जमाव हो गया है। जिसको लेकर आने जाने वाले लोगों को एवं स्कूल बच्चों को जूता चप्पल खोल कर पानी में पारकर स्कूल जाते हुए देखा जाता हैं जिससे उनकी यूनिफॉर्म पानी से भीग जाती है। इस रास्ते से महुआडीह, कलुवाडीह एवं मोदीडीह के ग्रामीण आना जाना करते हैं। वही समस्या का निदान को लेकर ग्रामीणों ने इसकी सूचना प्रखंड विकास पदाधिकारी अनिल कुमार को दी सूचना मिलते ही अनिल कुमार सिंगपुर पहुंचे एवं निरीक्षण करते हुए जल जमाव का जायजा लिया और कहा कि सरकारी कोलभेट खोलकर पानी निकासी किया जाएगा साथ ही साथ नाली का निर्माण कर पानी का समस्या से लोगों को निदान कर दिया जाएगा। सरकारी कोलभेट बंद हो गए हैं इस कारण से जल जमाव की स्थिति बनी हुई है।

### दहेज प्रताड़ना मामले में सबूतों के अभाव में पांच आरोपित बरी

**बोकारो** : बोकारो की प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी सुश्री तबिंदा खान की अदालत ने बुधवार को एक दहेज प्रताड़ना मामले में जुगनू अंसारी सहित पांच आरोपितों को सबूतों के अभाव में बरी कर दिया। यह मामला माराफारी थाना क्षेत्र की रहने वाली जीनत द्वारा दर्ज कराया गया था, जिसमें उन्होंने अपने पति जुगनू अंसारी और ससुराल के चार अन्य सदस्यों पर दहेज के लिए प्रताड़ित करने का आरोप लगाया था। मामले की सुनवाई जीआर केस नंबर 422/25 के तहत हुई। बचाव पक्ष की ओर से अधिवक्ता रणजीत गिरि ने जोरदार बहस की और अभियोजन पक्ष द्वारा प्रस्तुत साक्ष्यों की कमी को उजागर किया। अदालत ने अभियोजन पक्ष के सबूतों को अपर्याप्त पाया और भारतीय दंड प्रक्रिया संहिता के तहत ठोस साक्ष्यों के अभाव में सभी आरोपितों को बरी करने का फैसला सुनाया। जीनत ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया था कि उनके पति और ससुराल वालों ने दहेज की मांग को लेकर उन्हें मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया। हालांकि, अदालत ने पाया कि अभियोजन पक्ष इन आरोपों को सिद्ध करने में विफल रहा।

### एमजीएम स्कूल में आईएएस हब क्लब द्वारा प्रेरक सत्र का आयोजन

**बोकारो** : एमजीएम हायर सेकेंड्री स्कूल सेक्टर चार एफ बोकारो में आईएएस हब क्लब की ओर से प्रेरणादायक सत्र का आयोजन किया गया। बोकारो की उप विकास आयुक्त शताब्दी मजूमदार व प्रधानाध्यापक फादर डा.जोशी वर्गीस ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उप विकास आयुक्त शताब्दी मजूमदार ने कहा कि मानव जीवन में सफलता का कोई शार्ट कट रास्ता नहीं होता है। विद्यार्थियों को निरंतर कड़ी मेहनत करना चाहिए। सकारात्मक सोच के साथ कड़ी मेहनत से ही जीवन में सफलता मिलेगी। विद्यार्थियों को समय प्रबंधन के अनुरुप तैयारी करनी चाहिए। यूपीएससी की तैयारी करने के लिए पढ़ाई पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। विद्यार्थियों को प्रशासनिक अधिकारी बनने के लिए इस परीक्षा में सफलता हासिल करना जरुरी है। विद्यार्थियों को पुस्तकों के अलावा नियमित रुप से अखबार भी पढ़ना चाहिए। विद्यार्थियों को शिक्षकों के कुशल मार्गदर्शन का लाभ उठाना चाहिए।

# जलवायु परिवर्तन से लड़ने में पंचायती राज संस्थाओं की बड़ी भूमिका : उपायुक्त

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बोकारो** : झारखंड में अब पंचायतें जलवायु परिवर्तन संकट से लड़ने के लिए आगे आ रही हैं। बुधवार को पॉलिसी एंड डेवलपमेंट एडवायजरी ग्रुप , असर और पंच सफर की ओर से पंचायतों का सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बोकारो जिले के उपायुक्त अजय नाथ झा थे। वहीं, विशिष्ट अतिथि बोकारो के डिविजनल फॉरेस्ट ऑफिसर रजनीश कुमार थे। उपायुक्त झा ने सम्मेलन में मौजूद पंचायत प्रतिनिधियों से अपील की कि वे आने वाले तीन साल के लिए एक बड़ा प्लान बनाएं और अगले एक साल इसे जमीन पर उतारने के लिए काम शुरू करें। खासकर इंड्रस्टी प्रभावित इलाकों में जलवायु सस्टेनेबिलिटी में काम करने की जरूरत है। प्रशासन इसमें सकारात्मक रूप से सहयोग करेगा। उन्होंने कहा, पंचायतों का सम्मेलन जैसे कार्यक्रमों को आगे ले जाने की जरूरत है। पिछले कुछ दशकों में जब यह महसूस हुआ कि दुनिया का अस्तित्व ही खतरे में आ गया है, तब सस्टेनेबिलिटी की जरूरत महसूस हुई। इस सस्टेनेबिलिटी की पूर्ति गांवों से ही होगी। इसीलिए अब पंचायत प्रतिनिधियों को यह बोध करना जरूरी है कि जलवायु संरक्षण के लिए किए जा रहे उनके कामों का असर दुनिया को बचाने में कारगर साबित हो रहा है। इस सम्मेलन में उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल के जिलों - बोकारो, रामगढ़, हजारीबाग, धनबाद, गिरिडीह, चतरा और कोडरमा के पंचायती राज संस्थान के 80 से ज्यादा प्रतिनिधियों ने भाग लिया। डिविजनल फॉरेस्ट ऑफिसर रजनीश कुमार ने कहा, अब समस्याएं ग्लोबल है, लेकिन उनका प्रभाव लोकल है। जलवायु परिवर्तन को लेकर बन रही नीतियों का इनपुट गांवों से जाना चाहिए। क्योंकि पंचायती राज संस्थाएं इस समस्या का समाधान बेहतर तरीके से निकाल सकती हैं। ग्रामीणों की स्थानीय समझ का इस्तेमाल जलवायु संकट से निपटने के लिए किया जाना चाहिए। कॉमन्स संरक्षण भी जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए जरूरी है। हजारीबाग जिले के चुरचू प्रखंड की चरही पूर्वी पंचायत समिति सदस्य आशा राय ने बताया कि जलवायु परिवर्तन का असर गांवों में स्पष्ट दिख रहा है। स्थानीय चूड़ी नदी सूखने से मानव-वन्यजीव संघर्ष बढ़ा है। हाथी खेती को नुकसान पहुंचा रहे हैं। कॉन्फ्रेंस ऑफ पंचायत में आने से गांवों को जलवायु अनुकूल बनाने के लिए जलवायु नीति और फंड लाने की समझ विकसित हुई। साथ ही क्लाइमेट एक्शन और कॉमन्स को लेकर विचारों का आदान-प्रदान हुआ।

## लायंस क्लब ऑफ स्टील सिटी ने चास गुरुद्वारा में आयोजित किया स्वास्थ्य जांच शिविर



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो** : लायंस क्लब ऑफ बोकारो स्टील सिटी की ओर से आज चास गुरुद्वारा परिसर में एक दिवसीय निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में कुल 132 लोगों की स्वास्थ्य जांच की गई, जिसमें ब्लड शुगर, ब्लड प्रेशर और नेत्र जांच की विशेष व्यवस्था की गई थी।

शिविर में डॉ. केके सिन्हा, डॉ. रमेश रजवार और डॉ. कीर्ति वास ने अपनी सेवाएं प्रदान कीं। उन्होंने मरीजों को स्वास्थ्य संबंधित आवश्यक परामर्श और सलाह भी दी। क्लब की अध्यक्ष माधवी सिंह के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में आर.सी. खन्ना, मधुकर सिन्हा, सुधा किरण, जगमोहन सिंह, अजय केडिया, दिनेश चड्ढा, मनोरमा चड्ढा, डॉ. भानु गिरी सहित कई सदस्य उपस्थित थे। कार्यक्रम के समापन अवसर पर क्लब की अध्यक्ष माधवी सिंह ने गुरुद्वारा कमिटी अध्यक्ष जस्मीत सिंह सोढ़ी, सतनाम सिंह, हरपाल सिंह, इंद्रजीत सिंह, और मनदीप सिंह को इस सफल आयोजन में सहयोग के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। लायंस क्लब द्वारा किया गया यह प्रयास समाज के स्वास्थ्य जागरूकता और सेवा भाव को बढ़ावा देने वाला साबित हुआ।

## फुटपाथ दुकानदारों को रोटरी क्लब चास की सौगात: वितरित किए गए मुफ्त छाते

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**बोकारो** : गर्मी और वर्षा के मौसम में खुले आसमान के नीचे मेहनत कर रहे फुटपाथ एवं छोटे दुकानदारों को राहत देने के उद्देश्य से आज रोटरी क्लब चास ने एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें जरूरतमंद दुकानदारों को मुफ्त बड़े छाते वितरित किए गए। रोटरी क्लब चास की अध्यक्ष डिंपल कौर ने बताया कि यह पहल ऐसे दुकानदारों के लिए है जो रोजी-रोटी के लिए खुले में धूप और बारिश का सामना करते हैं। डिंपल ने कहा कि एक छाता, एक साया बनकर इनके जीवन को थोड़ा सहज बनाया जा सकता है। रो.हरबंस सिंह ने कहा कि रोटरी ने छोटे दुकानदारों को छाते वितरित कर समाज में सकारात्मकता का संदेश दिया है। इस अवसर पर लाभार्थियों ने भी कार्यक्रम की सराहना की और रोटरी के प्रति आभार व्यक्त किया। रोटरी क्लब चास की सचिव श्वेता रस्तोगी ने कहा कि इन छोटे दुकानदारों का भी समाज में रचनात्मक योगदान है। श्वेता ने कहा कि रोटरी ने इनकी परेशानी समझते हुए अपने सामाजिक दायित्व का निर्वाहन किया है। इस अवसर पर संजय बैद, बिनोद चोपड़ा,पूजा बैद,शैल रस्तोगी, हरबंस सिंह, मंजीत सिंह, गौरव रस्तोगी,अमन मल्लिक आदि उपस्थित थे ।

## राधाकृष्णन सहोदया स्कूल कॉम्प्लेक्स की सामान्य निकाय बैठक संपन्न




प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो** : डॉ. राधाकृष्णन सहोदया स्कूल कॉम्प्लेक्स की सामान्य निकाय बैठक आज चिन्मय विद्यालय, सेक्टर-5 में सफलतापूर्वक संपन्न हुई। बैठक में कुल 25 सदस्य विद्यालयों ने भाग लिया। बेठक का शुभआरंभ सभी सदस्यो द्वारा दीप प्रज्वलीत कर किया गया। बैठक की शुरूआत नव-निर्वाचित कोर समिति के सदस्य विद्यालयों के स्वागत से हुई। अध्यक्ष सूरज शर्मा ने अपने स्वागत भाषण में सभी सदस्य विद्यालयों को 19 जून 2025 को गुरु गोबिंद सिंह पब्लिक स्कूल, सेक्टर-5 में सम्पन्न चुनाव में नई समिति को समर्थन देने के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने आश्वासन दिया कि नई समिति हर परिस्थिति में सभी सदस्य विद्यालयों के साथ खड़ी रहेगी। उन्होंने कहा कि सहोदया का अर्थ है हम साथ बढ़ें। बैठक में वर्तमान बाय-लॉज की समीक्षा की गई और कुछ संशोधन प्रस्तावित किए गए। महासचिव डॉ. जी. एन. खान ने बताया कि प्रस्तावित संशोधन बाय लॉज में शामिल किए जाएंगे। बैठक में मेधावी विद्यार्थियों के सम्मान समारोह माइलस्टोन पर भी चर्चा हुई। यह निर्णय लिया गया कि यह कार्यक्रम डीएवी पब्लिक स्कूल, सेक्टर-4 में आयोजित किया जाएगा। बैठक के दौरान अध्यक्ष श्री सूरज शर्मा ने जानकारी दी कि उन्होंने पूर्व कोर समिति से नई निर्वाचित समिति को कार्यभार और शेष वित्तीय विवरण सौंपने का अनुरोध किया है, परंतु अब तक कोई सकारात्मक प्रतिक्रिया प्राप्त नहीं हुई है। बैठक में आगामी सत्र के लिए सहोदया गतिविधि कैलेंडर पर भी चर्चा की गई। आगामी शैक्षणिक कार्यक्रमों की रूपरेखा सी. बी. एस. ई के दिशा-निर्देश के अनुरुप तैयार करने की योजना बनाई गई।

## आरपीएफ ने रेलवे स्टेशन पर नाबालिग लड़की को बचाया

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बोकारो** : रेलवे स्टेशन पर आरपीएफ टीम ने ऑपरेशन नन्हे फरिश्ते के तहत एक नाबालिग लड़की को संदिग्ध स्थिति में प्लेटफार्म संख्या 2 पर पैदल पुल के पास घूमते हुए बरामद किया। आरपीएफ पोस्ट के अधिकारी एएसआई परितोष कुमार झा, हेड कांस्टेबल सहगल कुमार, हेड कांस्टेबल राम लोहार, कांस्टेबल अंबुज कुमार, महिला कांस्टेबल कांता कुमारी महतो और बाल सहायता डेस्क के कर्मचारियों ने संयुक्त रूप से यह कार्रवाई की। लड़की की उम्र लगभग 15 वर्ष है। पूछताछ में उसने अपना पता - सोलागिड्डी, जोधाडीह मोड़, शांति नगर, थाना-चास, जिला बोकारो (झारखंड) बताया। उसने स्वीकार किया कि वह अपने माता-पिता या अभिभावक को बिना बताए घर से निकल आई थी और उसके पास न तो यात्रा टिकट और न ही प्लेटफार्म टिकट था। आरपीएफ ने लड़की को तत्काल सुरक्षा घेरे में लेकर सभी कानूनी औपचारिकताएं पूरी कीं। इसके बाद उसे बाल सहायता डेस्क, बोकारो स्टील सिटी रेलवे स्टेशन को सुरक्षित सुपुर्द कर दिया गया, ताकि आगे की आवश्यक कार्रवाई की जा सके। आरपीएफ टीम की तत्परता से एक नाबालिग को समय पर बचाया गया, जिससे संभावित खतरे टल गए। रेलवे प्रशासन द्वारा बाल सुरक्षा को लेकर की गई यह सतर्कता सराहनीय है।

# स्कूल छात्रों की बाइक चेकिंग में दर्जनों पकड़े गए

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बोकारो** : बुधवार को सुबह-सुबह ट्रैफिक डीएसपी विद्यासागर और चास एसडीएम प्रांजल ढांडा के नेतृत्व में एक विशेष अभियान चलाया गया, जिसमें स्कूल के छात्रों द्वारा ट्रैफिक नियमों के उल्लंघन की सघन जांच की गई। यह अभियान शहर के प्रमुख स्कूलों - चिन्मया विद्यालय सेक्टर 5, अयप्पा स्कूल और जीजीपीएस के आसपास चलाया गया। अभियान के दौरान यह पाया गया कि कई छात्र बिना ड्राइविंग लाइसेंस और बिना हेलमेट के बाइक चला रहे थे। विशेष चिंता की बात यह रही कि इनमें से कई छात्र नाबालिग थे, जिन्हें उनके अभिभावकों ने बाइक दे रखी थी। ट्रैफिक नियमों की इस अनदेखी को देखते हुए ट्रैफिक पुलिस ने मौके पर ही कई छात्रों पर चालान किया, वहीं कुछ मामलों में अभिभावकों के खिलाफ भी कार्रवाई की चेतावनी दी गई। ट्रैफिक डीएसपी विद्यासागर ने बताया कि इससे पहले यह अभियान डीपीएस स्कूल में भी चलाया गया था और यह सतत प्रक्रिया है, जिससे छात्रों में ट्रैफिक सुरक्षा को लेकर जागरूकता लाई जा सके। उन्होंने कहा कि नाबालिगों के द्वारा वाहन चलाना न केवल कानून का उल्लंघन है, बल्कि उनके जीवन के लिए भी घातक हो सकता है। ऐसे मामलों में अब अभिभावकों की जिम्मेदारी तय की जाएगी और उन पर भी कड़ी कार्रवाई होगी।

यह भी स्पष्ट कहा कि सड़क सुरक्षा से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। स्कूलों से जुड़े रूटों पर नियमित निगरानी की जाएगी और आवश्यकता पड़ने पर विद्यालय प्रबंधन से भी सहयोग लिया जाएगा। अभियान के दौरान छात्रों को ट्रैफिक नियमों की जानकारी भी दी गई और यह भी बताया गया कि ट्रैफिक कानूनों का पालन न करना केवल जुमार्ना भरने की बात नहीं है, बल्कि यह उनके और दूसरों के जीवन से जुड़ा मामला है। प्रशासन ने सभी अभिभावकों से अपील की है कि वे अपने नाबालिग बच्चों को वाहन न सौंपें और उन्हें ट्रैफिक नियमों के पालन के प्रति जागरूक बनाएं, ताकि शहर की सड़कें सुरक्षित और अनुशासित बन सकें।

## संक्षिप्त खबरें

### आजसू पार्टी बोकारो जिला कमिटी की बैठक संपन्न



**बोकारो**: लायंस क्लब ऑफ बोकारो स्टील सिटी की ओर से आज चास गुरुद्वारा परिसर में एक दिवसीय नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में कुल 132 लोगों की स्वास्थ्य जांच की गई, जिसमें ब्लड शुगर, ब्लड प्रेशर और नेत्र जांच की विशेष व्यवस्था की गई थी। शिविर में डॉ. केके सिन्हा, डॉ. रमेश रजवार और डॉ. कीर्ति वास ने अपनी सेवाएं प्रदान कीं। उन्होंने मरीजों को स्वास्थ्य संबंधित आवश्यक परामर्श और सलाह भी दी। क्लब की अध्यक्ष माधवी सिंह के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में आर.सी. खन्ना, मधुकर सिन्हा, सुधा किरण, जगमोहन सिंह, अजय केडिया, दिनेश चड्ढा, मनोरमा चड्ढा, डॉ. भानु गिरी सहित कई सदस्य उपस्थित थे। कार्यक्रम के समापन अवसर पर क्लब की अध्यक्ष माधवी सिंह ने गुरुद्वारा कमिटी अध्यक्ष जस्मीत सिंह सोढ़ी, सतनाम सिंह, हरपाल सिंह, इंद्रजीत सिंह, और मनदीप सिंह को इस सफल आयोजन में सहयोग के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। लायंस क्लब द्वारा किया गया यह प्रयास समाज के स्वास्थ्य जागरूकता और सेवा भाव को बढ़ावा देने वाला साबित हुआ।

### बोकारो रेलवे इंस्टिट्यूट चुनाव में मेंस कांग्रेस का परचम, 9 में से 7 पदों पर कब्जा




**बोकारो** : रेलवे इंस्टिट्यूट में सम्पन्न हुए चुनाव में दक्षिण पूर्व रेलवे मेंस कांग्रेस ने अत्यधिक सफलता अर्जित की है । कुल 09 पदों के लिए हुए मतदान में मेंस कांग्रेस के उम्मीदवारों ने 07 पदों पर विजय प्राप्त कर संस्था में अपना स्पष्ट बहुमत स्थापित किया । चुनाव में विभिन्न कर्मचारी संगठनों के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिला। मतदाताओं ने उत्साहपूर्वक अपने मताधिकार का प्रयोग किया और संस्था की भावी कार्यकारिणी के लिए योग्य प्रतिनिधियों का चयन किया। परिणामस्वरूप, मेंस कांग्रेस ने निर्णायक बढ़त हासिल करते हुए अधिकांश पदों पर कब्जा जमाया। वहीं, 02 पद दक्षिण पूर्व रेलवे मेंस यूनियन के उम्मीदवारों के खाते में गए। इस अवसर पर मेंस कांग्रेस के बोकारो शाखा सचिव राजन उपाध्याय ने इस सफलता को एकजुटता एवं कर्मचारियों के विश्वास की जीत बताया। विजयी प्रत्याशियों ने कर्मचारियों की समस्याओं के निराकरण एवं संस्था के सर्वांगीण विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। चुनाव परिणाम की औपचारिक घोषणा के पश्चात विजयी उम्मीदवारों को बधाई एवं शुभकामनाएँ दी गईं। इस निर्वाचन प्रक्रिया में निष्पक्षता और पारदर्शिता बनाए रखने हेतु निर्वाचन समिति द्वारा व्यापक प्रबंध किए गए थे।

### श्रावणी मेला के लिए मेडिकल मोबाइल यूनिट को किया गया रवाना




**बोकारो** : श्रावणी मास में कांवरियों की सुविधा के लिए पिछले ढाई दशकों से बोकारो स्टील प्लांट की ओर से बैद्यनाथ धाम के समीप प्राथमिक चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जाता रहा है। इस वर्ष भी शिविर के लिए बी.एस.एल. के निगमित सामाजिक दायित्व के तहत कार्य करने वाली मेडिकल मोबाइल यूनिट इस्पात संजीवनी को बी.एस.एल. के निदेशक प्रभारी बीरेंद्र कुमार तिवारी ने आज दिनांक 16 जुलाई को इस्पात भवन परिसर से फ्लैग-ऑफ कर रवाना किया। इस अवसर पर अधिशासी निदेशक सुश्री राजश्री बनर्जी, अधिशासी निदेशक श्री सी आर मिश्रा, अधिशासी निदेशक विकास मनवती, बी.जी.एच. के प्रभारी डॉ बी बी करुणामय, मुख्य महाप्रबंधक, अन्य वरीय अधिकारी, सी.एस.आर. विभाग तथा अन्य विभागों के कर्मी सहित बैद्यनाथ सेवा ट्रस्ट के सदस्य उपस्थित थे। निदेशक प्रभारी बीरेंद्र कुमार तिवारी ने उपस्थित अधिकारियों से शिविर के लिए की गई व्यवस्था, दवाओं की उपलब्धता आदि की जानकारी ली. शिविर के लिए बीजीएच की ओर से प्राथमिक चिकित्सा के लिए दवाओं, मरहम-पट्टी और अन्य व्यवस्थाओं को लेकर चिकित्साकर्मियों और स्वयंसेवियों का दल बोल-बम के जयघोष के साथ रवाना हुआ।

### आईटी 2.0 अपग्रेड को लेकर 21 जुलाई को डाकघरों में नो ट्रांजैक्शन डे




**बोकारो** : भारतीय डाक विभाग द्वारा देशभर में अत्याधुनिक आईटी 2.0 परियोजना का क्रियान्वयन किया जा रहा है। इस महत्वाकांक्षी डिजिटल परिवर्तन के अंतर्गत, धनबाद मंडल के सभी डाकघरों में आईटी 2.0 प्रणाली स्थापित की जा रही है। इसी प्रक्रिया के सफल क्रियान्वयन के लिए 21 जुलाई 2025, दिन सोमवार को धनबाद मंडल के सभी डाकघरों में ₹नो ट्रांजेक्शन डे₹ घोषित किया गया है। 21 जुलाई को आईटी 2.0 के तकनीकी अपग्रेडेशन और डेटा माइग्रेशन के कारण निम्नलिखित सेवाएं अस्थायी रूप से उपलब्ध नहीं होंगी। बचत बैंक और डाक जमा से संबंधित लेन-देन,मनी ऑर्डर, पार्सल, रजिस्ट्री, स्पीड पोस्ट बुकिंग, डाक बीमा (पीएलआई/आरपीएलआई),पेंशन भुगतान,सभी प्रकार की ग्राहक सेवा काउंटर गतिविधियां। आईटी 2.0 परियोजना के बारे में आईटी 2.0 भारतीय डाक विभाग की एक महत्वाकांक्षी डिजिटल परिवर्तन परियोजना है, जिसका उद्देश्य डाक सेवाओं का आधुनिकीकरण और डिजिटलीकरण करना है। उन्नत डाक प्रौद्योगिकी (एपीटी) 2.0 के तहत डाकघरों में ग्राहक क्यूआर कोड स्कैन कर यूपीआई आधारित डिजिटल भुगतान कर सकेंगे। मंगलवार से धनबाद मंडल के सभी डाकघरों में सामान्य कार्यप्रणाली पुन: आरंभ हो जाएगी।

## मूसलाधार बारिश से जन जीवन अस्त-व्यस्त, गरीब का गिरा आशियाना

**सरिया :** बीते एक सप्ताह से हो रही मूसलाधार वर्षा से सरिया क्षेत्र का जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है .लोगों को घर से बाहर निकलना मुश्किल सा पड़ गया है। बाजार की सड़क सुना सुना दिखाई पड़ रही है। कुछ किसान इस भीषण बारिश में भी कृषि कार्य में लगे हुए दिखे। परंतु अधिकांश लोग घरों के अंदर दुबके रहे। इस दौरान अत्यधिक वर्षा के कारण सरिया नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड नंबर 3 चंद्रमारणी मोहल्ला निवासी प्रीतलाल प्रसाद पिता स्वर्गीय जगदीश महतो का मिट्टी का बना मकान ध्वस्त हो गया। इस संबंध में भुक्त भोगी रीतलाल प्रसाद ने बताया कि मंगलवार की रात परिवार के सभी लोग अपने घर में सोए हुए थे। रात के लगभग 11:00 बजे मकान का खपड़ा आवाज करने लगा। नींद खुली तो देखा कि मकान के दीवाल फट चुके हैं। खपरैल का छत गिरने लगा है।

# जाति प्रमाण पत्र जारी नहीं होने पर एनसीपी का हंगामा, उपायुक्त को सौंपा ज्ञापन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पूर्वी सिंहभूम :** झारखंड में एसटी, एससी और ओबीसी वर्गों को जाति प्रमाण पत्र जारी नहीं किए जाने के विरोध में एनसीपी ने बुधवार को जमशेदपुर में उपायुक्त कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन किया। इस दौरान पार्टी नेताओं ने प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की और उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा। मौके पर एनसीपी के राष्ट्रीय महासचिव डॉ पवन कुमार पांडे के नेतृत्व में प्रदर्शनकारियों ने उपायुक्त कार्यालय के बाहर जमकर नारेबाजी की। डॉ पवन पांडे ने कहा कि झारखंड में एसटी, एससी और ओबीसी वर्ग के लोगों को जाति प्रमाण पत्र नहीं मिलने से उनकी



आबादी का 38 प्रतिशत हिस्सा अपने संवैधानिक अधिकारों से वंचित हो रहा है। उन्होंने बताया कि इन वर्गों के कई मेधावी छात्र अच्छी शिक्षा प्राप्त करने के बावजूद भी जाति प्रमाण पत्र के अभाव में नौकरी और अन्य अधिकारों से वंचित हैं। डॉ पवन पांडे ने राज्य सरकार पर भ्रष्टाचार और अनैतिकता का आरोप लगाते हुए कहा कि गरीब परिवारों के बच्चे पढ़ाई के बाद नौकरी की तलाश में हैं, लेकिन प्रमाण पत्र न होने से उनके सपने अधूरे रह जा रहे हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर सरकार उनकी मांगों को नहीं मानती है तो एनसीपी मुख्यमंत्री कार्यालय का घेराव करेगी और राज्यपाल कार्यालय के समक्ष भी धरना देगी। इसके अलावा, पूरे झारखंड में हस्ताक्षर अभियान चलाकर आंदोलन को व्यापक बनाया जाएगा।

## संक्षिप्त खबरें

### प्रखंड संसाधन केंद्र सरिया में दिव्यांग जांच शिविर का हुआ आयोजन



**सरिया :** समग्र शिक्षा कार्यक्रम के तहत दिव्यांग बच्चों के लिए जांच शिविर का आयोजन बीआरसी कार्यालय सरिया में किया गया। जिसका उद्घाटन प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी रंजीत चौधरी डीपीओ शिवली मुखर्जी सहित अन्य लोगों ने दीप प्रज्वलित कर किया। वहीं चिकित्सकों की टीम ने सभी पंजीकृत बच्चों का जांच किया जिन्हें आवश्यकता अनुसार उपकरण भी वितरित किया गया। इस संबंध में प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी ने कहा कि प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी सरकार की योजना के तहत दिव्यांग बच्चों का जांच दर उन्हें आवश्यकता अनुसार उपकरण दिए गए। जिससे कि सामान्य बच्चों की तरह वह भी नियमित विद्यालय जा सके तथा विभिन्न गतिविधियों में शामिल हो सके। इन दिव्यांग बच्चों के लिए भारत सरकार काफी गंभीर है ।उन्होंने समाज के बुद्धिजीवी लोगों से अपेक्षा किया वे विद्यालय से दूर रह रहे इस प्रकार के दिव्यांग बच्चों को विद्यालय पहुंचाने में मदद करें ।मौके पर राकेश कुमार सिंह,बलवंत कुमार सिंह,वीरेंद्र पांडे,महेश शर्मा,अरुण यादव,वरुण कुशवाहा समेत दर्जनों लोग मौजूद थे।

### बिजली कटौती ने छीना चैन इलाके में हाहाकार



**सरिया :** हमारे इलाके में बिजली की समस्या अब आम लोगों के लिए सिरदर्द बन चुकी है। दिन हो या रात, बिजली का आना-जाना लगा रहता है, जिससे न सिर्फ रोजमर्रा का काम प्रभावित हो रहा है, बल्कि बरसात के इस मौसम में लोगों का हाल बेहाल है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि पिछले कुछ महीनों से बिजली कटौती की समस्या बढ़ गई है। सुबह बच्चों को स्कूल के लिए तैयार करना हो या रात को खाना बनाना, बिजली की अनियमित आपूर्ति हर काम में रोड़ा बन रही है। सरिया निवासी ताहिर हसन ने कहा रात को अचानक बिजली चली जाती है, बच्चे गर्मी में तड़पते हैं। इनवर्टर भी बार-बार डिस्चार्ज हो जाता है ।₹ दुकानदार भी परेशान हैं। स्थानीय चाय नाश्ते का दुकान चलाने वाले एक दुकानदार शिव शंकर मंडल का कहना है, बिजली न होने से फ्रिज बंद रहता है, सामान खराब हो जाता है। ग्राहक भी परेशान होकर लौट जाते हैं। स्कूल और छोटे व्यवसायों पर भी इसका बुरा असर पड़ रहा है। लोगों ने बिजली विभाग से कई बार शिकायत की, लेकिन कोई ठोस समाधान नहीं निकला। वहीं स्थानीय लोगों का गुस्सा बढ़ता जा रहा है। सरिया निवासी, गुस्से में कहते हैं, हर बार बहाना बनाते हैं, लेकिन समाधान कोई नहीं। बिजली बिल समय पर मांगते हैं, पर सुविधा देने में कोताही क्यों सरिया मध्य के जिला परिषद सदस्य अनूप पांडे ने बताया कि वे जल्द ही बिजली विभाग के अधिकारियों से मिलकर इस समस्या का स्थायी समाधान मांगेंगे। साथ ही, उन्होंने लोगों से अपील की कि वे भी इस मुद्दे को उठाएं और प्रशासन पर दबाव बनाएं।

### सांसद का सिल्ली प्रखंड के कांग्रेसजनों द्वारा मुरी रेलवे स्टेशन में जोरदार स्वागत किया गया



**सिल्ली :** मुरी बुधवार को सिल्ली प्रखंड कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष कार्तिक चन्द्र महतो के नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी के खूंटी सांसद कालीचरण मुंडा जी का सिल्ली प्रखंड के कांग्रेसजनों द्वारा मुरी रेलवे स्टेशन में जोरदार स्वागत किया गया। इस मौके पर रांची जिला ग्रामीण उपाध्यक्ष नगेंद्र नाथ गोस्वामी, जिला सचिव नागेश्वर महतो, सिल्ली प्रखंड कांग्रेस उपाध्यक्ष निशाकर महतो, मनीराम दास, महासचिव मंजूर मोमिन, प्रकाश मुंडा, मो. कलाम अंसारी, सैय्यद कमर आलम, भागीरथ महतो, सिल्ली पश्चिमी मंडल अध्यक्ष गुहिराम महतो, सदानंद सोनार, योगेंद्र कोईरी, दशरथ कुम्हार, मयंद्र प्रसाद महतो इत्यादि कांग्रेस जन स्वागत कार्यक्रम में शामिल हुए।

# मुरी स्टेशन में नए मुख्य टिकट निरीक्षक ने किया पदभार ग्रहण



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**मुरी/सिल्ली :** दक्षिण पूर्व रेलवे के रांची मंडल अंतर्गत मुरी स्टेशन में वाणिज्य विभाग में नए मुख्य टिकट निरीक्षक फ्रीडी एक्का ने अपना पदभार ग्रहण किया। बताते चलें कि पूर्व में पदस्थापित मुख्य टिकट निरीक्षक रामनाथ महतो लगभग तीन वर्षों तक इस पद पर रहे और फिलहाल उनका स्थानांतर रांची हो गया है। नए मुख्य टिकट निरीक्षक इससे पूर्व रांची में पदस्थापित थे और राजधानी ट्रेन में सुपरिंटेंडेंट के रूप में लगभग 3 वर्ष तक सेवा दिए। विभाग द्वारा उनकी सेवा और कार्यकाल को देखते हुए मुरी में इन्हें इंचार्ज के रूप में पदस्थापित किया गया। नए मुख्य टिकट निरीक्षक के पदभार ग्रहण से पूर्व कर्मचारियों द्वारा उन्हें माला पहनाकर,अंग वस्त्र देकर एवं केक काटकर उनका स्वागत किया गया। मुख्य वाणिज्यिक निरीक्षक सुखदेव रक्षित ने पूर्व और वर्तमान अधिकारियों को गुलदस्ता देकर स्वागत किया और उनके सुखमय जीवन की कामना की।फ्रीडी एक्का ने कार्यक्रम के दौरान कहा कि हमारा प्रयास रेल यात्रियों को बेहतर सुविधा प्रदान करना तथा अपने अधीनस्थ कर्मचारियों के साथ समन्वय स्थापित कर कार्य करने का निरंतर प्रयास रहेगा। कर्मचारियों ने बताया कि तत्कालीन मुख्य टिकट निरीक्षक में कर्मचारियों की कमी के बावजूद भी अपने कर्तव्य को को पूरी जिम्मेदारी के साथ निर्वाह किया जो काफी सराहनीय है। इस मौके पर पी सी महतो, विनोद कुमार मांझी, राहुल कुमार,रत्नेश चंदन,राकेश रंजन, पिंटू, पुलिना मुखिया अन्य रेलकर्मी मौजूद रहे।

## प्रमुख ललिता सिंह ने बोड़ाम के ज्वलंत मुद्दों को दिशा बैठक में उठाया

**पटमदा :** जिला मुख्यालय में आयोजित दिशा की बैठक में बोड़ाम प्रमुख ललिता सिंह ने कई ज्वलंत मुद्दों को उठाया।जिसमे बोड़ाम में स्वीकृत कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय के भवन निर्माण का विगत दस वर्षों से लंबित कार्य को पूर्ण करवाने, बेल्टांड रघुनाथपुर चौड़ीकरण कार्य का अधूरा निर्माण कार्य पूर्ण कराने, बोटा से बोड़ाम, कुइययानी मोड़ से हाथीखेदा मंदिर तक के सड़क किनारे झाड़ियों का सफाई। जिससे दुर्घटना पर रोक लगे। मुकरुडीह के कदमजोड़ा उत्क्रमित मध्य विद्यालय में दो कमरा निर्माण की मांग सहित कई मुद्दे उठाया गया।प्रमुख ललिता सिंह ने बताया कि क्षेत्र की मुद्दों को दिशा की बैठक में उठाकर समाधान करवाने की मांग उपायुक्त से की गई है। ताकि जनता को सुविधा उपलब्ध करवाया जा सके।

## जीवन में आगे बढ़ने के लिए कड़ी मेहनत व अनुशासन जरूरी है : एसडीओ

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**सिमडेगा :** पार्वती शर्मा इंटर महिला कॉलेज सिमडेगा में नये सत्र में नामांकित छात्राओं के स्वागत में स्वागत समारोह सह सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कॉलेज के शासी निकाय अध्यक्ष सह अनुमंडल पदाधिकारी प्रभात रंजन ज्ञानी व विशिष्ट अतिथि के रूप में सह सचिव सह अंचल अधिकारी मो इम्तियाज उपस्थित थे। कार्यक्रम का उदघाटन अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर किया। नये सत्र की छात्राओं के स्वागत में दित्तीय वर्ष की छात्राओं ने स्वागत नृत्य के साथ किया। साथ ही उनके माथे पर तिलक चंदन लगाते हुए बुके भेंट किया। मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में कहा कि जीवन में आगे बढ़ने के लिये कड़ी मेहनत और अनुशासन जरूरी है। उन्होंने कहा हमेशा गुरुजनों और अभिभावकों का आदर करना चाहिए। आप को आगे बढाने में कालेज परिवार हमेशा तत्पर रहेगा,



विशिष्ट अतिथि मो. इम्तियाज ने अपने जीवन के अनुभव को बताते हुए अपने मन को केन्द्रित करते हुए दृढ़ निश्चय के साथ आगे बढ़ने की बात कही। उन्होंने कहा आप अपने भाग्य के भरोसे न रहें। कड़ी मेहनत व सच्ची ईमानदारी से अपने लक्ष्य को पा सकतें हैं। उसके लिये पांच साल कड़ी मेहनत करने की आवश्यकता है। इससे पूर्व बारहवीं की छात्राओं के द्वारा एक से बढ़कर एक नृत्य प्रस्तुत कर कार्यक्रम को मनोरंजक बना दिया मौके पर प्रथम वर्ष की छात्राओं ने अपने अनुभव को साझा किया साथ ही गीत प्रस्तुत कर भरपूर मनोरंजन की।

### कांग्रेस ने शानूर रहमान को कपाली नगर अध्यक्ष नियुक्त किया

## संगठन की मजबूती हेतु प्रतिबद्धता के साथ कार्य करूंगा : शानूर रहमान



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**ईचागढ़ :** जिला कांग्रेस कमिटी, सरायकेला-खरसावां ने कपाली नगर अध्यक्ष पद पर शानूर रहमान उर्फ एसपी भाई की नियुक्ति की है। इस संबंध में कांग्रेस जिला अध्यक्ष अंबुज कुमार पांडे ने उन्हें बुधवार को कांग्रेस कैंप कार्यालय, आदित्यपुर में नियुक्ति प्रमाण पत्र सौंपा। इस दौरान नवनियुक्त कपाली नगर अध्यक्ष शानूर रहमान ने जिला अध्यक्ष अंबुज कुमार पांडे के प्रति आभार जताते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी द्वारा सौंपी गई जिम्मेदारी को वे पूर्ण निष्ठा, प्रतिबद्धता और पारदर्शिता के साथ निभाएंगे। उन्होंने संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने, युवाओं को जोड़ने और जनसमस्याओं को मुखर रूप से उठाने की प्रतिबद्धता भी जताई। इस मौके पर कई कार्यकर्ता और कांग्रेस समर्थक उपस्थित रहे। पार्टी कार्यकताओं ने नई नियुक्ति का स्वागत करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं।

# जलडेगा में जनता दरबार का हुआ आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**सिमडेगा :** कोलेबिरा विधानसभा क्षेत्र के जलडेगा प्रखण्ड में कोलेबिरा विधायक नमन बिक्सल कोंगाडी के द्वारा जनता दरबार का आयोजन किया गया। जिसमें प्रखण्ड प्रशासन के सभी पदाधिकारी और कर्मी का सहयोग रहा. जनता दरबार में प्रखण्ड के सभी मुखिया, प्रमुख, जिला परिषद सदस्य, समिति सदस्य ,वार्ड मेम्बर एवं जनता उपस्थित हुए। उपस्थित लोगों का जेएसएलपीएस के दीदीयों के द्वारा फूल माला देकर स्वागत किया गया। स्वागत भाषण प्रखंड विकास पदाधिकारी के द्वारा किया गया। उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि हम सभी बहुत ही खुश नसीब हैं कि हम आजाद भारत में निवास करते हैं । क्यों कि हमारा देश एक लोकतांत्रिक देश है, जहां लोग अपने बातों को अपने विचारों को खुल कर अधिकारी या जनता के समक्ष रख सकते हैं ।ये अधिकार लोकतांत्रिक व्यवस्था में हमें मिली है ।आज आप सभी हमारे आह्वान पर यहां पर आए आपके द्वारा आवेदन दिया गया है



उस पर निश्चित रूप से त्वरित कार्रवाई किया जाएगा। आप लोग जो भी आवेदन प्रशासनिक अधिकारी या किसी को देते हैं तो उसका रिसिविंग जरूर लीजिएगा क्यों कि वही आपका आधार है। विधायक ने कहा कि खाद्य आपूर्ति विभाग द्वारा जो खाद्यान्न वितरण में गड़बड़ी की शिकायते मिली उस पर जिला उपायुक्त और आपूर्ति पदाधिकारी से हमने कहा कि अब जिस गोदाम से डीलर उठाव करते हैं वहीं अब हमारे लोग उपस्थित रहकर वजन को देखेंगे।अगर उसके बाद भी डीलर कम खाद्यान्न देते हैं तो उसपर कारवाई होगी। विधायक ने वन पट्टा,बीज, साईकिल एवं अन्य सामग्री का भी वितरण किया। विधायक कोलेबिरा ने जो भी आवेदन प्राप्त हुआ है उसके लिए प्रखण्ड विकास पदाधिकारी , अंचल अधिकारी एवं सभी विभागों को निर्देशित किए कि इस सभी पर उचित और त्वरित कार्रवाई करेंगे। साथ ही साथ इसकी जानकारी हमें भी देंगे।

कार्यक्रम में विधायक संग जिला विधायक प्रतिनिधि मोहम्मद समी आलम,रावेल लकड़ा, प्रखण्ड अध्यक्ष सुशील जड़िया, प्रखंड प्रतिनिधि अर्जुन होरो,अवध साहू, मोहम्मद रहीम खान,अमर तोपनो, मोहम्मद मुमताज,शिशिर डांग, आदि उपस्थित थे।

## भारी बारिश से मिट्टी का मकान ढहा

**सिल्ली/मुरी :** सिल्ली प्रखंड अंतर्गत बुधवार की अहले सुबह लगातार भारी बारिश होने की वजह से लेंगाहातू निवासी पवन कुमार महली का मिट्टी का कच्चा घर ढह गया जिससे वह काफी परेशान हो गए हैं। उन्होंने बताया कि वे मजदूरी कर अपने परिवार का जीवन यापन करते हैं एवं आर्थिक रूप से भी काफी कमजोर हैं।


**कार्यालय, कार्यपालक अभियंता, एन० आर० ई० पी०, सिमडेगा**

**अतिअल्पकालीन पुनः ई–निविदा आमंत्रण सूचना (2nd Call)**

ई–निविदा संख्या –03/2025-26/NREP/SIMDEGA दिनांक – 15.07.2025

1. कार्य का विवरण :–

| क्र0 | प्रखण्ड का नाम | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि अंक में (लाख में) | प्राक्कलित राशि अक्षर में | परिमाण विपत्र की राशि (रूपये में) | अग्रधन की राशि (रूपये में) | कार्य अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | बानो | बानो प्रखण्ड के महाबुआंग से तिनसोगड़ा तानीटोली तक 1500 फीट पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 21॰23914 | इक्कीस लाख तेईस हजार नौ सौ चौदह। | 5000 | 42500 | 90 दिन |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 2 | Date of publication of Bid on Website | :- | 19.07.2025 at 10:00 AM |
| 3 | Mode of Submission of Tender | :- | Online Through www.jharkhandtenders.gov.in |
| 4 | Bid submission start date | :- | 19.07.2025, 10:00 AM onwards |
| 5 | Last date and Time of Online submission of Bid | :- | 25.07.2025 by 03:30 PM |
| 6 | Bid Opening Date and Time | :- | 26.07.2025 at 04:00 PM |
| 7 | Tender inviting Authority | :- | Executive Engineer, N.R.E.P., Simdega |

विस्तृत जानकारी वेबसाईट www.jharkhandternders.gov.in पर देखा जा सकता है।

कार्यापालक अभियंता
एन0 आर0 ई0 पी0 सिमडेगा।

PR.NO.357453 Simdega(25-26):D


# विकास की पोल खोलती जलजमाव, सांसद का घर तक डूबा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पलामू :** पलामू में इन दिनों भारी बारिश के बाद उत्पन्न जलजमाव की स्थिति ने बुधवार को नगर निगम क्षेत्र की तथाकथित विकास योजनाओं की सच्चाई को उजागर कर दिया है। जलजमाव का आलम यह है कि खुद पलामू सांसद वीडी राम का आवास भी पानी में डूब गया है। यही नहीं, चैनपुर, रेड़मा, समदा अहरा, झरना टोला और भगवती अस्पताल के पास स्थित कई घरों में घुटनों से ऊपर पानी भर गया है। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा) के नेता रूचिर तिवारी ने इसे विकास का झूठा फल बताते हुए पूर्व मेयर, विधायक और सांसद पर सीधा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि निगम क्षेत्र में जल निकासी की कोई योजना कभी



बनी ही नहीं। केवल तालाबों का गहरीकरण और सौंदर्यीकरण कर दिखावटी काम किए गए, लेकिन बरसात के पानी के निकासी को लेकर न तो कोई योजना बनाई गई और न ही कोई काम हुआ।

भाकपा नेता रूचिर तिवारी ने गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि ठेकेदारों से मिलकर जनप्रतिनिधियों ने विकास के नाम पर खुली लूट मचाई। उन्होंने कहा कि बड़े-बड़े नालों और प्राकृतिक जल निकासी मार्गों को अतिक्रमण कर पक्के मकान बना दिए गए। नगर निगम की मिलीभगत से गुरुसूती, टेड़वा जैसी नदियों और पनेरी बांध के तालाबों तक को कब्जा लिया गया। भाजपा नेत्री सह पूर्व मेयर अरुणा शंकर पर आरोप लगाया गया है कि उन्होंने बड़ा तालाब की जमीन पर अतिक्रमण कर पानी निकासी का रास्ता बंद करने की कोशिश की, जिसे मछुआरों के आंदोलन के बाद रोका गया। इसी प्रकार चैनपुर में तालाबों को पाट दिया गया और उनके स्थान पर निर्माण कार्य कर दिया गया। उन्होंने कहा कि आज स्थिति यह है कि नगर निगम क्षेत्र का बड़ा हिस्सा जलमग्न हो गया है और आम नागरिकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। विशेषज्ञों और सामाजिक कार्यकताओं का कहना है कि यदि जल्द ही जल निकासी की समुचित व्यवस्था नहीं की गई, तो यह स्थिति और भयावह हो सकती है। अब समय आ गया है कि सरकार, प्रशासन और सभी राजनीतिक दल इस गंभीर मुद्दे को गंभीरता से लें, अवैध अतिक्रमण हटाएं और जल निकासी की समुचित योजना बनाकर उसे ईमानदारी से लागू करें, ताकि भविष्य में शहर को ऐसी त्रासदी से बचाया जा सके।


**उपायुक्त का कार्यालय, सिमडेगा (जिला नजारत शाखा)**

**Expression of Interest**

सिमडेगा जिला अतंर्गत बाह्य स्रोत के माध्यम से वाहनों की आपूर्ति किये जाने हेतु इच्छुक आपूर्तिकाताओं का चयन कर वाहन का दर निर्धारण किया जाना है अतः ऐसे इच्छुक आपूर्तिकर्ता जो विभाग / कार्यालय द्वारा निर्धारित शर्तो के अंतर्गत वाहन उपलब्ध कराने में सहमत है, से आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है, जिसकी विवरणी निम्नवत है :–

| सेवाओं की विवरणी | वाहन का प्रकार | वाहन की आयु | वाहन किराया प्रति माह चालक सहित | वाहन किराया प्रति माह चालक रहित |
|---|---|---|---|---|
| छोटी वाहन मासिक किराये के आधार पर उपलब्ध कराना | 1-SCORPIO Classic (S11) 7-seater/ 2-BOLERO Neo | 23 जुलाई 2025 को 02(दो) वर्ष से अधिक नहीं। | | |

इच्छुक सेवा प्रदाता को सूचित किया जाता है कि दिनांक 23.07.2025 को पूर्वाह्न 10.00 बजे तक सीलबन्द लिफाफा में अपना भाव पत्र, जिला नजारत शाखा, सिमडेगा के नाम से जिला नजारत शाखा, सिमडेगा में समर्पित कर सकते है, निर्धारित तिथि के पश्चात् भावपत्र स्वीकार नहीं किया जायेगा। भावपत्र स्वीकृत / रद्द करने का सम्पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरी को होगा।

**भावपत्र निस्तार से संबंधित अन्य महत्वपूर्ण सूचनायें :–**

1. भावपत्र समर्पित करने के स्थान– जिला नजारत शाखा कार्यालय, सिमडेगा।
2. भावपत्र समर्पित करने की अंतिम तिथि–23.07.2025 को पूर्वाह्न 10.00 बजे तक।
3. भावपत्र खोलने की तिथि–23.07.2025 अपराह्न 03.00 बजे तक।
4. भावपत्र खोलने का स्थान –समाहरणालय सभागार, सिमडेगा।

**शर्तें –**

✓ सेवा प्रदाता को वाहन के साथ चालक सहित / रहित मासिक किराया का दर अंकित करना होगा जो परिवहन विभाग, झारखण्ड द्वारा निर्धारित दर / निर्वाचन कार्य हेतु अनुमोदित दर से अधिक नहीं होना चाहिए।
✓ वाहन का निबंधन झारखंड का होना आवश्यक है तथा R.C. book संलग्न करना एवं मूलप्रति दिखाना आवश्यक है।
✓ वाहन का अद्यतन टैक्स भुगतान किये जाने संबंधित कागजात समर्पित करना आवश्यक है।
✓ वाहन का अद्यतन बीमा संबंधित कागजात समर्पित करना आवश्यक है।
✓ वाहन का वैध रोड Tax संबंधित कागजात समर्पित करना आवश्यक है।
✓ वाहन का आन्तरिक स्थिति (Interior) साफ सुथरा रहना आवश्यक है।
✓ वाहन का रंग सफेद होना आवश्यक है।
✓ विहित प्रपत्र–1 आपूर्तिकर्ता द्वारा विवरणी दिया जाना है।

जिला नजारत उप समाहर्ता,
सिमडेगा

PR 357415 Simdega(25-26)#D

# कानपुर का जुलाई नरसंहार अंग्रेजों ने क्रूरता की हद पार की

जलियांवाला बाग में हुए सामूहिक नरसंहार को सब जानते हैं पर अंग्रेजों ने इससे पहले और इससे भीषण नरसंहार भी किए थे।

इनमें एक भीषण नरसंहार जुलाई 1857 को कानपुर में हुआ। इसमें लगभग बीस हजार से अधिक निर्दोष नागरिकों को मौत के घाट उतारा गया था। छह हजार का आंकड़ा तो अकेले कानपुर नगर का है। इस नरसंहार के खलनायक जनरल नील और जनरल हैवलॉक नामक दो सैन्य अधिकारी थे। 1857 की क्रांति में कानपुर और बिठूर में केवल पांच दिनों तक चला यह भीषण नरसंहार अकेला नहीं है। इस क्रांति के दमन के लिए लगभग हर स्थान पर भीषण नरसंहार हुए। इनमें अधिकांश के वर्णन तो जिला गजेटियरों में है। कानपुर का नरसंहार कितना भीषण था, इस बात का अनुमान केवल इस एक तथ्य से लगाया जा सकता है कि अंग्रेजों ने इस क्रांति के दमन के लिए लगभग हर स्थान पर एक एक जनरल तैनात किया।

जनरल ह्यूरोज की कमान में जो सेना थी उसने मध्य प्रदेश के महू से अपना अभियान आरंभ किया और इंदौर, सीहोर, गढ़ी, राहतगढ़, सागर, आदि स्थानों के बाद झांसी कालपी और ग्वालियर में अभियान चलाया। अकेले कानपुर और बिठूर के लिए दो जनरल भेजे गए। वे भी ऐसे जो अपनी क्रूरता के लिए कुख्यात रहे। इसका कारण यह था कि 1857 में क्रांति का उद्घोष भले सिपाही मंगल पाण्डेय ने बंगाल इन्फ्रेन्ट्री से किया हो पर इसका मुख्य केंद्र कानपुर और मेरठ थे। इन स्थानों पर मई में क्रांत का आरंभ हुआ था। कानपुर में क्रांति के नायक नाना साहब पेशवा और तात्या टोपे थे। इनके नेतृत्व में सेना ने विद्रोह कर दिया था और नाना साहब पेशवा ने कानपुर में सत्ता संभाल ली थी। यहां कुछ अंग्रेज परिवार रहते थे। नाना साहब ने इन अंग्रेज परिवारों को सुरक्षित भेजने का प्रबंध किया और इन्हें गंगा पार कराने के लिए सत्ती चौरा भेजा गया। कुछ परिवार नावों से रवाना भी हो गए थे। किन्तु सत्ती चौरा में कुछ सैनिकों को गुस्सा आया और उन्होंने इन परिवारों पर हमला बोल दिया। इसमें कुछ अंग्रेज स्त्री-पुरुष मारे गए। यह घटना 26 जून, 1857 की है और इतिहास के पन्नों पर ₹सत्ती चौरा कांड₹ के नाम से जानी जाती है। इसमें मरने वाले अंग्रेजो की संख्या अलग-अलग बताई गई है। इस घटना से अंग्रेज बौखला गए। उन्होंने क्रूरतम अंग्रेज अधिकारियों की कमान में सेना कानपुर भेजी। जनरल हैवलॉक और जनरल नील के कमान में ये सेनाएं 16 जुलाई, 1857 को कानपुर पहुंचीं। इन सैन्य दलों ने पूरे नगर को घेर लिया। ब्रिटिश अधिकारियों को पहले उम्मीद थी कि ब्रिटिश परिवार सुरक्षित होंगे किन्तु जैसे ही उन्हे अंग्रेज परिवारों के मरने की जानकारी मिली तो उनका गुस्सा सांतवें आसमान पर पहुंच गया। और भारतीय नागरिकों का कत्लेआम शुरू कर दिया। इन सैनिकों के कानपुर और बिठूर में किए गए कुछ अत्याचारों का तो ऐसा वर्णन है जिसका उल्लेख करने में भी आत्मा कांपती है। लूटपाट, तोड़फोड़ और घरों को जलाना तो बहुत मामूली था। यह सेना नागरिकों के साथ जितने अत्याचार कर सकती थी वे सब किए गए। जनरल नील ने आदेश दिया कि पकड़े गए सभी सिपाही विद्रोही माने जाएं। उन्हे पकड़कर पहले बीबीघर परिसर ले जाया गया।

सत्तीचौरा का बीबीघर वह स्थान था जहां कुछ अंग्रेज परिवारों की हत्या की गई थी। गुस्साए सैनिकों ने बंदी बनाए गए विद्रोही सैनिकों से उस फर्श को चाटने के लिए विवश किया गया, जहां अंग्रेज परिवारों का रक्त गिरा था। इसके बाद उन्हें गोली मारकर पेड़ों पर लटका दिया गया। जबकि कुछ को तोपों से बांध कर उड़ा दिया गया। उधर जनरल हैवलॉक ने कानपुर छावनी में उन 134 सैनिकों को भी गोली मार देने के आदेश दिए जो क्रांति से दूर होकर पुनः अंग्रेजों की सेवा करना चाहते थे। इसके बाद विद्रोह को संरक्षण देने और समर्थन देने वाले कस्बों की ओर सेना चली।

## सूडोकु नवताल- 7493

★★★★☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 4 | 6 | | 1 | | 8 | | 2 |
| | 5 | | 8 | | 7 | | | |
| 9 | | | | 6 | | | | |
| | 6 | | 7 | 9 | | 5 | | 3 |
| 5 | | | | 4 | | | | 1 |
| 3 | | 1 | | 8 | 2 | | 7 | |
| | | | | 5 | | | | 6 |
| | | | 4 | | 3 | | 9 | |
| 4 | | 3 | | 2 | | 1 | 5 | 7 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -7492 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 7 | 9 | 4 | 2 | 5 | 6 | 1 | 3 |
| 5 | 6 | 3 | 8 | 1 | 7 | 4 | 2 | 9 |
| 4 | 1 | 2 | 6 | 9 | 3 | 5 | 8 | 7 |
| 1 | 9 | 8 | 3 | 7 | 4 | 2 | 6 | 5 |
| 7 | 3 | 4 | 2 | 5 | 6 | 8 | 9 | 1 |
| 2 | 5 | 6 | 1 | 8 | 9 | 7 | 3 | 4 |
| 9 | 8 | 5 | 7 | 3 | 2 | 1 | 4 | 6 |
| 6 | 2 | 7 | 9 | 4 | 1 | 3 | 5 | 8 |
| 3 | 4 | 1 | 5 | 6 | 8 | 9 | 7 | 2 |

# शुभांशु शुक्ला की सफलता और अंतरिक्ष स्टेशन की महत्वाकांक्षा

**डॉ. आर. बी. चौधरी**

भारतीय वायुसेना के ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला 15 जुलाई, 2025 को अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) से 18 दिन का ऐतिहासिक अभियान पूरा कर सकुशल धरती पर लौट आए हैं। उनका यह अभियान एक्सिओम-4 (एक्स-4) अंतरिक्ष यान से पूरा हुआ। यह भारत के अंतरिक्ष कार्यक्रम के लिए बड़ी उपलब्धि है। शुभांशु शुक्ला की यह यात्रा अंतरिक्ष में मानव को भेजने की भारत की बढ़ती क्षमता को दिखाती है। साथ ही, यह भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के 2035 तक अपना खुद का अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन बनाने की महत्वाकांक्षी योजना की नींव भी रखती है।



### शुभांशु शुक्ला का शानदार अभियान

शुक्ला आईएसएस पर रहने और काम करने वाले पहले भारतीय बने हैं। वह राकेश शर्मा के बाद अंतरिक्ष में जाने वाले दूसरे भारतीय हैं। राकेश शर्मा 1984 में एक सोवियत अंतरिक्ष यान से अंतरिक्ष में गए थे। 39 साल के भारतीय वायुसेना अधिकारी शुक्ला एक्स-4 अभियान के चालक थे, जो इसरो, नासा, यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी (ईएसए) और एक्सिओम स्पेस का एक साझा प्रयास था। 25 जून, 2025 को स्पेसएक्स के ड्रैगन अंतरिक्ष यान से रवाना हुए शुक्ला और उनके दल में पेगी व्हिट्सन (यूएसए), स्लावोज उज्नांस्की-विस्निवस्की (पोलैंड) और टिबोर कपु (हंगरी) शामिल थे। उन्होंने 60 से ज्यादा प्रयोग किए, जिनमें इसरो द्वारा डिजाइन किए गए सात प्रयोग भी शामिल थे।

शुक्ला के प्रयोगों का मुख्य ध्यान सूक्ष्मगुरुत्वाकर्षण अनुसंधान पर था, जो लंबे समय तक अंतरिक्ष अभियान के लिए बहुत जरूरी है। इनमें मूंग और मेथी के बीज अंकुरित करने, मायोजेनेसिस (शून्य गुरुत्वाकर्षण में मांसपेशी कोशिकाओं का विकास), साइनोबैक्टीरिया, सूक्ष्मशैवाल और भारतीय टार्डिग्रेड (ऐसे सूक्ष्मजीव जो अत्यधिक परिस्थितियों में भी जीवित रह सकते हैं) पर अध्ययन शामिल थे। एक खास प्रयोग सूक्ष्मशैवाल को एक टिकाऊ भोजन स्रोत के रूप में विकसित करना था, जो भविष्य के अंतरिक्ष अन्वेषण के लिए एक बड़ी अद्भुत खोज है। शुक्ला ने एक तैरते हुए पानी के बुलबुले का मजेदार प्रदर्शन भी किया, जहाँ उन्होंने खुद को ₹पानी मोड़ने वाला₹ बताया, जिसने लोगों का दिल जीत लिया। इस अभियान पर इसरो का लगभग ₹548 करोड़ ($59 मिलियन) का खर्च आया, जिसमें प्रशिक्षण, प्रक्षेपण का खर्च और वैज्ञानिक अनुसंधान शामिल था। शुक्ला को कोई सीधा वेतन नहीं दिया गया, जिससे यह साफ होता है कि इस अभियान का मुख्य लक्ष्य ज्ञान हासिल करना था। डॉकिंग, दल समन्वय और आपातकालीन प्रोटोकॉल में उनका अनुभव इसरो के गगनयान कार्यक्रम (जो 2027 में तय है) के लिए बहुत बहुमूल्य डेटा देगा।

### इसरो के अंतरिक्ष स्टेशन का सपना

इसरो की 2035 तक एक भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन बनाने की घोषणा से काफी उत्साह है। इसरो के अध्यक्ष एस. सोमनाथ ने एक मॉड्यूलर स्टेशन की योजनाओं के बारे में बताया, जिसकी शुरूआत 2028 तक एक एकल मॉड्यूल के प्रक्षेपण से होगी। शुरूआत में इसे 120-140 किमी की ऊंचाई पर तीन अंतरिक्ष यात्रियों को ठहराने के लिए डिजाइन किया गया है, जिसे बाद में 15-20 दिनों के लंबे अभियान के लिए 400 किमी पर संचालित किया जा सकता है। यह गगनयान अभियान के बाद होगा, जिसका उद्देश्य भारतीय अंतरिक्ष यात्रियों को स्वदेशी अंतरिक्ष यान और प्रक्षेपण यान का उपयोग करके कक्षा में भेजना है।

प्रस्तावित स्टेशन पदार्थ विज्ञान, जीव विज्ञान और खगोल भौतिकी में सूक्ष्मगुरुत्वाकर्षण अनुसंधान के लिए एक केंद्र के रूप में काम कर सकता है। यह इसरो के चंद्रमा और अंतरग्रहीय अन्वेषण के दीर्घकालिक लक्ष्यों के अनुरूप है, जिसमें 2040 तक चंद्रमा पर एक अंतरिक्ष यात्री अभियान की योजना भी शामिल है। शुक्ला के एक्स-4 अभियान ने कक्षीय संचालन, दल के स्वास्थ्य और प्रयोग प्रबंधन में महत्वपूर्ण जानकारी दी है, जो सीधे स्टेशन के विकास में मदद करेगी।

### वैश्विक सहयोग और चुनौतियाँ

इसरो का अंतरिक्ष स्टेशन अंतरराष्ट्रीय सहयोग के लिए एक मंच के रूप में देखा जा रहा है, जिसमें संभावित रूप से नासा, ईएसए और अन्य एजेंसियां शामिल होंगी, जो आईएसएस मॉडल के समान है। साझेदारी के प्रति खुले विचार लागत को कम कर सकती है और वैज्ञानिक परिणामों को बढ़ा सकती है, जिससे भारत आईएसएस के बाद के युग में एक अग्रणी के रूप में उभर सकता है, क्योंकि वर्तमान स्टेशन 2030 तक सेवामुक्त होने वाला है। हालाँकि, भू-राजनीतिक तनाव और चीन के तियांगोंग स्टेशन और एक्सिओम स्पेस जैसे निजी उपक्रमों से प्रतिस्पर्धा सहयोग को जटिल बना सकते हैं।

तकनीकी चुनौतियाँ काफी ज्यादा हैं। इसरो को उन्नत जीवन-समर्थन प्रणालियों, विकिरण परिरक्षण और डॉकिंग तंत्र विकसित करने होंगे। पुनः प्रयोज्य प्रक्षेपण यान और प्रणोदन प्रणालियों में निवेश का लक्ष्य लागत को कम रखना है, जैसा कि $74 मिलियन के मंगलयान अभियान में दिखाया गया, भारत की किफायती इंजीनियरिंग के लिए प्रतिष्ठा का लाभ उठाना है। शुक्ला के अभियान ने वास्तविक समय टेलीमेट्री, आपातकालीन प्रतिक्रिया और दल समन्वय में इसरो की विशेषज्ञता को बढ़ाया है, जो अंतरिक्ष स्टेशन की सफलता के लिए महत्वपूर्ण हैं।

### घरेलू और अंतरराष्ट्रीय प्रभाव

शुक्ला के अभियान ने भारत में व्यापक गर्व पैदा किया है, जिसमें स्मृति ईरानी जैसे नेताओं ने इसे ₹भारतीय अंतरिक्ष अन्वेषण के लिए एक बड़ी छलांग₹ बताया है। जनता में उत्साह स्पष्ट है, हालांकि कुछ लोग इसकी जटिलता के कारण अंतरिक्ष स्टेशन के पहले मॉड्यूल के लिए 2028 की समय-सीमा पर सवाल उठाते हैं।

धन की व्यवस्था एक चुनौती बनी हुई है, सरकार अंतरिक्ष आकांक्षाओं और स्वास्थ्य सेवा जैसी जमीनी प्राथमिकताओं के बीच संतुलन बना रही है। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर, इसरो के लागत-प्रभावी दृष्टिकोण की सराहना की जाती है, लेकिन व्यापक गगनयान के बाद के परीक्षणों की आवश्यकता को देखते हुए 2028 की समय सीमा की व्यवहार्यता पर सवाल उठाया जाता है।

### व्यापक निहितार्थ

शुक्ला का अभियान और इसरो के अंतरिक्ष स्टेशन की योजनाएँ अंतरिक्ष अन्वेषण को लोकतांत्रिक बना सकती हैं, ब्राजील या दक्षिण अफ्रीका जैसे देशों को प्रेरित कर सकती हैं। इस परियोजना से भारत के विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित (एसटीईएम) शिक्षा और एयरोस्पेस उद्योगों को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है, जिससे नवाचार और रोजगार सृजन को बढ़ावा मिलेगा। शुक्ला के जनसंपर्क प्रयासों ने, जिसमें छात्रों और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ बातचीत शामिल है, एक नई पीढ़ी को प्रेरित किया है।

शुभांशु शुक्ला के एक्स-4 अभियान ने भारत को मानव अंतरिक्ष उड़ान में एक उभरते हुए सितारे के रूप में स्थापित किया है, जो गगनयान कार्यक्रम और इसरो के अंतरिक्ष स्टेशन आकांक्षाओं के लिए महत्वपूर्ण अनुभव प्रदान करता है। भारत का अंतरिक्ष स्टेशन एक साहसी सोच है, जो अन्वेषण के अगले युग में नेतृत्व करने के अपने इरादे का संकेत देता है। तकनीकी, वित्तीय और राजनयिक चुनौतियों के बावजूद, इसरो का ट्रैक रिकॉर्ड और शुक्ला की सफलता सितारों के बीच भारत के लिए एक उज्ज्वल भविष्य का संकेत देते हैं।

**(लेखक, हिन्दुस्थान समाचार से संबद्ध हैं।)**

# अंतरिक्ष में भारत के आत्मनिर्भरता की नई परिभाषा

**डॉ.सत्यवान सौरभ**

मानव इतिहास की परिधि पर जब भी कोई नया चक्र उभरता है, तो उसमें विज्ञान, कल्पना और आत्मबल की त्रयी सबसे महत्वपूर्ण होती है। भारत की अंतरिक्ष यात्रा, जो एक समय टिन के डब्बों में साइकिलों पर रॉकेट लेकर चलने से शुरू हुई थी, आज न केवल चंद्रमा और मंगल की मिट्टी तक पहुंच चुकी है, बल्कि मानव संसाधन के नए क्षितिज भी गढ़ रही है। हाल ही में संपन्न हुई भारतीय मूल की गगनयात्री सुनीता विलियम्स की ऐतिहासिक वापसी, न केवल अमेरिका की सफलता है, बल्कि भारत के अंतरिक्ष स्वप्नों को भी नए पंख दे गई है। उनके साहस ने भारत की आधी आबादी-नारी शक्ति-को यह संदेश दिया है कि अब अंतरिक्ष केवल विज्ञान का विषय नहीं, बल्कि आत्मबल, समानता और नवाचार का प्रतीक बन चुका है। और अब अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला 18 दिनों के अंतरिक्ष प्रवास के बाद पृथ्वी पर लौट चुके हैं। वह अपने साथ सिर्फ वैज्ञानिक आंकड़े और बीज के नमूने ही नहीं बल्कि साहस, सपनों और भारत की बढ़ती अंतरिक्ष महत्वाकांक्षाओं की कहानी भी लेकर आए हैं।

भारत के लिए अंतरिक्ष कार्यक्रम कोई दिखावा नहीं, बल्कि जमीनी जरूरतों का समाधान है। ग्रामीण क्षेत्रों में मौसम की सटीक जानकारी, किसानों के लिए फसल पूवार्नुमान, आपदा प्रबंधन, संचार और शिक्षा के लिए सस्ती सेवाएं—ये सब हमारे उपग्रहों की देन हैं। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन की सफलता सिर्फ रॉकेट प्रक्षेपणों की संख्या में नहीं, बल्कि उनकी गुणवत्ता, सटीकता और न्यूनतम लागत में छुपी हुई है। यही कारण है कि दुनिया के बड़े राष्ट्र भी आज अपने उपग्रह प्रक्षेपण के लिए भारत का रुख कर रहे हैं।

चंद्रयान-3 की सफल लैंडिंग और आगामी गगनयान मिशन भारत को उस गुट में खड़ा कर रहे हैं, जहां सिर्फ चंद विकसित देश अब तक मौजूद थे। गगनयान मिशन, जिसमें भारतीय अंतरिक्ष यात्रियों को स्वदेशी यान में अंतरिक्ष में भेजा जाएगा, सिर्फ विज्ञान नहीं बल्कि भारतीय आत्मगौरव की पुनर्प्रतिष्ठा का प्रतीक होगा। इस यात्रा का सबसे रोचक पहलू यह है कि इसमें अब केवल वैज्ञानिक ही नहीं, आम भारतीय युवाओं के लिए भी संभावनाओं के नए द्वार खुल रहे हैं। इसरो, रक्षा अनुसंधान संगठन और निजी क्षेत्र के सहयोग से भारत एक ऐसा पारिस्थितिकी तंत्र विकसित कर रहा है जहां विज्ञान, नवाचार, रोजगार और उद्यमिता एक साथ फल-फूल सकते हैं।

सुनीता विलियम्स, कल्पना चावला, और अब भारत की युवा वैज्ञानिक-ये सब उदाहरण हैं उस शक्ति के जो अंतरिक्ष में भी सीमित नहीं है। आज देश की बेटियां रोवर बना रही हैं, सॉफ्टवेयर कोड लिख रही हैं, रॉकेट डिजाइन कर रही हैं। भारतीय अंतरिक्ष केंद्रों में महिला वैज्ञानिकों की सक्रिय भागीदारी इस मिथक को तोड़ती है कि विज्ञान केवल पुरुषों का क्षेत्र है। यह केवल लैंगिक समानता की बात नहीं, यह सामाजिक न्याय और राष्ट्र निर्माण की नींव है। जब एक लड़की अंतरिक्ष में जाती है, तो पूरे समाज का सोचने का तरीका बदलता है।

देश के नवोदय विद्यालयों, केंद्रीय विद्यालयों, सरकारी स्कूलों, और ग्रामीण अंचलों से आने वाले छात्र-छात्राएं अब स्पेस क्लब का हिस्सा हैं। नन्हे वैज्ञानिक अब मोबाइल एप्लिकेशन से रॉकेट लॉन्च की प्रक्रिया को समझ रहे हैं, और निजी स्टार्टअप्स जैसे अग्निकुल, 'स्काईरूट', और पिक्सेल अंतरिक्ष आधारित स्टार्टअप संस्कृति को जन्म दे रहे हैं। यह परिवर्तन केवल पढ़ाई या परीक्षा तक सीमित नहीं है, बल्कि रोजगार सृजन, नवाचार, और आर्थिक आत्मनिर्भरता की नींव भी है। अंतरिक्ष क्षेत्र में आत्मनिर्भर भारत का सपना अब सिर्फ सपना नहीं, योजनाबद्ध यथार्थ बनता जा रहा है। भारत में 2021 में स्थापित हुए अंतरिक्ष स्टार्टअप की संख्या 30 से बढ़कर 2025 में 190 से अधिक हो चुकी है। इस वृद्धि के पीछे न केवल सरकारी नीतियां हैं, बल्कि वह युवा ऊर्जा भी है जो रिस्क लेने को तैयार है। अब भारतीय युवा सिर्फ सरकारी नौकरी की तरफ नहीं देख रहा, वह अब सोचता है कि वह क्यों न खुद एक उपग्रह विकसित करे? क्यों न वह लॉन्च सर्विस उपलब्ध कराए? क्यों न वह अंतरिक्ष कचरे की सफाई पर स्टार्टअप शुरू करे? यह वही नया भारत है, जो न केवल ख्वाब देखता है, बल्कि उन्हें साकार भी करता है।

भारत अब अंतरिक्ष विज्ञान में केवल एक अनुसरणकर्ता नहीं, एक पथप्रदर्शक बनता जा रहा है। अफ्रीका, एशिया और दक्षिण अमेरिका के कई देश भारत से सहयोग की उम्मीद कर रहे हैं। भारत के सार्क सैटेलाइट का निर्माण यह दशार्ता है कि वह विज्ञान को केवल राष्ट्रहित में नहीं, विश्वहित में भी प्रयोग करना चाहता है। भारत की वसुधैव कुटुम्बकम की भावना अब पृथ्वी तक सीमित नहीं रही, बल्कि वह ब्रह्मांड तक विस्तार पा रही है।

हालांकि यह भी आवश्यक है कि अंतरिक्ष विज्ञान के इस उत्साह को तर्क और जिम्मेदारी के साथ देखा जाए। विज्ञान का उपयोग यदि केवल आत्मप्रशंसा या राजनीतिक प्रचार के लिए हो, तो वह अपने मूल उद्देश्य से भटक सकता है। हमें यह ध्यान रखना होगा कि अंतरिक्ष विज्ञान केवल चंद्रमा पर तिरंगा फहराने का उपक्रम नहीं, बल्कि गांव-गांव में शिक्षा, स्वास्थ्य, संचार और आपदा राहत पहुंचाने का भी माध्यम है। सच्चा राष्ट्रवाद वही है जो विज्ञान को लोकमंगल से जोड़ता है, न कि केवल मीडिया तमाशा बनाता है। भारत की अंतरिक्ष यात्रा केवल रॉकेटों की गिनती नहीं है।

यह देश की चेतना, आत्मबल, नवाचार, और युवाशक्ति की उड़ान है। जब कोई बच्चा गांव की मिट्टी से उठकर अंतरिक्ष वैज्ञानिक बनने का सपना देखता है, जब कोई युवती कहती है कि वह सुनीता विलियम्स या कल्पना चावला बनना चाहती है, और जब कोई शिक्षक अपने छात्रों को ब्रह्मांड के रहस्यों से अवगत कराता है, तब समझिए कि भारत सचमुच उड़ रहा है। और यह उड़ान, केवल आकाश की ओर नहीं, एक समावेशी, स्वावलंबी और वैज्ञानिक समाज की ओर है। इसलिए, आइए हम विज्ञान को केवल प्रयोगशालाओं में सीमित न करें, उसे घर-घर तक पहुंचाएं। विज्ञान का दीपक केवल रॉकेट नहीं बनाता, वह आशा, समानता और आत्मनिर्भरता की लौ भी जलाता है। अंतरिक्ष में भारत की यह यात्रा यहीं नहीं थमेगी। यह हर उस हृदय की धड़कन बनेगी, जो सोचता है, जो गढ़ता है और जो उड़ना चाहता है।

**(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

# इस 'एक्ट' को भी कोई नाम दीजिये जनाब?

**निर्मल रानी**

याद कीजिए 31 मार्च, 2016 को राज्य में हो रहे चुनावी दंगल के बीच कोलकाता में विवेकानंद फ़्लाईओवर गिरने की घटना और उसके बाद इस हादसे पर हुई जबरदस्त राजनैतिक बयानबाजी को। इस हादसे को लेकर बंगाल की ममता सरकार पर कटाक्ष करते हुए पीएम मोदी ने जबरदस्त हमला बोला था। उस हादसे में 25 लोग मारे गये थे। पुल निमार्ता कम्पनी ने इस हादसे को दैवीय कृत्य बताकर हादसे के कारण पर पर्दा डालने की कोशिश की थी। परन्तु उसी दौरान बंगाल में अपनी चुनावी सभाओं में इस हादसे को जोरदार चुनावी मुद्दा बनाते हुये तरह तरह की बातें की थीं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर 'मौत की राजनीति' करने का आरोप लगाया था। मोदी ने कहा था कि 'कोलकाता में हुआ फ़्लाई ओवर हादसा 'दैविक संदेश' है कि लोग बंगाल को तृणमूल कांग्रेस से बचाएं। यह एक्ट ऑफ गॉड नहीं एक्ट ऑफ फ्रॉड है।' प्रधानमंत्री ने उस समय कहा था कि 'वामपंथ और दक्षिणपंथ को भूल जाइए, उनके बारे में चिंता कीजिए जो मर रहे हैं। कम से कम मृतकों को तो सम्मान दीजिए। लेकिन दीदी को मरते लोग नहीं, कुर्सी दिखाई पड़ती है'। प्रधानमंत्री ने यह भी कहा था कि 'उनकी(ममता) बेशर्मी तो देखिए। यह एक बड़ा हादसा था, लेकिन उन्होंने आरोप-प्रत्यारोप का खेल शुरू कर दिया। उन्होंने यहां तक कह दिया कि ठेका पिछली वाम मोर्चा की सरकार के शासनकाल में दिया गया था। मैं दीदी से यह बात पूछना चाहता हूं कि पुल निर्माण कार्य पूरा होने के बाद इसके उद्घाटन के वक़्त उन्होंने क्या यह बात कही कि इसका ठेका वाम मोर्चे की सरकार ने दिया था? नहीं, आपने इसका श्रेय लिया। अब चूंकि यह गिर चुका है, इसलिए आप दूसरों पर आरोप लगा रहे हैं। यह आपकी 'पैसे और मौत की राजनीति' का एक हिस्सा है।' उसी समय मोदी ने बड़े गर्व से यह भी फरमाया था कि 'जिस राज्य में भाजपा की सरकार है, वहां चौतरफा विकास हो रहा है। आपने बंगाल में वाम और तृणमूल को बहुत देखा और दोनों ने बंगाल को बर्बाद करने के लिए सब कुछ किया। भाजपा को एक मौका दीजिए और हम आपको दिखाएंगे कि विकास का मतलब क्या होता है।

परन्तु इत्तेफाक से मोदी के इस भाषण के बाद ही भाजपा शासित राज्यों के कथित 'विकास मॉडल' की जो पोल खुलनी शुरू हुई वह परत दर परत खुलती ही जा रही है। खासकर भाजपा शासित उस गुजरात राज्य की जिस के विकास मॉडल का नाम पर 2013 से लेकर देश को ठगा जा रहा था। परन्तु एक के बाद एक कई बड़े हादसे होने के बाद अब गुजरात मॉडल का नाम लेना कम हो गया है। अन्य भाजपा शासित राज्यों की तो बात ही छोड़िये केवल गुजरात में ही हाल के वर्षों में कई पुल टूटने की घटनाएँ सामने आई हैं। इनमें अभी ताजातरीन घटना महिसागर नदी पर बने वडोदरा और आणंद को जोड़ने वाले गंभीरा ब्रिज के ढह जाने की हुई। गत 9 जुलाई को यह विशाल एवं व्यस्त पुल ढह गया जिसके चलते 5 वाहन नदी में गिर गये। इस हादसे में 17 लोगों की मौत की खबर है जबकि कई लोग अभी भी लापता बताये जा रहे हैं। बताया जा रहा है कि रखरखाव के अभाव के चलते यह व्यस्त पुल जर्जर होता जा रहा था जो सरकार की अनदेखी के कारण एक बड़े हादसे की नौबत तक आ पहुंचा।

इसी 'मॉडल राज्य ' में 30 अक्टूबर 2022 को मोरबी केबल ब्रिज हादसा हुआ था जबकि मच्छू नदी पर बना सस्पेंशन ब्रिज टूट गया था। 7 महीने के नवीनीकरण के बाद पर्यटकों हेतु यह पुल खोला गया था। इस सस्पेंशन ब्रिज टूटने के हादसे के समय पुल पर 300 से अधिक लोग मौजूद थे, जो इसकी क्षमता से ज्यादा थे । इस हादसे में 135 लोगों की मौत हुई थी और 56 लोग घायल हुए थे। उस समय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राहत कार्यों का निर्देश दिया था और मृतकों के लिये 2 लाख रुपये की अनुग्रह राशि की घोषणा की थी। इसी तरह गुजरात में ही 24 सितंबर 2023 को सुरेंद्रनगर ब्रिज हादसा हुआ था जबकि सुरेंद्रनगर, राष्ट्रीय राजमार्ग को चूड़ा से जोड़ने वाला 40 साल पुराना पुल टूट गया था। इस हादसे में एक ट्रक सहित कई वाहन नदी में गिर गये थे। यह पुल भी जर्जर संरचना और भारी वाहनों के दबाव के चलते ध्वस्त हुआ था। इसी तरह बुलेट ट्रेन प्रोजेक्ट के लिए निमार्णाधीन एक पुल वासद, आणंद में टूट गया। 5 नवंबर 2024 को हुये इस हादसे में 3 मजदूरों की मौत हुई थी। इस हादसे का कारण भी निर्माण में खामियों की संभावना बताई गए थी। इसी तरह 24 जनवरी 2020 को मेहसाणा में खारी नदी पर बना पुल टूट गया था तो 21 दिसंबर 2021 को अहमदाबाद में मुमतपुरा पुल का एक भाग टूट गया। जबकि जून 2025 में बोटाद में पाटलिया नदी पर बना पुल बारिश के कारण क्षतिग्रस्त हो गया था। सवाल यह है कि 'मॉडल राज्य गुजरात ' में होने वाले ऐसे हादसे क्या भ्रष्टाचार और प्रशासनिक लापरवाही का परिणाम नहीं ? निश्चित रूप से गुजरात में पुल टूटने की इस तरह की घटनाएँ संरचनात्मक सुरक्षा और रखरखाव की कमी को उजागर करती हैं। और बार-बार होने वाले ऐसे हादसों से जनता में सरकार के प्रति अविश्वास बढ़ता है।

इसी तरह उत्तर प्रदेश,बिहार,मध्य प्रदेश या राजस्थान इन सभी भाजपा शासित राज्यों में कहीं निमार्णाधीन सड़कें बह रही हैं कहीं उद्घाटन से पूर्व कोई प्रोजेक्ट धराशायी हुआ जा रहा है। यद् कीजिये महाराष्ट्र के सिंधुदुर्ग ज़िले के मालवन में स्थित राजकोट किले में केवल आठ माह पूर्व छत्रपति शिवाजी महाराज की जिस 35 फुट ऊँची मूर्ति का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों गया था वह प्रतिमा 26 अगस्त 24 को ताश के पत्तों की तरह ढह गयी।

## दैनिक पंचांग

**17 जुलाई 2025 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | कर्क में | कर्क | 05.26 बजे से |
| चंद्र | मीन में | सिंह | 07.42 बजे से |
| मंगल | सिंह में | कन्या | 09.54 बजे से |
| बुध | कर्क में | तुला | 12.05 बजे से |
| गुरु | मिथुन में | वृश्चिक | 14.19 ब.से |
| शुक्र | वृष में | धनु | 16.35 बजे से |
| शनि | मीन में | मकर | 18.40 बजे से |
| राहु | कुंभ में | कुंभ | 20.27 बजे से |
| केतु | सिंह में | मीन | 22.00 बजे से |
| राहुकाल 1.30 से 3.00 बजे तक | | मेष | 23.30 बजे से |
| | | वृष | 01.10 बजे से |
| | | मिथुन | 03.08 बजे से |

**गुरुवार** 2025 वर्ष का 198 वा दिन **दिशाशूल** दक्षिण **ऋतु** वर्षा। **विक्रम संवत्** 2082 **शक संवत्** 1947 **मास** श्रावण (दक्षिण भारत में आषाढ) **पक्ष** कृष्ण **तिथि** सप्तमी 19.10 बजे को समाप्त। **नक्षत्र** रेवती 03.39 बजे रात्र को समाप्त। **योग** अतिगण्ड 09.29 बजे को समाप्त। **करण** विष्टि 08.08 बजे तदनन्तर बव 19.10 बजे को समाप्त। **चन्द्रायु** 21.6 घण्टे **रवि क्रान्ति** उत्तर 21° 11' **सूर्य** उत्तरायन **कलि अहर्गण** 1872408 **जूलियन दिन** 2460873.5 **कलियुग संवत्** 5126 **कल्पारंभ संवत्** 1972949123 **सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123 **वीरनिर्वाण संवत्** 2551 **हिजरी सन्** 1446 **महीना** मोहर्रम **तारीख** 21 **विशेष** कालाष्टमी।

| दिन का चौघड़िया | | रात का चौघड़िया | |
|---|---|---|---|
| शुभ | 05.54 से 07.22 बजे तक | अमृत | 05.40 से 07.11 बजे तक |
| रोग | 07.22 से 08.51 बजे तक | चर | 07.11 से 08.43 बजे तक |
| उद्वेग | 08.51 से 10.19 बजे तक | रोग | 08.43 से 10.15 बजे तक |
| चर | 10.19 से 11.47 बजे तक | काल | 10.15 से 11.47 बजे तक |
| लाभ | 11.47 से 01.15 बजे तक | लाभ | 11.47 से 01.19 बजे तक |
| अमृत | 01.15 से 02.43 बजे तक | उद्वेग | 01.19 से 02.51 बजे तक |
| काल | 02.43 से 04.11 बजे तक | शुभ | 02.51 से 04.23 बजे तक |
| शुभ | 04.11 से 05.40 बजे तक | अमृत | 04.23 से 05.55 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore

## एक नजर

### जनता दरबार का हुआ आयोजन

**हजारीबाग :** समाहरणालय सभागार में मंगलवार को उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह द्वारा साप्ताहिक जनता दरबार का आयोजन किया गया। इस दौरान जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए आम नागरिकों ने अपनी समस्याओं को उपायुक्त के समक्ष रखा। जनता दरबार में प्राप्त आवेदनों में पेंशन से संबंधित मामलों, भूमि विवाद, अतिक्रमण, खास महाल लीज नवीनीकरण, अबुआ आवास निर्माण में उत्पन्न बाधाओं एवं मुआवजा भुगतान जैसी समस्याएं प्रमुख रहीं। उपायुक्त ने सभी आवेदनों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित पदाधिकारियों को त्वरित जांच कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। मुबारक हुसैन, कटकमदाग द्वारा फर्जी रसीद के माध्यम से भूमि हड़पने की शिकायत पर अंचलाधिकारी कटकमदाग को जांच रिपोर्ट शीघ्र उपलब्ध कराने का निर्देश। बड़कागांव के एक ग्रामीण द्वारा एनटीपीसी से मार्जिन राशि के लंबित भुगतान की शिकायत पर, संबंधित एनटीपीसी अधिकारी को नियमानुसार कार्रवाई करने का निर्देश। चमेली देवी, कटकमसांडी की रैयती जमीन पर जबरन कब्जे के मामले में अंचलाधिकारी को जांच कर कार्रवाई का आदेश। शुभम खंडेलवाल, सदर हजारीबाग की खास महाल जमीन के लीज नवीनीकरण एवं अतिक्रमण हटाने के अनुरोध पर सदर एसडीओ को जांच कर रिपोर्ट देने का निर्देश।

### ऑटो चालकों की समस्याओं को लेकर संघ की बैठक 19 को

**रांची :** झारखंड प्रदेश सीएनजी ऑटो चालक महासंघ की बैठक प्रदेश सचिव रमाशंकर सिंह की अध्यक्षता में बुधवार को हुई। बैठकर में निर्णय लिया गया कि नामकुम रामपुर मार्ग में चलने वाली सभी सीएनजी ऑटो, मैजिक और सवारी गाडियों के चालकों की बैठक 19 जुलाई को नामकुम स्थित सरहुल मैदान में होगी। बैठक में रामपुर मार्ग की सभी समस्याओं के निदान के लिए चर्चा की जाएगी। उन्होंने बताया कि उक्त बैठक में झारखंड प्रदेश सीएनजी ऑटो चालक महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष दिनेश सोनी, प्रदेश उपाध्यक्ष रामकुमार सिंह सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे।

### विश्व युवा कौशल दिवस पर एआई और मेटावर्स पर कार्यशाला का हुआ आयोजन

**गोड्डा :** विश्व युवा कौशल दिवस के उपलक्ष्य में अदाणी स्किल डेवलपमेंट सेंटर, गोड्डा के तत्वावधान में सुंदरपहाड़ी स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में विशेष तकनीकी कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का मुख्य विषय आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और मेटावर्स था। विद्यालय की छात्राओं ने कार्यशाला में उत्साहपूर्वक भाग लिया और इन आधुनिक तकनीकों के मूल सिद्धांतों, उपयोग, और भविष्य की संभावनाओं पर आधारित जानकारी प्राप्त की। छात्राओं ने इसे न केवल ज्ञानवर्धक बल्कि प्रेरणादायक अनुभव के रूप में भी सराहा। कार्यक्रम के आयोजन में अदाणी स्किल डेवलपमेंट सेंटर, गोड्डा के प्राचार्य राम कोटेश्वर राव और उनके सहकर्मी राहुल कुमार, सूरज कुमार, मृणाल चौधरी की महत्वपूर्ण भूमिका रही। इन सभी ने मिलकर छात्राओं को तकनीकी शिक्षा से जोड़ने के लिए सराहनीय प्रयास किया। कार्यशाला के दौरान छात्राओं ने एआई और मेटावर्स जैसे जटिल विषयों को सहजता से समझा और उनमें निहित अवसरों को पहचाना। इस पहल ने छात्राओं में तकनीकी जागरूकता, डिजिटल आत्मनिर्भरता और आत्मविश्वास को सशक्त किया।

# कृषि और संबद्ध विभागों के समन्वय से किसानों को मिले अधिक लाभ : उपायुक्त

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रामगढ़ :** कृषि एवं अन्य संबद्ध विभागों द्वारा किए जा रहे कार्यों को लेकर बुधवार को उपायुक्त फैज अक अहमद मुमताज की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में बैठक आयोजन किया गया। बैठक के दौरान उपायुक्त द्वारा जिले के अलग-अलग क्षेत्र में कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन अभिकरण (आत्मा) द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी परियोजना उपनिदेशक आत्मा से ली गई वहीं वर्ष 2025 - 26 में संचालित योजनाओं सहित अन्य फसलों के अच्छादन के तहत प्रखंडवार अब तक हो रहे कार्यों की समीक्षा कर उपायुक्त ने लक्ष्य के अनुरूप प्राप्ति करने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान उपायुक्त के द्वारा कृषि योजना के तहत चल रहे कार्यों की समीक्षा के क्रम में संबंधित अधिकारियों को योजना पर विशेष ध्यान देते हुए अभियान मोड में योग्य लाभुकों को योजना से जोड़ने का निर्देश दिया वहीं झारखंड कृषि ऋण माफी योजना, पीएम किसान सम्मान निधि योजना की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने लंबित ई केवाईसी का कार्य तत्काल रूप से पूर्ण करने का निर्देश दिया। साथ ही पीएम किसान योजना के तहत स्वयं से पंजीकरण करने वाले लाभुकों की जांच कर स्वीकृति देने तथा उनका ईकेवाईसी का कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया। किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड उपलब्ध कराने के तहत हो रहे कार्यों की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने कृषि के साथ-साथ पशुपालन, मत्स्य पालन से जुड़े किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड के लाभ से आच्छादित करने का निर्देश दिया वहीं उन्होंने मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना सहित पशुपालन से जुड़ी अन्य योजनाओं के लाभुकों को केसीसी उपलब्ध कराने को लेकर जिला अग्रणी प्रबंधक सहित अन्य संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उपायुक्त ने जिला मत्स्य पदाधिकारी को मत्स्य पालन से जुड़े लाभुकों को केसीसी उपलब्ध कराने तथा जिले के अलग-अलग खनन प्रभावित क्षेत्रों में बंद पड़ी खदानों में मत्स्य पालन को बढ़ावा देने हेतु माइनिंग कोलपिट की पहचान कर संबंधित प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। इन सबके अलावा बैठक के दौरान उपायुक्त ने उद्यान, मत्स्य, भूमि संरक्षण सहित अन्य कृषि संबद्ध विभागों द्वारा विगत वित्तीय वर्ष तथा वर्तमान वित्तीय वर्ष में किए गए कार्यों एवं लक्ष्य के अनुरूप प्राप्ति सुनिश्चित करने को लेकर महत्त्वपूर्ण दिशा निर्देश दिए। बैठक में उप विकास आयुक्त आशीष अग्रवाल अपर समाहर्ता कुमारी गीतांजलि, कृषि एवं अन्य संबद्ध विभागों के जिला एवं प्रखंड स्तरीय अधिकारियों सहित अन्य उपस्थित थे।

## रामगढ़ में छह दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण संपन्न, वित्तीय समावेशन को मिलेगा नया बल

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रामगढ़ :** वित्तीय समावेशन को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी द्वारा 11 जुलाई से 16 जुलाई 2025 तक आरसेटी रामगढ़ में 6 दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। यह प्रशिक्षण विशेष रूप से वित्तीय साक्षरता कम्युनिटी रिसोर्स पर्सन के लिए आयोजित किया गया था। इस प्रशिक्षण में रामगढ़ जिले के विभिन्न प्रखंडों से चयनित कुल 24 एफएल-सीआरपी प्रतिभागियों ने भाग लिया। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों के स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को वित्तीय साक्षरता से जोड़ना, बैंकिंग सेवाओं के प्रति जागरूक करना तथा उनके साथ सशक्त वित्तीय संबंध स्थापित करना था। प्रशिक्षण के दौरान निम्नलिखित महत्वपूर्ण विषयों को विस्तार पूर्वक चर्चा की किया गयाः भविष्य की बचत योजना एवं लघु मासिक बचत योजना की तैयारी, व्यक्तिगत बचत की महत्ता, बैंक से ऋण लेने की प्रक्रिय', व्यक्तिगत एवं क्रेडिट लिंकेज की जानकारी, धन का सही दिशा में उपयोग, बीमा योजनाओं की जानकारी जैसेः प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, अटल पेंशन योजना, आयुष्मान कार्ड, डिजिटलीकरण की ओर बढ़ते कदम- मोबाइल बैंकिंग, यूपीआई का प्रयोग, बैंकिंग धोखाधड़ी से बचाव की जानकारी, सक्षम सेंटर की भूमिका और महत्ता, सक्षम एप्लिकेशन के माध्यम से प्रशिक्षण की प्रक्रिया, की भूमिका कार्य प्रणाली और रिपोर्टिंग मेकेनिजम के बारे में जानकारी दी गई।

## उपायुक्त ने डिवाइन ओंकार मिशन आवासीय विद्यालय का किया निरीक्षण



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रामगढ :** बुधवार को उपायुक्त रामगढ़ फैज अक अहमद मुमताज ने रामगढ़ शहर अंतर्गत डिवाइन ओंकार मिशन संस्था द्वारा संचालित आवासीय विद्यालय का निरीक्षण किया। उपायुक्त ने सचिव डिवाइन ओंकार मिशन राजेश कुमार नागी से संस्था द्वारा किए जा रहे कार्यो की जानकारी ली। मौके पर उन्होंने विद्यालय के माध्यम से बच्चों को मिल रहे लाभ एवं विभिन्न सुविधाओं की भी जानकारी ली। निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने डिवाइन ओंकार मिशन आवासीय विद्यालय के बच्चों के साथ समय व्यतीत किया एवं उन्हें विद्यालय के माध्यम से मिल रहे लाभ आदि की जानकारी ली। मौके पर उपायुक्त ने सभी बच्चों को उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी साथ ही उन्होंने सचिव डिवाइन ओंकार मिशन को संस्था द्वारा किए जा रहे कार्यों में किसी भी प्रकार की सहायता व समस्या से उन्हें अवगत कराने की बात कही।

## कोटपा अधिनियम अंतर्गत चलाया गया छापेमारी अभियान



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रामगढ़ :** सिविल सर्जन रामगढ़ डॉ महालक्ष्मी प्रसाद एवं जिला नोडल पदाधिकारी तंबाकू नियंत्रण कोषांग रामगढ़ के निदेशानुसार रजरप्पा मंदिर परिसर में कोटपा 2003 अंतर्गत जिला खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी श्रीमती दीप श्री एवं जिला परामर्शी तम्बाकू नियंत्रण द्वारा छापेमारी अभियान चलाया गया , छापेमारी के दौरान रेस्टुरेंट एवं होटल में धूम्रपान निषेध साइनेज नहीं होने के कारण अर्थदंड लगाया गया साथ ही उन्हें प्रोटोटाइप देकर लगवाया गया। साथ ही बताया ही बताया गया कि किसी भी होटल या रेस्टोरेंट में कोई भी व्यक्ति धूम्रपान करने के प्रति उल्लंघनकर्ता 1000 रुपए का अर्थ दंड लगाया जाएगा। साथ ही पान दुकानदार को साइनेज 6 नहीं होने के कारण अर्थदंड लगाया गया। तंबाकू दुकानदार को साइनेज लगा कर तंबाकू बेचा जाना है उल्लंघन करने पर 1000 रुपए तक अर्थदंड लगाया जाएगा। किसी भी दुकानदार को खुला हुआ सिगरेट नहीं बेचना है उल्लंघन करने पर अर्थदंड लगाया जाएगा। साथ ही 21 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को तम्बाकू का कोई भी सामान नहीं बेचा जाना है। छापेमारी के दौरान कुल 9 दुकानदारों से कुल 2600 रुपए अर्थदंड लगाया गया।

## हजारीबाग में पिछड़ा वर्ग आयोग का किया निरीक्षण विकास योजनाओं की स्थिति की हुई समीक्षा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**हजारीबाग :** झारखंड सरकार के पिछड़ा वर्गों के लिए राज्य आयोग की टीम बुधवार को हजारीबाग जिले के दौरे पर रही। आयोग की टीम में अध्यक्ष जानकी प्रसाद यादव, सदस्य नंदकिशोर मेहता, लक्ष्मण यादव, नरेश वर्मा एवं अवर सचिव मो. मजहर हुसैन एवं अन्य कर्मी सम्मिलित थे। आयोग की टीम द्वारा जिले में पिछड़े वर्गों की सामाजिक, आर्थिक एवं शैक्षणिक एवं राजनैतिक स्थिति के अध्ययन तथा पिछड़े वर्गों से संबंधित अन्य मामलों की समीक्षा की गई। दौरे के दौरान टीम ने नगर निकाय के दीपुगढ़ा एवं मटवारी वार्ड का निरीक्षण किया। आयोग की टीम ने परिसदन भवन में जिला स्तरीय पदाधिकारियों के साथ बैठक कर विभिन्न बिंदुओं पर जानकारी प्राप्त की एवं समीक्षा की। बैठक में कई विषयों पर विशेष रूप से चर्चा की गईः जिले में संपन्न डोर-टू-डोर सर्वे से संबंधित प्रतिवेदन की समीक्षा। जिला कार्यालयों में आउटसोर्सिंग के माध्यम से हुई नियुक्तियों में आरक्षण की स्थिति। पिछड़ा वर्ग के नागरिकों को जाति एवं आवासीय प्रमाण पत्र निर्गत करने हेतु लंबित आवेदनों की समीक्षा। प्राकृतिक आपदा से हुई मृत्यु में पिछड़े वर्ग के लाभार्थियों को अनुग्रह अनुदान की उपलब्धता की समीक्षा। शिक्षा का अधिकार अधिनियम के तहत निजी विद्यालयों में नामांकन की समीक्षा। मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के अंतर्गत पिछड़े वर्गों के लाभुकों की संख्या की समीक्षा। मत्स्य निदेशालय द्वारा संचालित योजनाओं में पिछड़े वर्गों के लाभुकों की समीक्षा। आयोग की टीम द्वारा विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए तथा लंबित मामलों के शीघ्र निष्पादन का निर्देश दिया गया।

# जन समस्याओं को लेकर कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने डीसी से की मुलाकात, डॉ. आरसी मेहता के नेतृत्व में सौंपा गया ज्ञापन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**हजारीबाग :** हजारीबाग विधान सभा के पूर्व कांग्रेस उप विजेता डॉ आरसी मेहता के नेतृत्व में कांग्रेस प्रतिनिधिमण्डल ने डीसी शशि प्रकाश सिंह से मिलकर हजारीबाग के जन समस्याओं को से अवगत कराते हुए ज्ञापन सौंपें। ज्ञापन में निम्न लिखित बातें उल्लेख किया गया।हजारीबाग जिले में आधे से ज्यादा वारदातों का कारण जमीन विवाद है। जिले समेत सभी प्रखंडों में खतियानी जमीन के ऑनलाइन में अनेकों त्रुटि है। इसे सुधारने के लिए वर्षो से लोग परेशान है। एलपीसी और मोटेशन बिचौलिए का व्यवसाय बन गया है जिले में भू माफिया शराब माफि या ड्रग माफिया कोल माफिया का तांडव है पाँच लोगों के अपहरण का सुराग आज तक नहीं मिला दर्जनों हत्याओं का सुराग नहीं मिला है इचाक प्रखण्ड का खातियान और रजिस्टर टू वर्षों पूर्व चोरी किया गया तत्पश्चात हजारों लोग के जमीन के रेस्टर 2 में हेरा फेरी कर दस दिन बाद पंचायत भवन के बरामदे में रख दिया गया। जिसका रिकवरी इचाक थाना द्वारा किया गया है जो आज भी इचाक थाना में वर्षों से रखा गया है इस हेरा फेरी का छान बीनकर खातियान रजिस्टर को अंचल कार्यालय में रखा जाय। बानादाग साइडिंग क्षेत्र के कृषक त्रस्त है। डस्ट एवं पलूशन के कारण खेती नहीं हो पा रहा है जिले मे भू माफ्याओं द्वारा अक्सर मंदिर मस्जिद कब्रस्थान डैम नदी नाला सरकारी जमीन तालाब इत्यादि भूखंडों भूमि व्यापारियों द्वारा कब्जा करने का प्रयास हो रहा है। पदाधिकारियों के कर्तवहीनता के कारण सार्वजनिक स्थलों पर अवैध कब्जा किया जा रहा है। जनता को आपसे काफी उम्मीद है। असहाय पीड़ितो के एफ आई आर आवेदन को थाना द्वारा रिसीविग नहीं दिया जाता है यदि केस दर्द भी हो जाता है तो थाने में पुनः आरोपी द्वारा काउंटर केस किया जाता है कॉन्टर केश अपराध से बचने का एक मार्ग है मान्यीय से निवेदन है अन्याय के खिलाफ आवाज उठाने वालों पर धारा 353 का धौंस दिखाया जाता है। जिससे हजारीबाग के साथ-साथ झारखंड सरकार का छवि धूमिल हो रहा है। ड्रग नशा का प्रचलन जोरों पर है। जिले के सभी प्रखंडों एवं मुख्यालय में ब्राउन शुगर की बिक्री हो रही है जुआ अड्डा अनेकों गाँवों में देखने को मिल रहा है।

## संक्षिप्त खबरें

### राम जानकी मठ परिसर में दुकान निर्माण को मिली मंजूरी, मंदिर जीर्णोद्वार की योजना तैयार



**हजारीबाग :** बुधवार को झारखंड प्रदेश हिन्दू धार्मिक न्यास बोर्ड के अध्यक्ष जयशंकर पाठक श्री राम जानकी मठं के समिति के द्वारा दिए गए आवेदन पर आय का साधन बढ़ाने हेतू दुकान बनाने की स्वीकृति बोर्ड के द्वारा दी गई । मठं के निरीक्षण के उपरांत एक बैठक कर लोंगो से बात कर मंदिर के जीर्णोद्वार पर चर्चा की गई। साथ ही साथ श्री राम जानकी मंदिर पर विद्यालय चलाने की चर्चा की गई । इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष सुरेश केशरी, उपाध्यक्ष शशि मोहन सिंह सचिव प्रेमचंद साव, विरेन्द्र कुमार सिंह, लाल मोहन रविदास, दिनेश महतो, शत्रुघ्न राम, अशोक ठाकुर, मनोहर राम, लखन महतो उपस्थित थे।

### रामगढ़ में बूथ लेवल एजेंट नियुक्ति को लेकर डीईओ की अध्यक्षता में बैठक संपन्न



**रामगढ़ :** बुधवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त श्री फैज अक अहमद मुमताज की अध्यक्षता में उनके कार्यालय कक्ष में अपॉइंटमेंट ऑफ बूथ लेवल एजेंट से संबंधित बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान उप निर्वाचन पदाधिकारी श्री रविंद्र कुमार गुप्ता के द्वारा उपायुक्त सहित बैठक में उपस्थित अन्य को बैठक आयोजित करने के उद्देश्य के प्रति जानकारी दी गई। इस दौरान उनके द्वारा बताया गया की मतदाता सूची की तैयारी और संशोधन प्रक्रिया में पारदर्शिता को बढ़ाने तथा इसकी विश्वसनीयता में सुधार लाने के लिए रामगढ़ जिला अंतर्गत सभी सदस्य, सचिव, प्रतिनिधि, मान्यता प्राप्त राजनीतिक दल के साथ अपॉइंटमेंट ऑफ बूथ लेवल एजेंट की बैठक आयोजित की गई है। बैठक के दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त के द्वारा उपस्थित राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों सहित अन्य को अपने-अपने क्षेत्र से संबंधित बूथ लेवल एजेंट नामित करने एवं इसकी प्रति जिला स्तर पर उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। इसके साथ ही बैठक के दौरान अपॉइंटमेंट ऑफ बूथ लेवल एजेंट से संबंधित कई महत्वपूर्ण विषयों पर परिचर्चा के क्रम में आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

### 21 को कांग्रेस प्रदेश प्रभारी व अध्यक्ष के आगमन पर संगठन सृजन को लेकर हुई बैठक




**हजारीबाग :** 21 जुलाई को अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के राष्ट्रीय महासचिव सह झारखंड प्रभारी के राजू और प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश के आगमन पर एक महत्वपूर्ण बैठक जिला कांग्रेस कार्यालय में जिला अध्यक्ष की अध्यक्षता में की गई जिसे जिले के सभी प्रखंड अध्यक्ष व महानगर अध्यक्ष मौजूद रहे निदेर्शानुसार संगठन सृजन 2025 के तहत जिला अध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार यादव ने कहा कि जिला, प्रखंड, बूथ तथा पंचायत तक युद्ध स्तर पर जिले के संगठन को मजबूत करने के उद्देश्य से ये बैठक आहुत की गई है । साथ ही सभी प्रखंड अध्यक्षों को 21 तारीख को हजारीबाग में प्रखंड अध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष और प्रखंड प्रवेक्षक की ट्रेनिंग के लिए कई दिशा निर्देश दिया गया इस महत्वपूर्ण बैठक में पूर्व जिला अध्यक्ष आबिद अंसारी जिला मीडिया अध्यक्ष निसार खान महानगर अध्यक्ष मनोज नारायण भगत वरिष्ठ कांग्रेसी संजय तिवारी सेवादल अध्यक्ष गुड्डु सिंह, परवेज अहमद, जावेद इकबाल प्रखंड अध्यक्षों में प्रदीप मंडल, सत्यनारायण प्रसाद, नरसिंह प्रजापति, रविन्द्र गुप्ता, मोहम्मद नौशाद, सुरेश प्रसाद दांगी, गौतम कुमार मेहता, अब्दुल मनान वारसी, गोवर्धन गंझू, अब्बास अंसारी, शिबू प्रसाद सोनी, सदरूल होदा, विजय कुमार सिंह, शिव नंदन साहू, अनिल कुमार भुईंया जवाहर बाल मंच के अध्यक्ष रिंकू कुमार उपस्थित थे।

### बौलियागंज कीर्तन मंडली द्वारा 12 घंटे का अखंड हरी कीर्तन, भक्ति में डूबे श्रद्धालु

**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़ के चैती दुर्गा मंदिर प्राँगण में बौलियागंज कीर्तन मंडली द्वारा बारह घंटे का अखंड हरी कीर्तन का भव्य आयोजन किया गया। मंगलवार रात्रि 08 बजे से प्रारम्भ हरी कीर्तन बुधवार सुबह 08 बजे हवन आरती, एवं ए पूजा अर्चना कर विधिवत समापन किया गया। अखंड हरी कीर्तन के लिए भव्य पंडाल और आकर्षण विधुत लाइटों द्वारा मंडप को सजाया गया था। कार्यक्रम के पूर्व भजन मंडली द्वारा बाजे-गाजे के साथ नगर भ्रमण कर हरी कीर्तन में आने का आमंत्रण दिया गया था। इस हरी कीर्तन में बौलियागंज कीर्तन मंडली के अलावे नवादा कीर्तन मंडली,देवी मंडप कीर्तन मंडली, बक्सपुरा कीर्तन मंडली, नावाडीह कीर्तन मंडली टीमों ने भाग लेकर रात भर भजन कीर्तन किया। अखंड हरी कीर्तन में भारी बारिश के बावजूद भी श्रद्धालुओं का उत्साह कम नहीं दिखा, युवतियां, महिलाएं एवं नन्हे-मुन्ने बच्चों ने हरे राम, हरे कृष्ण का जाप करते हुए मंडप में परिक्रमा कर भक्ति के सागर में रात भर गोते लगाते रहे। गौरतलब है,कि पुरातन काल से चली आ रही हैं यह अखंड हरी कीर्तन आज भी कायम है।

**नेहरू महिला इंटर महाविद्यालय**
चंदौर, तेतुलमारी, सिजुआ, धनबाद
(झारखंड सरकार द्वारा स्थायी प्रस्वीकृति प्राप्त)

**आवश्यकता**

राजनीति शास्त्र व्याख्याता (एक पद) के लिए सभी शैक्षणिक प्रमाण पत्रों के साथ आवेदन दिनांक- 30.07.2025 तक निबंधित डाक द्वारा आमंत्रित किए जाते है।

**योग्यता :** -

1. राजनीति शास्त्र में न्यूनतम द्वितीय श्रेणी से स्नातकोत्तर।
2. मान्यता प्राप्त संस्थान से B.Ed.।
3. किसी +2 विद्यालय, इंटर कॉलेज अथवा डिग्री कॉलेज में न्यूनतम 5 वर्षों का राजनीति शास्त्र पढ़ाने का अनुभव।

**नोट :-**

1. SC/ST, एंव महिला उम्मीद्वारों को प्राथमिकता दी जाएगी।
2. आवेदन शुल्क- सामान्य / पिछडा /EWS वर्ग हेतु रु0 500.00 तथा SC/ST हेतु रु0 300.00 का D.D. आवेदन के साथ संलग्न करेगें जो नेहरु महिला इंटर महाविद्यालय, तेतुलमारी के नाम भुगतेय होगा।

**संपर्क- 9334640809** सचिव

# डीसी ने किया सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस गर्ल्स का औचक निरीक्षण

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज :** जिला दंडाधिकारी-सह-डीसी हेमंत सती ने आज साहेबगंज स्थित सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस गर्ल्स पोखरिया का निरीक्षण किया। इस अवसर पर उनके साथ जिला शिक्षा पदाधिकारी दुगार्नंद झा एवं जिला शिक्षा अधीक्षक कुमार हर्ष भी उपस्थित थे। निरीक्षण के दौरान डीसी ने विद्यालय में लगे सीसीटीवी कैमरों की फिड का बारीकी से जायजा लिया। उन्होंने विद्यालय की प्रधानाचार्य से संवाद कर वर्तमान में विद्यालय को लेकर आ रही विभिन्न समस्याओं की जानकारी ली तथा उनके त्वरित समाधान का भरोसा दिलाया।डीसी ने विद्यालय के सभी रोस्टरों की गहनता से जांच की और सभी कक्षाओं में जाकर



बच्चों को दी जा रही शिक्षा की गुणवत्ता का प्रत्यक्ष अवलोकन किया। उन्होंने शिक्षकों से शैक्षणिक व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए सामूहिक प्रयास करने का आह्वान किया। निरीक्षण के उपरांत डीसी ने विद्यालय के सभी शिक्षकों के साथ बैठक की। बैठक में उन्होंने विगत बोर्ड परीक्षाओं में कक्षा 10वीं एवं 12वीं की आर्ट्स एवं साइंस संकाय की कमजोर परीक्षा परिणामों पर गहरी चिंता जताई। उन्होंने कहा कि जिले के अन्य विद्यालयों की तुलना में इस विद्यालय का प्रदर्शन असंतोषजनक रहा है, जिसे सुधारने की दिशा में ठोस प्रयास किए जाने चाहिए। उन्होंने शिक्षकों को आवश्यक निर्देश देते हुए बच्चों को आगामी वर्षों में माध्यमिक एवं स्नातक परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रेरित करने का आग्रह किया। डीसी ने उपस्थिति के महत्व को रेखांकित करते हुए निर्देश दिया कि जिन छात्राओं की उपस्थिति 75% से कम होगी अथवा जो लगातार तीन दिनों तक अनुपस्थित रहेंगी, उनके नाम विद्यालय से विलोपित कर दिए जाएं। उन्होंने छात्राओं की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए शिक्षकों एवं अभिभावकों के बीच बेहतर समन्वय बनाए रखने की आवश्यकता पर बल दिया।निरीक्षण के दौरान डीसी ने कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा ही जिले के शैक्षणिक विकास की कुंजी है, और इसके लिए सभी संबंधित अधिकारियों, शिक्षकों एवं विद्यालय प्रबंधन को एकजुट होकर कार्य करना होगा।

## एक नजर

### गोलीकांड का आरोपित आजाद गिरी ने किया कोर्ट में सरेंडर

**पूर्वी सिंहभूम :** बिष्टुपुर खाओ गली गोलीकांड मामले में पुलिस को बुधवार को एक और बड़ी सफलता मिली, जब घटना में शामिल आरोपित आजाद गिरी ने कोर्ट में सरेंडर कर दिया। सनसनीखेज इस वारदात में विधायक प्रतिनिधि समरेश सिंह को गोली मारी गई थी, जिससे पूरे शहर में हड़कंप मच गया था। घटना के बाद से ही पुलिस लगातार आरोपितों की तलाश में जुटी थी। बुधवार को आजाद गिरी ने न्यायालय में आत्मसमर्पण करते हुए खुद को निर्दोष बताया और कहा कि उस पर लगाए गए आरोप गलत हैं। कोर्ट में पेशी के बाद पुलिस ने उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। पुलिस का कहना है कि इस मामले की गहनता से जांच की जा रही है और अन्य फरार आरोपितों की तलाश जारी है। आजाद गिरी के सरेंडर करने से पुलिस जांच को एक नई दिशा मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।

### अवैध विदेशी शराब बिक्री का खुलासा आरोपित गिरफ्तार

**पूर्वी सिंहभूम :** पूर्वी सिंहभूम जिले के बहरागोड़ा थाना क्षेत्र में अवैध विदेशी शराब का कारोबार करने वालों के खिलाफ पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। थाना प्रभारी शंकर प्रसाद कुशवाहा के नेतृत्व में पुलिस टीम ने एनएच-18 किनारे ओम रेसीडेंसी के पास स्थित एक गुमटी पर छापा मारकर दुकानदार को रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। गुप्त सूचना के आधार पर की गई इस कार्रवाई में पुलिस ने शंकर प्रसाद करण नामक दुकानदार को मौके से पकड़ा। तलाशी के दौरान गुमटी से लगभग 31 विदेशी शराब सहित अन्य देशी शराब की बोतलें बरामद की गईं। आरोपित के खिलाफ मामला दर्ज कर बुधवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। थाना प्रभारी शंकर प्रसाद कुशवाहा ने बताया कि अवैध शराब कारोबार पर लगातार नजर रखी जा रही है और इस तरह की गतिविधियों को किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

### रेलवे की बड़ी कार्रवाई अतिक्रमण हटाने का अभियान जारी

**पूर्वी सिंहभूम :** टाटानगर रेलवे इंजीनियरिंग विभाग ने बुधवार को परसुडीह के मकदमपुर इलाके में अतिक्रमण के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए रेलवे की जमीन पर बने कई झोपड़ीनुमा मकानों को ध्वस्त कर दिया। यह अभियान रेलवे की विकास योजनाओं को सुचारू रूप से लागू करने के उद्देश्य से चलाया गया। जानकारी के अनुसार, बुधवार सुबह रेलवे इंजीनियरिंग विभाग की टीम सुरक्षा बलों के साथ मकदमपुर पहुंची और अतिक्रमण हटाओ अभियान शुरू किया। इस दौरान रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) के जवान भी मौके पर तैनात रहे ताकि किसी भी तरह की अप्रिय घटना को रोका जा सके। कार्रवाई के तहत लगभग आधा दर्जन झोपड़ियों को गिरा दिया गया। रेलवे विभाग के अधिकारियों ने बताया कि यह अभियान नई रेलवे लाइन बिछाने की योजना का हिस्सा है। इससे पहले सभी अतिक्रमणकारियों को नोटिस जारी कर कार्रवाई की सूचना दे दी गई थी। विभाग के अनुसार, स्थानीय लोगों ने इस कार्रवाई का विरोध नहीं किया और अभियान शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। रेलवे प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि आने वाले दिनों में मकदमपुर के अलावा अन्य इलाकों में भी इसी प्रकार का अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया जाएगा। विभाग ने स्थानीय निवासियों से सहयोग की अपील करते हुए कहा है कि रेलवे की विकास योजनाओं को किसी प्रकार की बाधा न पहुंचने दें ताकि यात्री सुविधाओं के साथ-साथ रेलवे के बुनियादी ढांचे का विस्तार निर्बाध रूप से किया जा सके।

## एसबीआई ने बीमा योजना के तहत मृत कर्मी की पत्नी को दिया 21.18 लाख का क्लेम

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**गोड्डा :** ईसीएल की राजमहल परियोजना में कार्यरत हेमलाल मुर्मू की असामयिक मृत्यु के बाद भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने परिवार को बीमा सुरक्षा के तहत बड़ी राहत दी। एसबीआई लाइफ की ई-शील्ड इंस्टा योजना के अंतर्गत मृतक की पत्नी मंजू हांसदा को 21 लाख 18 हजार रुपये की बीमा राशि का भुगतान बुधवार को किया गया। इस अवसर पर एसबीआई के क्षेत्रीय प्रबंधक कामेश्वर कुमार ने क्लेम राशि दी। कार्यक्रम में ललमटिया शाखा प्रबंधक प्रभात रंजन, महागामा शाखा प्रबंधक पवन देव कुमार और एसबीआई लाइफ के एरिया मैनेजर राजकिशोर मिश्रा प्रमुख रूप से उपस्थित थे। मौके पर क्षेत्रीय प्रबंधक कुमार ने बताया कि बीमा योजना की वजह से इस परिवार को जीवन में बड़ा संबल मिला है। उन्होंने कहा कि मृतक की ओर से लिए गए 24 लाख के ऋण का



तत्काल निपटारा करते हुए 4.50 लाख की मानवीय छूट दी गई। इससे परिवार को अतिरिक्त राहत मिली। शाखा प्रबंधक प्रभात रंजन ने कहा कि हर नागरिक को सरकारी सामाजिक सुरक्षा बीमा योजनाओं से जुड़ना चाहिए। उन्होंने बताया कि कोई भी आम व्यक्ति प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत जीवन बीमा और प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के अंतर्गत दुर्घटना बीमा का लाभ ले सकता है। इस अवसर पर स्टेट बैंक के शाखा कर्मी दीपक कुमार, बीरबल मंडल, संजीव कुमार, अभीक कुमार, सौरभ सनी के साथ-साथ स्थानीय लोग और सागर हांसदा उपस्थित थे।

## बारिश से जलजमाव, ग्रामीणों ने सड़क जाम कर जताया आक्रोश

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज/तालझारी :** राजमहल प्रखंड क्षेत्र के कन्हैया स्थान सैदपुर फोर लाइन सड़क के किनारे बसे गांव के घरों में लगातार 2 दिन से हो रही तेज बारिश के कारण पानी घुस जाने से लोगों को लाखों रुपए का सामग्री का नुकसान हुआ है। बुधवार को आक्रोशित ग्रामीणों ने महाराजपुर राजमहल मुख्य सड़क को बांस बला लगाकर जाम कर दिया। ग्रामीणों ने बताया कि फोर लाइन सड़क निर्माण होने से हम लोगों का घर नीचा हो गया है जिसके कारण कभी भी बारिश होती है तो हम लोगों के घरों में बरसात की पानी घुस जाता है और जिसका निकासी नहीं रहने के कारण काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। फोर लाइन सड़क के किनारे नाला नहीं रहने के कारण बरसात



की पानी घरों में घुसकर घर में रखें अनाज को नुकसान पहुंचता है। जिसके कारण हम लोग को खाने पीने की समस्या उत्पन्न हो जाती है। जाम की खबर सुनते ही राजमहल सीओ सह बीडीओ युसूफ खान, राजमहल थाना प्रभारी गुलाम सरवर दलबल के साथ घटना स्थल पर पहुंच लोगों से मिल उनकी समस्याओं को सुना एवं समझा बूझकर पानी निकासी का समाधान देखा गया। वही भाजपा नेता राजेश मंडल भी मौके पर पहुंचे ग्रामीणों को समझा बूझकर प्रशासन का सहयोग किया। स्थानीय ग्रामीण रीता देवी ने बताया कि फोर लाइन सड़क ऊंचा हो जाने के कारण बारिश का पानी का जल जमा हो जाता है जिसके निकासी के लिए नाला का भी निर्माण नहीं किया गया है। जल जमाव होने से घरों में पानी घुस गया और घर में रखें धान, चावल, आटा, लहसुन, प्याज सहित अन्य सामानों को नुकसान पहुंचा है।

## मलेरिया-डायरिया पर स्वास्थ्य जागरूकता अभियान, सहिया साथियों को मिला प्रशिक्षण

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज :** बुधवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, बरहेट के सभागार में मलेरिया एवं डायरिया के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए सिविल सर्जन साहिबगंज डॉक्ट रामदेव पासवान के अध्यक्षता मे सभी सहिया साथीयों को मलेरिया, डेंगू, चिकनगुनिया, डायरिया एवं अन्य मौसमी बीमारियों से सम्बंधित एक दिवसीय प्रशिक्षण सह बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में उपस्थित सभी सहिया साथीयों को मलेरिया, डेंगू, चिकनगुनिया, डायरिया आदि मौसमी बीमारियों के फैलने के कारण, लक्षण, उपचार और रोकथाम आदि के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी गई। सिविल सर्जन के द्वारा आयुष्मान आरोग्य मंदिर छुछी अंतर्गत अति दुर्गम पहाड़ी क्षेत्र कपास बेडो गाँव



में मलेरिया के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए कपास बेडो गाँव में लगाए गए स्वास्थ्य शिविर एवं मलेरिया मास सर्वे का मॉनिटरिंग किये एवं उपस्थित स्वास्थ्य कर्मियों को घर घर सर्वे करते हुए सभी बुखार पीड़ित मरीजों को मलेरिया जाँच करने को कहा गया एवं ग्रामीणों को सभी प्रकार के स्वास्थ्य सुविधा प्रदान करने को कहा गया। बरसात को देखते हुए मलेरिया, डायरिया, डेंगू, चिकनगुनिया व अन्य मौसमी बीमारीयों के फैलने का खतरा रहता है इसलिए अपने-अपने गाँवों में बिशेष निगरानी रखने को कहा गया। सिविल सर्जन के द्वारा प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी को एक कण्ट्रोल रूम बनाने का निर्देश दिए। उन्होनें उपस्थित ग्रामीणों को अपने घर के आस-पास साफ सफाई रखने, सोते समय प्रतिदिन मच्छरदानी लगाने, घर के आस-पास गढ़ो मे जल जमाव नहीं होने देने, घर के सभी कमरों मे कीटनाशी का छिड़काव करवाने ,बुखार होने पर तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र मे जाकर खून की जाँच कराने, ओआरएस का घोल बना कर पीने,पानी को उबाल कर पीने, किसी झोलाछाप डॉक्टर या झाड़-फुक ओझा गुनी जड़ी-बूटी के चक्कर में ना पड़ने आदि की सलाह दिए।

## दिव्यांग बच्चों के लिए विशेष जांच शिविर का हुआ आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज :** झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, रांची के आदेश एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश-सह-अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, साहेबगंज अखिल कुमार के मार्गदर्शन में आज वान उडेन मूक बधिर विद्यालय, साहेबगंज में दिव्यांग बच्चों के लिए एक विशेष स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस जाँच शिविर का आयोजन झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, रांची के आदेश पर असैनिक शल्य चिकित्सा-सह-मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, साहेबगंज के नेतृत्व में किया गया जिसमें विशेषज्ञ चिकित्सा पदाधिकारीयों और स्वास्थ्यकमीयों की टीम ने अपना योगदान दिया साथ ही एलएडीसी-न्याय रक्षक, पीएलभी- न्याय मित्र भी उपस्थित थे। जिले के अन्य स्थानों पर भी ऐसे ही शिविरों का आयोजन किया जा रहा है, ताकि अधिक से



अधिक दिव्यांग बच्चों तक सहायता पहुंचाई जा सके।यह शिविर झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वावधान में चल रहे 15 दिवसीय विशेष अभियान के अंतर्गत आयोजित किया गया, जिसका उद्देश्य दिव्यांग बच्चों की पहचान करना और उन्हें सरकारी लाभकारी योजनाओं का लाभ प्रदान करना है। शिविर में विद्यालय के कुल 19 मूक-बधिर और अन्य दिव्यांग बच्चों का विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम द्वारा विस्तृत स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। स्वास्थ्य परीक्षण के उपरांत चिन्हित बच्चों के लिए उनके अनुकूल सहायक उपकरण उपलब्ध कराने की प्रक्रिया भी आरंभ की गई है।

## पंचायत और बूथ स्तर पर कमेटी गठन का निर्देश : आनंद

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पूर्वी सिंहभूम :** पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस कमिटी के निर्देशानुसार बुधवार को टाटानगर मंडल कांग्रेस कार्यालय में संगठन सृजन अभियान के तहत बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष मुन्ना मिश्रा ने की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिलाध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे, विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रखंड पर्यवेक्षक अखिलेश सिंह यादव, जिला उपाध्यक्ष ब्रजेंद्र तिवारी, संजय सिंह आजाद तथा प्रखंड अध्यक्ष आशीष ठाकुर उपस्थित थे। बैठक को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे ने कहा कि टाटानगर मंडल कांग्रेस के अंतर्गत दक्षिण सुसनीगड़िया, उत्तरी सुसनीगड़िया और पूर्वी किताडीह पंचायत कमिटी का गठन पंचायत स्तर पर जाकर



करें। उन्होंने निर्देश दिया कि संगठन में सामाजिक और कांग्रेस विचारधारा के लोगों को स्थान दिया जाए तथा पंचायतों के अंतर्गत आने वाले सभी बूथों का गठन सुनिश्चित किया जाए। साथ ही प्रदेश कांग्रेस कमिटी और चुनाव आयोग के गाइडलाइंस के अनुसार बीएलएटू का चयन कर फार्म भरने का भी निर्देश दिया। उन्होंने बताया कि आगामी 20 जुलाई को चाईबासा में प्रदेश कांग्रेस कमिटी के तत्वावधान में सुबह 10:00 बजे से प्रशिक्षण शिविर का आयोजन होगा, जिसमें प्रखंड अध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष और प्रखंड पर्यवेक्षक की अनिवार्य उपस्थिति होगी। प्रशिक्षण सत्र में प्रदेश सह प्रभारी, प्रदेश अध्यक्ष समेत वरिष्ठ नेता व्याख्यान देंगे। प्रखंड पर्यवेक्षक अखिलेश सिंह यादव ने कहा कि प्रखंड अध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष एवं सभी पदाधिकारी अपने क्षेत्र का नियमित भ्रमण कर संगठन को मजबूत बनाएं, जनता की समस्याओं को संकलित कर मांग पत्र के माध्यम से संबंधित विभाग में समाधान के लिए आवाज उठाएं। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे, टाटानगर मंडल अध्यक्ष मुन्ना मिश्रा, प्रखंड पर्यवेक्षक अखिलेश सिंह यादव, प्रखंड अध्यक्ष आशीष ठाकुर, भारत यात्री अमरजीत नाथ मिश्र, टाटानगर मंडल पर्यवेक्षक सूरज मुंडा, जिला महामंत्री राजेंद्र सिंह नेताजी, अपर्णा गुहा, सेवादल के हरि सामद, करनडीह-घाघीडीह मंडल अध्यक्ष रंजन सिंह, मो. कमाल, शैलेश मिश्रा, दक्षिण सुसनीगड़िया पंचायत अध्यक्ष रवि करूवा, पूर्वी किताडीह पंचायत अध्यक्ष मनोज कुमार पासवान, ओम प्रकाश, मो. चांद, शुभम झा, राजेश कुमार दुबे, सैलेन्द्र कुंवर, अजय ठाकुर सहित कई पदाधिकारी उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### बैंक सखी के कार्यों की हुई समीक्षा बैठक



**बरहरवा :** जेएसएलपीएस सभागार में बुधवार को प्रखंड के सभी बैंकों में कार्यरत बैंक सखी एवं एफएल सीआरपी की समीक्षा तथा आगे की कार्ययोजना हेतु बैठक प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक फैज आलम की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। इस दौरान इस महीने के किये गए कार्यों की बिंदुवार समीक्षा,सखी मंडल का बचत खाता खोलने, बैंक लिंकेज का दस्तावेज तैयार करवाने, नया बैंक ऋण मंजूरी, ऋण वापसी, ऋण निकासी, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, बीमा क्लेम सेटलमेंट, सखी मंडल के सदस्यों को मुद्रा ऋण दिलवाने, सक्षम एप्प के माध्यम से वित्तिय साक्षरता कार्यक्रम पर विस्तारपूर्वक जानकारी देकर सभी का आईडी भी बनाया गया तथा बैंक से संबंधित कार्य आदि पर विस्तारपूर्वक चर्चा किया गया।इस बैठक में जिला प्रबंधक एफआई एचएन मिश्रा तथा सभी बैंकों में कार्यरत बैंक सखी तथा एफएल सीआरपी कैडरों ने भाग लिया।

### पुलिस की बड़ी कार्रवाई, प्रतिबंधित कोरेक्स की 34 शीशियां बरामद




**बरहरवा :** थाना क्षेत्र के कुशवाहा टोला में पुलिस ने बुधवार दोपहर लगभग 2:00 बजे एक बड़ी कार्रवाई करते हुए प्रतिबंधित नशीली दवा कोरेक्स की 34 शीशियां बरामद की हैं। यह कार्रवाई पुलिस को मिली गुप्त सूचना के आधार पर की गई, जिसमें बताया गया था कि कुछ तस्कर इलाके में नशीले पदार्थ की तस्करी कर रहे हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार, स्थानीय ग्रामीणों द्वारा दी गई सूचना पर तत्परता दिखाते हुए बरहरवा एसआई सुदामा सिंह एवं एएसआई रामप्रवेश दास के नेतृत्व में पुलिस टीम ने कुशवाहा टोला दुर्गा मंदिर के समीप एक संदिग्ध ई-रिक्शा की तलाशी ली। तलाशी के दौरान ई-रिक्शा के डिक्की में छिपाकर रखे गए 34 शीशियों को बरामद किया गया। प्रारंभिक जांच में यह संदेह जताया गया है कि इन दवाओं का उपयोग अवैध नशे के तौर पर बेचने की योजना थी। बरामद कोरेक्स की शीशियों को पुलिस ने जब्त कर घटनास्थल पर ही जब्ती प्रक्रिया पूरी की और उन्हें सील कर दिया। इस संबंध में अज्ञात तस्करों के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट की धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है तथा जांच प्रारंभ कर दी गई है।वही इस संबंध में थाना प्रभारी सुमित कुमार सिंह ने बताया कि गोपनीय सूचना के आधार पर की गई कार्रवाई में कुल 34 शीशियां कोरेक्स की बरामद हुई हैं। इस मामले में गंभीरता से जांच जारी है। दोषियों की पहचान कर शीघ्र गिरफ्तार किया जाएगा। स्थानीय ग्रामीणों ने पुलिस की इस कार्रवाई की सराहना की है। उनका कहना है कि क्षेत्र में तेजी से बढ़ते नशे के अवैध कारोबार के कारण युवाओं का भविष्य अंधकारमय हो रहा है। ऐसे में बरहरवा पुलिस की यह तत्परता न केवल एक सकारात्मक संदेश देती है, बल्कि भविष्य में ऐसे अवैध धंधों पर रोक लगाने की उम्मीद भी जगाती है। इस कार्रवाई के बाद क्षेत्र में लोगों के बीच पुलिस प्रशासन के प्रति विश्वास और भी बढ़ा है। वहीं, स्थानीय प्रशासन को भी उम्मीद है कि इस प्रकार की नियमित कार्रवाई के जरिए नशे के अवैध कारोबार पर प्रभावी रोक लगाई जा सकेगी।

### आरपीएफ ने दो तस्करों को गिरफ्तार कर दो नाबालिक बच्चियों को रेस्क्यू किया



**साहिबगंज :** बीते रात आरपीएफ ने दो नाबालिक लड़कियों को दो तस्करों के चंगुल से बचाया गया।जिसके बाद इसकी सूचना मंथन संस्था/चाइल्ड हेल्पलाइन साहिबगंज को दी गई। वही आरपीएफ इंस्पेक्टर गुलाम सरवर ने जानकारी देते हुए, बताया कि उप-निरीक्षक हिमांशु कुमार के नेतृत्व में गस्त ड्यूटी के दौरान प्लेटफार्म संख्या एक पर मौजूद बुकिंग काउंटर के समीप दो नाबालिक लड़कियों को दो व्यक्तियों के साथ बैठे देखा गया।तभी आरपीएफ को दोनों व्यक्तियों पर संदेह होने लगा तभी पुलिस द्वारा बच्चियों से पूछताछ की गई,पूछताछ में बच्चियों ने बताया कि वह लोग दोनों व्यक्ति तालु सोरेन, विजय हेंब्रम जो कि छोटा पहाड़पुर, बांझी बाजार, बोरियो थाना के निवासी है। उक्त दोनों व्यक्तियों द्वारा उन्हें काम का झांसा देकर पानीपत हरियाणा लेजाया जा रहा था। तभी आरपीएफ द्वारा उक्त व्यक्तियों से पूछताछ करने पर दोनों ने बताया कि वह बच्चियों को ले जाकर पानीपत हरियाणा में किसी व्यक्ति को सौंपने वाले थे जहां उन बच्चियों से गन्ने के खेत में गन्ने काटने का काम करवा जाता। जिसके एवज में बच्चियों को 5 हजार रुपये का महीना दिया जाता। तस्करों द्वारा पुलिस को यह भी बताया गया कि दोनों बच्चियों को ले जाने के एवज में उन लोगों को 10 हजार रुपये दिए गए हैं। इसके बाद आरपीएफ द्वारा केस दर्ज करने को लेकर सूचना जीआरपी को दी गई। जीआरपी थाना में ऑपरेटर नहीं रहने की वजह से एफआईआर दर्ज नही किया गया,जिसके बाद बुधवार की दोपहर काफी विलंब होते हुए जीआरपी द्वारा एफआईआर दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई की गई, और बच्चों को मंथन/चाइल्ड हेल्पलाइन की मदद से बाल कल्याण समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया। दोनों तस्करों को जेल भेज दिया गया।

### ट्रांसफार्मर लगने से ग्रामीणों में खुशी की लहर



**पाकुड़ :** जिले के रानीपुर बड़ा शाहबा, पंचायत कुमारपुर, सदर प्रखंड में बुधवार को कांग्रेस प्रदेश महासचिव तनवीर आलम की पहल पर रानीपुर बड़ा शाहबा में 63 ङ.श. का नया ट्रांसफार्मर लगाया गया। ज्ञात हो कि लंबे समय से बिजली संकट का सामना कर रहे क्षेत्र के ग्रामीणों ने राहत की सांस ली और तनवीर आलम के प्रति आभार जताया। मौके पर कांग्रेस मंडल अध्यक्ष अलीम शेख, शरीफ मोमिन सहित अन्य कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# बोल-बमः 'कष्टदायक तो है, लेकिन आनंददायक भी है'



## जलेबिया, सुइया पहाड़ कांवड़ियों के लिए बनी चुनौती, बोलेः यहां तक आ गए हैं, बाबा के दरबार में पहुंचेंगे

**बांका।** पैरों में छाले-फोड़े, कंधे पर कांवर, ॒बोल-बमॗ का जयकारा लगाते हजारों की संख्या में कांवड़िया लगातार सुल्तानगंज से लेकर देवघर तक के रास्ते में चल रहे हैं। करीब 108 किलोमीटर लंबी दूरी की यात्रा को लाखों कांवड़िये पैदल ही तय करते हैं। रास्ते में दो पहाड़ों की खड़ी चढ़ाई उनके लिए थोड़ी मुसीबत लाती है, लेकिन शिवभक्तों का कहना है कि बाबा का नाम लेते हुए सारी चढ़ाई पूरी हो जाती है। कष्टदायक तो होता है, लेकिन आनंददायक भी होता है। हम बात कर रहे हैं, जलेबिया और सुइया पहाड़ की। देवघर के रास्ते में सबसे पहले कांवड़ियों को जलेबिया पहाड़ मिलता है, जिसके बाद उनका सामना सुइया पहाड़ से होता है। दोनों पहाड़ बांका जिले के कटोरिया प्रखंड में है। झारखंड के धनबाद जिले के दंपती श्रीनिवास झा और कल्पना झा एक साथ जलेबिया पहाड़ पर चढ़ाई करते हुए पहुंचे। श्रीनिवास झा ने कहते है ॒इस पहाड़ की चढ़ाई बहुत कष्टदायक है, लेकिन आनंद दायक है ॗ बाबा ने बुलाया है तो जाना है। कल्पना झा कहती है, एक दिन पहले जल भरे थे। 45 किलोमीटर पहुंच गए है। अब यहां तक आ गए हैं, आगे भी बाबा के



दरबार में पहुंच जाएंगे। बिहार के सुपौल से आए हर्ष के पैर में छाले हो गए हैं। सुइया पहाड़ पर हल्के-हल्के कदम से बढ़ते हुए कहा, ॒शुक्रवार को जल उठाए थे, बाबा का धूम है सब मस्ती में कट रहा है। बाबा के नाम से बाबा के दरबार में पहुँच जाएंगे। पैरों में दर्द और थकान के बावजूद, बोल बम का नारा और साथी कांवरियों का उत्साह हमें आगे बढ़ने की शक्ति देता है। बोकारो के अनिकेत के पैर की भी हालत ठीक नहीं है। पैरे में बड़े-बड़े फोड़े हैं, जिस पर पट्टी बंधवाया है। सुइया पहाड़ पर लाठी का सहारा लेकर चलते हुए बोले, ॒50 किलोमीटर से अधिक यात्रा कर चुका हूं। जलेबिया पहाड़ से ज्यादा कठिन सुइया पहाड़ की चढ़ाई है। पहाड़ पर छोटे-छोटे नुकीले कंकड़ के वजह से पैरों में छाले पड़ चुके हैं, जिसके कारण इसकी चढ़ाई और कठिन हो गई है। लेकिन बाबा ने बुलाया तो फोड़ा हो या छाला हम बाबा के दरबार में पहुंचेंगे। प्रशासन के तरफ से सुइया पहाड़ पर रास्ते में हर साल रेत यानी बालू डाला जाता है, जिसके कारण कांवरियों को थोड़ी सी राहत मिलती है। हालांकि यह पूरा रास्ता पथरीला है और बारिश के मौसम में यह फिसलन भरा हो जाता है। इस रास्ते पर कंकड़ काफी नुकीले होते हैं। इस पहाड़ की यात्रा पूरे रास्ते की सबसे कठिन यात्रा मानी जाती है। सुइया पहाड़ के आसपास प्रशासन ने सुरक्षा और सुविधा के लिए कई इंतजाम किए हैं। सीसीटीवी कैमरे, अस्थायी थाने, और घुड़सवार पुलिस की तैनाती की गई है। घुड़सवार पुलिस वाले मेले की निगरानी कर रहे हैं। इस पहाड़ पर कई जगह जागरण का कार्यक्रम भी कराया जा रहा है, जहां थके कांवड़िया मनोरंजन कर रहे हैं। सुइया और जलेबिया पहाड़ की चढ़ाई न केवल ऊंची और तीखी है, बल्कि इतनी संकरी और घुमावदार होती है कि श्रद्धालुओं को हर कदम फूंक-फूंक कर रखना पड़ता है। इन दोनों पहाड़ियों के रास्ते को कांवरियों ने अपने अनुभव से



नाम दिया है- जलेबिया रास्ता और सुइया रास्ता सुल्तानगंज से देवघर के रास्ते में लगभग 45 किलोमीटर की दूरी पर जलेबिया पहाड़ आता है। इस पहाड़ से उतरते ही सुइया पहाड़ शुरू हो जाता है। सुल्तानगंज से 52 किलोमीटेर दूर सुइया पहाड़ है। दोनों पहाड़ पर चढ़ाई खड़ी और पथरीली है। गर्मी, उमस, और बारिश के कारण रास्ता और भी मुश्किल हो जाता है। गर्मी में रास्ते में डाले गए रेत यानी की बालू धूप की वजह से गर्म हो जाता है, जिसकी वजह से पैरों में छाले और फोड़े बन जाते है। जलेबिया पहाड़, जिसे लोग जलेबिया मोड़ भी कहते हैं। पहाड़ पर बना रास्ता जलेबी की तरह घुमावदार और टेढ़ा-मेढ़ा है, इसलिए इसे जलेबिया पहाड़ भी कहते हैं। कांवड़ियों को यहां पहली बार पहाड़ पर चढ़ाई करनी होती है। इस पहाड़ पर 5 किलोमीटर तक तक घुमावदार और पहाड़ पर खड़ा रास्ता है। यह चढ़ाई लगातार ऊपर जाती है और मोड़ दर मोड़ केवल चढ़ना ही होता है। ऐसा माना जाता है कि भगवान शिव इन्ही दोनों पहाड़ों पर अपने श्रद्धालुओं की परीक्षा लेते हैं। जो इन दोनों पहाड़ को पार कर गया उसकी कांवर यात्रा सफल हो गई और आसानी से देवघर में भगवान शिव पर जल चढ़ाते है। इस पहाड़ की चढ़ाई खड़ा होने के कारण काफी फिसलन भी होती है। जलेबिया पहाड़ को पार करने के बाद कांवड़ियों को सुइया पहाड़ की चढ़ाई का सामना करना पड़ता है। यह पहाड़ देवघर के आधे दूरी पर आता है। सुइया पहाड़ की चढ़ाई जलेबिया पहाड़ से भी अधिक कठिन मानी जाती है, क्योंकि इस समय तक कांवड़िये पहले से ही थक चुके होते हैं। लगभग 52 किलोमीटर की पैदल यात्रा के बाद, इस पहाड़ की खड़ी चढ़ाई और उबड़-खाबड़ रास्ता श्रद्धालुओं की अंतिम हिम्मत की परीक्षा लेता है। इस पहाड़ पर छोटे-छोटे कंकड़ होते हैं जो कांवरियों के पैर में सुई के तरह चुभता है, इसके वजह से इसे सुइया पहाड़ कहा जाता है।

## संक्षिप्त डायरी

### आरा में 2 गुट भिड़े, 5 लोग घायलः तलवार और लाठी-डंडे से हमला, एक साल से चल रहा था जमीन विवाद



**भोजपुर।** जमीन विवाद में दो गुट आपस में भिड़ गए। जमकर लाठी-डंडे चले। एक-दूसरे पर तलवार से भी हमला किया। जिसमें दोनों गुट के पांच लोग घायल हो गए। इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायलों में एक पक्ष से गौरी शंकर सिंह के पुत्र सुरेंद्र सिंह, मनोज सिंह और पोता रामदीप सिंह शामिल है। जबकि दूसरे पक्ष से हरिहर सिंह के पुत्र विनोद सिंह और उनके चचेरे भाई गोरख कुमार हुए हैं। घटना पीरो थाना क्षेत्र के जगदीशपुर गांव की है। घायल सुरेंद्र सिंह के पुत्र दीपक कुमार ने बताया कि ढाई बीघा खेत को लेकर एक साल से वीरेंद्र सिंह से विवाद चल रहा है। मंगलवार को जुताई के लिए खेत पर पहुंचे थे। इस दौरान वीरेंद्र सिंह के लोगों ने विरोध कर दिया। बात बढ़ने पर पिताजी पर तलवार से हमला कर दिया। चाचा और भाई को लाठी-डंडे से मारा। पुलिस ने मारपीट मामले में उल्टा मेरे चाचा और भाई को ही गिरफ्तार कर लिया। वहीं, दूसरे पक्ष की कलावती देवी ने बताया कि खेत को लेकर सुरेंद्र सिंह से विवाद चल रहा है। मंगलवार खेत जोतने जा रहे थे। इस दौरान उनलोगों ने हमला कर दिया। लाठी-डंडा से पिटने लगे। दोनों पक्षों की ओर से थाने में लिखित शिकायत दी गई है। जिसके आधार पर पुलिस छानबीन कर रही है।

### फर्जी संस्था खोलकर नौकरी के नाम पर ठगी, 1.45 लाख लेकर दिया नौकरी, आरोपी गिरफ्तार



**मधेपुरा।** बिहार के मधेपुरा सदर थाना क्षेत्र के जयपालपट्टी में फर्जी संस्था खोलकर बेरोजगारों से नौकरी के नाम पर लाखों रुपये की ठगी के मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी सहरसा जिले के सौर बाजार थाना क्षेत्र के चंदौर निवासी विभीषण कुमार हैं। सदर थानाध्यक्ष ने बताया कि आवश्यक पूछताछ के बाद उसे जेल भेज दिया गया। इस मामले में जयपालपट्टी वार्ड-15 निवासी पीड़ित दिवाकर कुमार ने थाना में आवेदन देकर छह लोगों पर नामजद एफआईआर दर्ज कराई थी।पीड़ित के अनुसार जनवरी 2025 में मधेपुरा वार्ड-14 में बिहार सुद्दढ़ शिक्षा संकल्प अभियान सह आदर्श बिहार शिक्षा संगठन के नाम से एक कथित संस्था खोली गई। इसके संचालक विभीषण कुमार, उनकी पत्नी नेहा कुमारी, ससुर रविन्द्र कुमार सहित छह लोगों ने संस्था को अर्द्ध-सरकारी बताकर नियुक्ति के नाम पर युवाओं से 1.45 लाख रुपये तक की राशि ली। कई युवाओं को नियुक्ति पत्र देकर उनसे काम लिया गया, लेकिन दो महीने बीतने के बाद भी किसी को वेतन नहीं मिला। जब पीड़ितों ने वेतन और जमा पैसे की मांग की, तो पहले तो उन्हें टाल-मटोल किया गया, बाद में 30 अप्रैल 2025 तक राशि लौटाने का वादा कर फरार हो गए। इसके बाद 19 मई को पीड़ित जब पैसे मांगने विभीषण कुमार के घर पहुंचे, तो वहां मौजूद सभी आरोपियों ने मिलकर गाली-गलौज और मारपीट की। इतना ही नहीं जानलेवा हमला भी किया। इस मामले में सदर थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। बताया जा रहा है कि इससे पहले आरोपी ने दूसरे गांव में इसी तरह का फजीर्वाड़ा किया था। मधेपुरा थानाध्यक्ष विमलेंदु कुमार ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी को जेल भेज दिया गया है। अन्य आरोपियों को गिरफ्तार करने के लिए छापेमारी की जा रही है।

### कोर्ट में शादी कर पिता को दे रही थी झांसा

**पटना।** चर्चित अधिवक्ता जितेंद्र कुमार मेहता की हत्या के सनसनीखेज मामले का पटना पुलिस ने 48 घंटे के भीतर खुलासा कर दिया है। पुलिस के अनुसार वकील की बड़ी बेटी के प्रेमी ने ही अपने साथी अपराधियों के साथ मिलकर उनकी हत्या करवाई थी। 13 जुलाई रविवार को पटना के सुल्तानगंज थाना क्षेत्र में 58 वर्षीय अधिवक्ता जितेंद्र कुमार मेहता को अपराधियों ने दिनदहाड़े गोली मार दी थी। गंभीर रूप से घायल मेहता को अस्पताल ले जाया गया जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। घटना के 24 घंटे बाद पुलिस ने विशेष जांच दल (रक्ळ) का गठन किया और आसपास के सीसीटीवी फुटेज तथा वैज्ञानिक तरीके से जांच कर मामले की गुत्थी सुलझाई। पुलिस जांच में सामने आया कि मृतक अधिवक्ता की बड़ी बेटी का प्रेम संबंध सोनू कुमार नामक युवक से था। एसएसपी कर्तिकेय शर्मा ने मंगलवार को प्रेस वार्ता में बताया कि जितेंद्र मेहता इस रिश्ते का विरोध कर रहे थे। इसके बावजूद दोनों ने 2022 में कोर्ट मैरिज कर ली थी लेकिन पिता इस विवाह को स्वीकार नहीं कर रहे थे। जांच में यह भी पता चला कि सोनू पहले से शादीशुदा था और उसका एक बच्चा भी है। वह एसी रिपेयरिंग का काम करता था।एसएसपी के मुताबिक पिता के विरोध से तंग आकर सोनू ने जितेंद्र मेहता को रास्ते से हटाने की योजना बनाई। सोनू को लगा कि जब तक मेहता जीवित रहेंगे, उसका संबंध आगे नहीं बढ़ पाएगा। साजिश में सोनू के साथ आकाश और मो. अली ने भी सहयोग किया। इन लोगों ने दो शूटर आदित्य कुमार और निरंजन कुमार की व्यवस्था की। हत्या के लिए डेढ़ लाख रुपये की सुपारी तय हुई जिसमें दस हजार रुपये एडवांस दिए गए थे, बाकी रकम घटना के बाद देने की बात थी। योजना के अनुसार आदित्य ने गोली चलाई जबकि निरंजन बाइक चला रहा था।

## बिना शट डाउन लिए ट्रांसफार्मर का फ्यूज ठीक कर रहा था मिस्त्री

# करंट लगने से मौत

**सुपौल।** जिले के छातापुर थाना क्षेत्र अंतर्गत डहरिया पंचायत स्थित वार्ड 11 में मंगलवार की शाम एग्रिकल्चर ट्रांसफार्मर का फ्यूज ठीक कर रहे एक बिजली मिस्त्री की करंट लगने से मौत हो गई। मृतक छातापुर पंचायत के वार्ड 8 निवासी सचेन यादव का पुत्र प्रमोद कुमार (30 साल) बताया जाता है। बताया जा रहा है कि प्रमोद बिना शट डाउन के ही फ्यूज बनाने का कार्य किया जा रहा था। इसी दौरान वह करंट की चपेट में आ गया और ट्रांसफार्मर से चिपक गया। प्रमोद के शरीर में किसी प्रकार की हरकत नहीं होता देख मौके पर मौजूद लोगों ने बांस बल्ले के सहारे उसे नीचे उतारकर एंबुलेंस मंगवाया और सीएचसी पहुंचाया। हालांकि वहां डॉक्टर ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। इधर, मौत की खबर फैलते ही परिजन सहित स्थानीय लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी और परिजनों के करुण चित्कार से



सीएचसी में कोलाहल मचा रहा। वही मौत की सूचना मिलने के बावजूद विभाग के कोई भी पदाधिकारी खोज खबर लेने नहीं पहुंचे, जिससे परिजनों का आक्रोश उबाल पर था। करीब छह घंटों तक परिजनों और ग्रामीणों ने हंगामा मचाया। इस बीच सहायक थानाध्यक्ष शाहिद सदल बल सीएचसी पहुंचे और लोगों को समझाकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम में भेजने का प्रयास किया। लेकिन परिजनों का कहना है कि बारंबार हो रही घटनाओं पर लगाम लगे और विभागीय वरीय पदाधिकारी स्थल पर आकर मृतक के आश्रितों को उचित मुआवजा का आश्वासन दें, इसके बाद शव को पुलिस के हवाले किया जाएगा। काफी मशक्कत के बाद रात करीब 12 बजे हंगामा शांत हुआ। जिसके बाद शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया। इधर, हंगामे के बीच मृतक के परिजन विभागीय अनदेखी और लापरवाही का आरोप लगा रहे थे। घटना के बाद मृतक की पत्नी अरुणा देवी, मां बिजली देवी, पिता सचेन यादव सहित सभी परिजन परिवार दहार मारकर रो रहे थे। मृतक को एक चार साल का पुत्र और एक छः माह की बेटी है। इधर, लाइनमैन वरूण कुमार ने बताया कि घटना के समय मैं स्थल पर नहीं था। प्रमोद ने मुझसे फोन पर पीएसएस से शट-डाउन लेने के लिए कहा था। मैंने शट डाउन के लिए पीएसएस को फोन पर कहा ही था कि इस बीच किसी के कहने पर प्रमोद ट्रांसफार्मर के खंभे पर चढ़ गया। वरूण के अनुसार दो दिन पूर्व ही प्रमोद को सहयोगी के तौर पर विद्युतीय कार्य के लिए अधिकृत किया था। जबकि वह निजी तौर पर बीते कई वर्षों से वह विभाग के कार्य में सहयोग कर रहा था। कनीय अभियंता विद्युत वैद्यनाथ प्रसाद गुप्ता ने बताया कि बिना शट-डाउन मांगे कार्य किया जा रहा था। प्रमोद कुमार को अनुभव के आधार पर कार्य के लिए अधिकृत किया गया था। लेकिन उसने योगदान नहीं किया था। फिर भी विभागीय प्रावधान के अनुरूप मुआवजा के लिए प्रयास किया जाएगा। वही छातापुर थानाध्यक्ष कृष्ण कुमार सिंह ने बताया कि पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है। मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## मुजफ्फरपुर में पहुंचे स्वामी अभिषेक ब्रह्मचारी

**मुजफ्फरपुर।** बिहार में सनातन धर्म और संस्कृति की रक्षा व जागरण के उद्देश्य से भगवती राजराजेश्वरी ललिता त्रिपुरसुन्दरी के परम भक्त स्वामी अभिषेक ब्रह्मचारी जी महाराज मंगलवार को मुजफ्फरपुर पहुंचे। उनके आगमन पर श्रद्धालुओं ने भव्य स्वागत किया। वे यहां तीन दिवसीय श्रीविद्या त्रिकोटी कुमकुमार्चन महायज्ञ के आयोजन के लिए आए हैं, जिसमें दक्षिण भारत से आए एक दर्जन से अधिक विद्वान पुरोहित भी शामिल हैं। महायज्ञ का आयोजन बुधवार से मुजफ्फरपुर के खादी भंडार प्रांगण में शुरू होगा। आयोजन से पूर्व मंगलवार शाम को कलश शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस महायज्ञ की विशेषता यह है कि इसमें केवल महिलाएं और कन्याएं ही भाग लेंगी। प्रतिदिन एक साथ 1100 महिलाएं यज्ञ में आहुतियां देंगी। इसके लिए कई टन कुमकुम मंगाया गया है। आयोजन में कोई प्रवचन नहीं होगा, केवल शक्ति उपासना होगी। स्वामी अभिषेक ब्रह्मचारी जी



महाराज उत्तर बिहार में पहली बार इस प्रकार का महायज्ञ करवा रहे हैं। इससे पहले वे पटना और गया में इस आयोजन को सफलतापूर्वक संपन्न करवा चुके हैं। सावन माह में हो रहा यह शक्ति उपासना महायज्ञ राष्ट्र चेतना को जागृत करने और सनातन संस्कृति की रक्षा के संकल्प को मजबूत करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया है। आयोजकों के अनुसार, यह न केवल आध्यात्मिक जागरण का माध्यम बनेगा, बल्कि सनातन धर्म की रक्षा और भारत को ॒शक्ति राष्ट्रॗ के रूप में स्थापित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम होगा। आयोजन को लेकर श्रद्धालुओं में जबरदस्त उत्साह और आस्था देखी जा रही है। शोभायात्रा में पूरे मार्ग में भक्तों ने जगह-जगह पुष्पवर्षा कर कलश यात्रा का स्वागत किया। अब श्रद्धालु स्वामी अभिषेक ब्रह्मचारी जी महाराज के सान्निध्य में शुरू होने वाले महायज्ञ में शामिल होकर पुण्य लाभ लेने को उत्सुक हैं।

## पटना एयरपोर्ट पर टला बड़ा हादसा

# दिल्ली से आ रहे विमान का हुआ रनवे ओवरशूट

**पटना।** एयरपोर्ट पर बड़ा विमान हादसा टल गया। दिल्ली से आ रहे विमान को रनवे ओवरशूट का सामना करना पड़ा। हालांकि, पायलट ने सूझबूझ से विमान को अनियंत्रित होने से बचा लिया। उन्होंने फौरन गो-अराउंड प्रक्रिया अपनाई और विमान को फिर से सफलतापूर्वक लैंड करवा लिया। इस मामले में ने पटना एयरपोर्ट के छोटे रनवे को लेकर फिर सवाल खड़ा कर दिया है। बताया जा रहा है कि मंगलवार रात नौ बजे दिल्ली से आ रही इंडिगो एयरलाइंस की फ्लाइट 6ए 2482 ने लैंडिंग के दौरान रनवे के निर्धारित टचडाउन जोन को पार कर दिया। विमान के मुख्य लैंडिंग गियर रनवे को छुआ। विमान तय स्थान से आगे निकल





चुका था। इसके बाद पायलट ने आकलन किया तो पता चला कि इतने कम रनवे में लैंडिंग संभव नहीं। इसके बाद पायलट ने फिर से विमान को आसमान में उठा लिया। कुछ देर चक्कर काटने के बाद फिर से लैंडिंग करवा ली। इस बार लैंडिंग में कोई परेशानी नहीं हुई। जानकारों के अनुसार, विमान रनवे के अंत से पहले रुकने में सफल नहीं हो पाता है और रनवे के अंत से ज्यादा आगे निकल जाता है। यानी विमान रनवे की निर्धारित सीमा से बाहर चला जाता है। ऐसा तब होता है जब कोई विमान रनवे पर उतरने के बाद, उसे रोकने के लिए आवश्यक ब्रेक लगाने या थ्रस्ट रिवर्सल का उपयोग करने में सफल नहीं हो पाता है। पटना एयरपोर्ट से दिल्ली के लिए उड़ान भरते ही फ्लाइट से चिड़िया टकरा गई। विमान के एक इंजन में वाइब्रेशन होने लगा। तत्काल रिपोर्ट हुई और 175 यात्रियों को ले जा रहे विमान को वापस पटना में ही सुरक्षित लैंड करा लिया गया। बताया गया था कि इंडियो की फ्लाइट सुबह के साढ़े नौ बजे दिल्ली के उड़ी थी। चंद मिनट बाद भी एक पक्षी विमान से टकरा गया। इससे विमान में खराबी आ गई। पायलट ने सूझबूझ से काम लिया और फौरान एटीसी को सूचना दी। इसके बाद पायलट ने इमरजेंसी लैंडिंग की अनुमति मांगी।

## सीसीटीवी में घायल शख्स को देखकर चौंक गई पुलिस, खुला मामला

# चचेरे भाई ने दी थी हत्या की सुपारी

**बेगूसराय।** ताबड़तोड़ फायरिंग में एक युवक की मौत हो गई थी। इस घटना में एक अन्य युवक घायल हो गया था। शुरूआती समय में ऐसा लगा था कि अपराधियों ने बेवजह इस घटना को अंजाम दिया है, लेकिन सच तो यह था कि यह घटना सोची समझी योजना थी, जिसके तहत एक चचेरे भाई ने ही अपनी पुरानी रंजिश की वजह से हत्या की सुपारी दी थी। कहानी में मोड़ तब आया जब घायल युवक से पुलिस ने पूछताछ की। उस घायल शख्स ने मामले का खुलासा किया कि वह कोई और नहीं बल्कि अपराधियों का ही एक साथी था जो गलती से अपने साथी की गोली से घायल हो गया था।सोमवार सुबह अपराधियों ने बस स्टैंड के विवाद में दो युवकों को गोलियों से भून दिया। इस घटना में स्टैंड के समीप बैठे अमित कुमार (25) की मौके पर ही मौत हो गई थी, जबकि उसका साथी प्रिंस कुमार गंभीर रूप से घायल हो गया था, जिसे स्थानीय लोगों ने अस्पताल पहुंचाया । साथ ही इस घटना में अपराधियों का साथी



शुभम भी घायल हो गया। आननफानन में कुछ लड़के शुभम को निजी अस्पताल पहुंचाकर वहां से फरार हो गये। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और जांच पड़ताल शुरू कर दी। जांच के दौरान पुलिस ने सीसीटीवी भी खंगाला। सीसीटीवी खंगालने के दौरान पुलिस को वह दिखा जिसे देखकर पुलिस चौंक गई। आननफानन में पुलिस अस्पताल पहुंची और घायल शुभम से घटना के संबंध में पूछताछ करने लगी। पूछताछ के दौरान पुलिस ने पूछा कि तुमको जो लोग अस्पताल छोड़ने आये वह कौन हैं और कहाँ हैं? पुलिस के इस सवाल का शुभम के पास कोई जवाब नहीं था। आखिर पुलिस की सख्ती के पास कौन कितना देर टिक पाता है, इसलिए शुभम को भी टूटने में ज्यादा वक्त नहीं लगा, और उसने सारा सच पुलिस के आगे बयां कर दिया। लोहियानगर थाना क्षेत्र के बाघा गुमटी के पास गोलीबारी में अमित कुमार की हत्या और प्रिंस कुमार के जख्मी होने के मामले में पुलिस ने तीन अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों के पास से हत्या में इस्तेमाल की गई एक देसी पिस्तौल, दो जिंदा कारतूस, दो मोबाइल फोन, एक काला हेलमेट, होंडा साइन बाइक की चाभी, वारदात के समय पहने गए कपड़े और सु ारी के रूप में मिले 2 लाख 71 हजार 800 रुपये नकद बरामद हुए। पूछताछ के दौरान शुभम ने अपना नाम और पता रामदीरी नकटी टोला, थाना मटिहानी बताया। उसने अमित की हत्या में अपनी संलिप्तता स्वीकार की। साथ ही बताया कि उसने सूरज कुमार, दीपक कुमार, सौरभ कुमार और प्रेम कुमार के साथ मिलकर इस घटना को अंजाम दिया है। शुभम ने बताया कि सौरभ ने पिस्तौल और सूरज ने देसी कट्टा से कुल 5-6 राउंड फायरिंग की थी। सौरभ की गोली से ही शुभम घायल हो गया था। इसके बाद सूरज और प्रेम ने उसे अस्पताल पहुंचाया और वहां से फरार हो गया।सीसीटीवी फुटेज में यह स्पष्ट दिखा था कि हत्या की सुपारी मृतक के पटीदार राहुल कुमार ने दी थी। राहुल ने ही सूरज को 3 लाख रुपये में अमित की हत्या की सुपारी दी थी। राहुल का भाई प्रेम हेलमेट पहनकर अमित की रेकी कर रहा था और इस हत्या कांड में शामिल भी था।



# मध्य प्रदेश में उठाएं बीच का मजा

## जरूर एक्सप्लोर करें ये मनमोहक और खूबसूरत जगह

मध्य प्रदेश में भोपाल से लेकर इंदौर तक, ग्वालियर, मांडू, ओरछा और जबलपुर जैसी कई ऐतिहासिक जगहें हैं, जिनके बारे में लगभग हर कोई जानता है। वहीं मध्य प्रदेश में हनुवंतिया एक ऐसी जगह है, जहां पर आप बीच का लुत्फ उठा सकते हैं।

मध्य प्रदेश का गठन साल 1956 में हुआ था। यह देश के सबसे बड़े राज्यों में शामिल एक खूबसूरत और प्रमुख राज्य भी है। देश के मध्य में स्थित मध्य प्रदेश में कई ऐसी खूबसूरत और शानदार जगहें मौजूद हैं, जहां पर सिर्फ देशी ही नहीं बल्कि विदेशी पर्यटक भी घूमने के लिए पहुंचते रहते हैं। मध्य प्रदेश में भोपाल से लेकर इंदौर तक, ग्वालियर, मांडू, ओरछा और जबलपुर जैसी कई ऐतिहासिक जगहें हैं, जिनके बारे में लगभग हर कोई जानता है। वहीं मध्य प्रदेश में हनुवंतिया एक ऐसी जगह है, जहां पर आप बीच का लुत्फ उठा सकते हैं। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको हनुवंतिया की खूबसूरती और इसकी खासियत के बारे में बताने जा रहे हैं।

### हनुवंतिया

मध्य प्रदेश के खंडवा जिले में इंदिरा सागर बांध के पास हनुवंतिया स्थित है। यह खंडवा शहर से करीब 45 किमी दूरी पर मौजूद है।

मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल से हनुवंतिया करीब 233 किलोमीटर दूर है। वहीं इंदौर से करीब 138 किमी, देवास से करीब 195 किमी और उज्जैन से 197 किमी दूर है।

### इस जगह की खासियत

बता दें कि इंदिरा सागर बांध के बैकवाटर में स्थित हनुवंतिया मध्य प्रदेश की एक मनमोहक जगह है। हनुवंतिया को कई लोग आइलैंड या हनुवंतिया टापू के नाम से भी जानते हैं। इस जगह की खूबसूरती इस कदर प्रचलित है कि लोग इसको एमपी का %मिनी गोवा% भी कहते हैं।

यह जगह अपनी प्राकृतिक सुंदरता के साथ एक फेमस पर्यटन स्थल माना जाता है। यहां पर गर्मियों में भारी संख्या में पर्यटक घूमने के लिए पहुंचते हैं। हनुवंतिया टापू नीले रंग के पानी और खूबसूरती के कारण गोवा की याद दिलाता है। वहीं मानसून में हनुवंतिया की खूबसूरती अपने चरम पर होती है।

### सैलानियों के लिए क्यों है खास

गर्मियों में हनुवंतिया को मध्य प्रदेश को एक परफेक्ट पॉइंट माना जाता है। खासकर वीकेंड में भारी संख्या में पर्यटक घूमने और पिकनिक मनाने के लिए पहुंचते हैं।

हनुवंतिया का शांत और शुद्ध वातावरण पर्यटकों को खूब आकर्षित करता है। यह जगह अपनी खूबसूरती के अलावा एडवेंचर एक्टिविटी के लिए जाना जात है। यहां पर कई लोग सिर्फ एडवेंचर एक्टिविटी करने के लिए पहुंचते हैं।

### वॉटर स्पोर्ट्स के लिए है फेमस

बता दें कि हनुवंतिया बीच मध्य प्रदेश में सबसे ज्यादा वाटर एक्टिविटी के लिए जाना जाता है। यहां पर कई सैलानी सिर्फ मोटरबोटिंग, गोताखोरी, जेट स्कीइंग, सर्फिंग और जोरबिंग के अलावा हॉट एयर बैलूनिंग और पैरा एक्टिविटीज जैसी शानदार और मजेदार एक्टिविटी के लिए पहुंचते हैं।

हर साल हनुवंतिया आइलैंड में जल महोत्सव का आयोजन किया जाता है। इस महोत्सव में शामिल होने के लिए हर साल हजारों की संख्या में पर्यटक शामिल होते हैं।

### आसपास घूमने की जगहें

बता दें कि हनुवंतिया के आसपास कई शानदार और खूबसूरत जगहें मौजूद हैं। जिनको आप ट्रिप के दौरान एक्सप्लोर कर सकते हैं। जैसे इंदिरा सागर बांध, घंटाघर, गौरी कुंज, नागचून बांध खंडवा, तुलजा भवानी माता मंदिर को एक्सप्लोर कर सकते हैं।



# बारिश के मौसम का मजा लेना है तो महाराष्ट्र की इन जगहों पर जरूर जाएं



**परिवार या दोस्तों के साथ घूमना किसे पसंद नहीं होता? कई लोग ट्रिप पर जाने में ज्यादा दिलचस्पी दिखाते हैं. खासकर अपने पार्टनर या गर्लफ्रेंड के साथ ट्रिप पर जाना कई लोगों को काफी खुशी देता है. इसलिए ज्यादातर लोग अपनी गर्लफ्रेंड के साथ मस्ती करने के लिए खूबसूरत जगहों पर जाना पसंद करते हैं. अगर आप अपने पार्टनर के साथ रोमांटिक पल बिताना चाहते हैं तो आज हम आपके लिए कुछ ऐसी जगहों की जानकारी लेकर आए हैं जो जुलाई में कपल्स के घूमने के लिए बेस्ट जगह हैं. खबर के जरिए जानते हैं कि मानसून में अपने पार्टनर के साथ घूमने के लिए कौन सी जगहें बेस्ट हैं.**

### लोनावाला

मानसून के मौसम में लोनावाला घूमने के लिए एक बेहतरीन जगह है। इस जगह की खूबसूरती और प्रकृति का अनोखा नजारा हर किसी को अपनी ओर आकर्षित करता है. खासकर अगर प्रेमी जोड़े और नवविवाहित जोड़े यहां जाएं तो उन्हें बहुत मजा आएगा. क्योंकि यहां का भूशी डैम, टाइगर प्वाइंट, हरी-भरी पहाड़ियां, प्रकृति और खूबसूरत फूलों के बगीचे हर किसी को अपनी ओर आकर्षित करते हैं. इसलिए यह जगह प्रेमी जोड़ों, नवविवाहितों और जोड़ों के लिए सबसे अच्छा पर्यटन स्थल माना जाता है.

### मुलशी

अगर आप अपने पार्टनर के साथ मानसून के मौसम का मजा लेना चाहते हैं तो पुणे के पास मुलशी घूमने के लिए एक बेहतरीन जगह है. क्योंकि यहां का इलाका बेहद खूबसूरत है. अपनी प्राकृतिक खूबसूरती और प्रकृति के लिए मशहूर यह जगह पर्यटकों को खूब आकर्षित करती है. खास तौर पर धुंध भरी पहाड़ियां और मुलशी डैम देखने लायक बेहद खूबसूरत जगह हैं.

### माथेरान हिल स्टेशन

माथेरान हिल स्टेशन अपने प्रेमी के साथ हाथ में हाथ डालकर घूमने के लिए सबसे अच्छी जगह है. यह सबसे खूबसूरत जगहों में से एक है.मुंबई और पुणे के पास स्थित यह बेहद खूबसूरत हिल स्टेशन अपनी हरी-भरी पहाड़ियों के साथ बेहद खूबसूरत नजारा देता है. ऐसी प्राकृतिक खूबसूरती के बीच अपने साथी के साथ हाथ में हाथ डालकर घूमना आपके बीच प्यार को और बढ़ा देगा. इसलिए माथेरान लवर्स के लिए एक बेहतरीन टूरिस्ट स्पॉट है.



### हरिश्चंद्रगढ़

खूबसूरत कॉफी बागानों में अपने प्रियतम के साथ गपशप करने के लिए यह एक बेहतरीन जगह है. मानसून के मौसम में घूमने के लिए यह सबसे अच्छी जगह है. जो लोग ट्रैकिंग करना चाहते हैं, वे इस जगह पर जा सकते हैं, बर्फीले पहाड़ों, कॉफी बागानों, हरे-भरे पेड़ों, रिमझिम बारिश के बीच कोंकण तट की खूबसूरती को निहार सकते हैं. आप अपने साथी के साथ खुशी के पल बिता सकते हैं। इसलिए, मानसून के मौसम में घूमने के लिए हरिश्चंद्रगढ़ सबसे अच्छी जगह है.

### लवासा

वरसगांव झील के किनारे स्थित लवासा में अनगिनत वाटर स्पोर्ट्स हैं. महाराष्ट्र में स्थित यह शहर इतालवी शहर पोर्टोफिनो की तर्ज पर बना है. यह अपनी प्राकृतिक सुंदरता, सुव्यवस्थित बुनियादी ढांचे और मनोरंजक गतिविधियों के लिए जाना जाता है. यह जगह कपल्स के लिए बेहद रोमांचक हो सकती है.



# शांति, प्राकृतिक सौंदर्य और औपनिवेशिक विरासत का अनोखा मेल है कसौली

**कसौली की स्थापना 1842 में ब्रिटिश राज के दौरान एक सैन्य छावनी के रूप में हुई थी। यहाँ आज भी कई ब्रिटिश-युग की इमारतें और चर्च मौजूद हैं, जो इसके इतिहास को जीवंत बनाए रखते हैं। साथ ही, यहाँ की प्राकृतिक सुंदरता और साफ-सुथरी जलवायु इसे एक बेहतरीन हिल स्टेशन बनाती है।**

हिमाचल प्रदेश के सोलन ज़िले में स्थित कसौली एक छोटा लेकिन बेहद आकर्षक और शांत पहाड़ी स्थल है। समुद्र तल से लगभग 1,900 मीटर की ऊँचाई पर बसा कसौली अपनी हरियाली, शांत वातावरण, औपनिवेशिक इमारतों और मनोरम दृश्यों के लिए जाना जाता है। यह एक आदर्श स्थान है उन लोगों के लिए जो भीड़भाड़ और शोरगुल से दूर कुछ सुकून के पल बिताना चाहते हैं।

### कसौली का इतिहास और विशेषता

कसौली की स्थापना 1842 में ब्रिटिश राज के दौरान एक सैन्य छावनी के रूप में हुई थी। यहाँ आज भी कई ब्रिटिश-युग की इमारतें और चर्च मौजूद हैं, जो इसके इतिहास को जीवंत बनाए रखते हैं। साथ ही, यहाँ की प्राकृतिक सुंदरता और साफ-सुथरी जलवायु इसे एक बेहतरीन हिल स्टेशन बनाती है।

### प्रमुख आकर्षण

#### 1. मंकी पॉइंट

कसौली का सबसे ऊँचा स्थान मंकी पॉइंट है, जहाँ से सतलुज नदी, चंडीगढ़ और शिमला के दृश्य साफ दिखाई देते हैं। यहाँ एक छोटा हनुमान मंदिर भी है, जो धार्मिक और प्राकृतिक सौंदर्य दोनों के लिए प्रसिद्ध है।

#### 2. गिल्बर्ट ट्रेल

प्राकृतिक प्रेमियों और वॉकिंग के शौकीनों के लिए यह एक आदर्श जगह है। यह पगडंडी देवदार और ओक के पेड़ों के बीच से गुजरती है और यहां की शांति आत्मा को सुकून देती है।

#### 3. क्राइस्ट चर्च

1853 में बना यह चर्च कसौली की सबसे पुरानी इमारतों में से एक है। इसकी गोथिक शैली की वास्तुकला और रंगीन कांच की खिड़कियाँ देखने लायक हैं।

#### 4. सनसेट पॉइंट

शाम के समय यहाँ से सूर्यास्त का दृश्य अत्यंत मनमोहक होता है। पहाड़ियों के बीच सूरज को डूबते हुए देखना एक अविस्मरणीय अनुभव है।

#### 5. कसौली ब्रुअरी

यह एशिया की सबसे पुरानी डिस्टिलरी मानी जाती है, जो अब भी संचालित हो रही है। यह ब्रिटिश काल की विरासत को संजोए हुए है।

कसौली में करने योग्य गतिविधियाँ

- प्राकृतिक ट्रेल्स पर वॉकिंग और ट्रेकिंग
- स्थानीय बाजारों में शॉपिंग (हस्तशिल्प, ऊनी वस्त्र, जैम आदि)
- फोटोग्राफी और बर्ड वॉचिंग
- चर्चों और औपनिवेशिक इमारतों की खोज
- शांत वातावरण में ध्यान और योग

यात्रा का सर्वोत्तम समय

मार्च से जून: गर्मियों में ठंडक का आनंद लेने के लिए उपयुक्त।

सितंबर से नवंबर: साफ आसमान और हरियाली देखने के लिए।

दिसंबर से फरवरी: बर्फबारी का आनंद लेने वालों के लिए बेहतरीन समय।

कैसे पहुँचे कसौली?

हवाई मार्ग : निकटतम हवाई अड्डा चंडीगढ़ (लगभग 60 किमी) है।

रेल मार्ग : निकटतम रेलवे स्टेशन कालका (लगभग 25 किमी) है, जहाँ से टैक्सी या बस ली जा सकती है।

सड़क मार्ग : चंडीगढ़, शिमला, दिल्ली से सीधी बस और टैक्सी सेवाएं उपलब्ध हैं।

कसौली एक ऐसा पर्यटन स्थल है जहाँ प्रकृति की गोद में शांति, सौंदर्य और इतिहास का अद्भुत संगम देखने को मिलता है। यह उन लोगों के लिए आदर्श स्थान है जो जीवन की दौड़-भाग से दूर कुछ पल सुकून और ताजगी के साथ बिताना चाहते हैं।

# विराट कोहली ने रचा इतिहास, सभी फॉर्मेट में 900 रेटिंग अंक छूने वाले पहले बल्लेबाज बने

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय बल्लेबाज विराट कोहली टी20आई और हाल ही में टेस्ट से संन्यास लेने के बावजूद लगातार रिकॉर्ड तोड़ रहे हैं। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (ICC) ने बुधवार को उनके अधिकतम टी20आई रेटिंग अंक 909 अंक तक बढ़ा दिए हैं। इस तरह वह खेल के सभी प्रारूपों में ICC पुरुष क्रिकेट रैंकिंग में 900 अंकों का आंकड़ा पार करने वाले खेल इतिहास के एकमात्र बल्लेबाज बन गए हैं।

पिछले साल ICC टी20 विश्व कप के फाइनल में 76 रन की शानदार पारी खेलकर खिताब अपने नाम करने वाले कोहली ने अपनी टी20आई रेटिंग में सुधार किया। विज़डन के अनुसार ICC ने उनकी सर्वकालिक टी20आई रेटिंग को 897 से बढ़ाकर 909 कर दिया है। यह ICC पुरुष टी20आई रैंकिंग में किसी बल्लेबाज द्वारा हासिल किए गए तीसरे सबसे अधिक रेटिंग अंक हैं, जो सूर्यकुमार यादव (912) और इंग्लैंड के डेविड मलान (919) के बाद दूसरे स्थान पर हैं, जो रैंकिंग चार्ट में शीर्ष पर काबिज हैं।

ICC पुरुष टेस्ट रैंकिंग में विराट के सर्वोच्च रेटिंग अंक 937 हैं, जो किसी भारतीय बल्लेबाज के लिए सर्वाधिक और कुल मिलाकर 11वें सर्वाधिक हैं। उन्होंने 2018 में इंग्लैंड दौरे के दौरान यह उपलब्धि हासिल की थी, जहां उन्होंने 10 पारियों में दो शतकों और तीन अर्द्धशतकों की मदद से 593 रन बनाए थे और बल्लेबाजों के लिए एक खराब श्रृंखला में भारत के लिए अकेले योद्धा रहे थे।

वनडे में विराट के रेटिंग अंक 2018 में इंग्लैंड दौरे के दौरान 909 के शिखर पर पहुंच गए थे, जहां उन्होंने तीन वनडे मैचों में 191 रन बनाए थे, जिसमें दो अर्धशतक शामिल थे। अपनी सफलता के चरम पर विराट को एक समय ICC पुरुष टेस्ट, वनडे और टी20आई रैंकिंग में एक साथ नंबर एक बल्लेबाज का दर्जा दिया गया था।

इस नई उपलब्धि के साथ विराट ने एक और मजबूत बयान दिया है जो इस तर्क का समर्थन करता है कि वह सर्वकालिक सर्वश्रेष्ठ ऑल-फॉर्मेट बल्लेबाज हो सकते हैं। विराट ने 125 मैचों और पारियों में 48.69 की औसत से 4,188 रन बनाकर टी20आई से संन्यास लिया, जिसमें एक शतक और 25 अर्द्धशतक शामिल हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 122* है। वह इस प्रारूप के इतिहास में तीसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं।

इस साल मई में विराट ने नए आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (WTC) चक्र से पहले टेस्ट क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की, जो ऑस्ट्रेलिया के निराशाजनक दौरे के बाद लिया गया जहां वह 5 मैचों की नौ पारियों में 23.75 की औसत से केवल 190 रन ही बना सके, जिसमें पर्थ में एक शतक उनका उल्लेखनीय योगदान था। वह भारत के चौथे सबसे ज्यादा टेस्ट रन बनाने वाले खिलाड़ी के रूप में सेवानिवृत्त हुए और कुल मिलाकर सर्वकालिक सूची में 19वें सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं, जिन्होंने 46.85 की औसत से 9,230 रन बनाए हैं, जिसमें 30 शतक और 31 अर्द्धशतक शामिल हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 254* है।

विराट अभी भी एकदिवसीय मैचों में सक्रिय हैं, उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 183 है। वह वनडे में अब तक के तीसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले और भारत के लिए दूसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं। उनका आखिरी वनडे मैच मार्च में आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी जीतने वाला अभियान था, जिसके दौरान उन्होंने पाँच मैचों में 218 रन बनाए, जिसमें पाकिस्तान के खिलाफ एक शतक और सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एक अर्धशतक शामिल था।



सभी प्रारूपों में विराट ने 52.27 की औसत से 27,599 रन बनाए हैं जिसमें 617 पारियों में 82 शतक और 143 अर्द्धशतक शामिल हैं और उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 254* है। वह भारत के अब तक के दूसरे सबसे ज्यादा अंतरराष्ट्रीय रन बनाने वाले और कुल मिलाकर तीसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं।

# पीवी सिंधु जापान ओपन के पहले दौर में बाहर, सात्विक-चिराग और लक्ष्य दूसरे दौर में



**तोक्यो (एजेंसी)।** दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु एक बार फिर पहले दौर से आगे बढ़ने में नाकाम रही लेकिन लक्ष्य सेन पुरुष एकल तथा सात्विकसाइराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की पुरुष युगल जोड़ी बुधवार को यहां जापान ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट में आसान जीत के साथ दूसरे दौर में पहुंच गए। पूर्व विश्व चैंपियन 30 वर्षीय सिंधु को इस सुपर 750 टूर्नामेंट में कोरिया की सिम यू जिन के हाथों 15-21, 14-21 से हार का सामना करना पड़ा। यह इस वर्ष पांचवां अवसर है जबकि सिंधु पहले दौर की बाधा पार नहीं कर पाई।

सिंधु ने पहले गेम में थोड़ी चुनौती पेश की लेकिन इस बीच उन्होंने काफी गलतियां भी की जिसका फायदा उठाकर सिम यह गेम जीतने में सफल रही। दूसरे गेम में सिंधु जल्दी ही 1-6 से पीछे हो गईं। वह हालांकि स्कोर 11-11 से बराबर करने में कामयाब रहीं, लेकिन कोरियाई खिलाड़ी ने आसानी से बढ़त बनाकर सीधे गेम में मैच अपने नाम कर लिया। सिम ने इस तरह से भारतीय खिलाड़ी के खिलाफ अपने करियर की पहली जीत हासिल की।

इससे पहले पुरुष युगल में वर्तमान में विश्व रैंकिंग में 15वें स्थान पर काबिज सात्विक और चिराग ने कांग मिन ह्युक और किम डोंग जू की कोरियाई जोड़ी को केवल 42 मिनट में 21-18, 21-10 से हराया। विश्व की पूर्व नंबर एक भारतीय जोड़ी को लय हासिल करने में थोड़ा समय लगा और कोरिया के खिलाड़ियों ने पहले गेम में उनके सामने कड़ी चुनौती पेश की। सात्विक और चिराग ने दूसरे गेम में शुरू से ही दबदबा बना कर रखा और आसानी से अगले दौर में प्रवेश किया।

इस बीच पिछले कुछ समय से खराब फॉर्म में चल रहे लक्ष्य सेन ने शानदार प्रदर्शन करते हुए चीन के वांग झेंग जिंग को 21-11, 21-18 से हराया। विश्व के 18वें नंबर के खिलाड़ी लक्ष्य ने पहले गेम में पूरी तरह नियंत्रण बनाए रखा और 11-2 की बढ़त बना ली और फिर बिना किसी परेशानी के गेम अपने नाम कर लिया। दूसरे गेम में जिंग ने चुनौती पेश की, लेकिन लक्ष्य ने शुरुआती लय का फायदा उठाते हुए बढ़त बनाए रखी और सीधे गेम में मैच जीत लिया। अब उनका सामना जापान के सातवें वरीय खिलाड़ी कोडाई नाराओका से होगा।

# आईसीसी ने इंग्लैंड टीम पर लगाया भारी जुर्माना

**-दो डब्ल्यूटीसी अंक भी काटे गये**



**दुबई (एजेंसी)।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने लॉर्ड्स टेस्ट मैच में धीमी ओवर गति के लिए इंग्लैंड की टीम पर भारी जुर्माना लगाया है। इसके साथ ही भारत के खिलाफ इस टेस्ट में मिली जीत के बाद भी इंग्लैंड की टीम के खाते में से आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) अंक भी काटे गए हैं। धीमी ओवर गति के लिए आईसीसी ने इंग्लैंड पर 10 फीसदी मैच फीस का जुर्माना लगाया है। इसके साथ-साथ टीम के खाते में से दो अंक भी काटे गए हैं, जिससे उनका जीत प्रतिशत 66.67 से नीचे आया है और टीम दूसरे से तीसरे नंबर पर फिसल गयी है। दूसरा मैच जीतकर इंग्लैंड के 66.67 फीसदी जीत अंक थे जो अब अब घटकर 60 फीसदी रह गये हैं।

आईसीसी एलीट पैनल के मैच रेफरी रिची रिचर्डसन ने इंग्लैंड की टीम को धीमी ओवर गति के लिए दोषी पाया है। दो ओवर की देरी इंग्लैंड टीम को भारी पड़ी है। प्लेयर्स एंड प्लेयर्स सपोर्ट स्टाफ के लिए आईसीसी की आचार संहिता के नियम 2.22 के अनुसार, जो न्यूनतम ओवर-रेट अपराधों से संबंधित है, खिलाड़ियों पर उनके द्वारा निर्धारित समय में गेंदबाजी करने में असफल रहने पर प्रत्येक ओवर के लिए उनकी मैच फीस का पांच प्रतिशत जुर्माना लगाया जाता है। इंग्लैंड ने दो ओवर तय समय में नहीं फेंके तो उन पर 10 फीसदी जुर्माना लगा है।

इंग्लैंड की टीम के कप्तान बेन स्टोक्स ने ये गलती स्वीकार कर ली ओर दंड भी मान लिया है। इसलिए इस मामले में आगे औपचारिक सुनवाई की कोई जरूरत नहीं पड़ी। मैदानी अंपायर पॉल रिफेल और शरफुद्दौला इब्ने शाहिद, तीसरे अंपायर अहसान रजा और चौथे अंपायर ग्राहम लॉयड ने इंग्लैंड पर ये आरोप तय किए थे। मैच रेफरी ने इन आरोपों को सही पाया और इंग्लैंड को सजा दी गई।

# जो रूट एक सप्ताह बाद फिर टेस्ट रैंकिंग में नं. 1 बल्लेबाज बने, बुमराह शीर्ष पर कायम

**दुबई (एजेंसी)।** इंग्लैंड के स्टार बल्लेबाज जो रूट ने आईसीसी पुरुष टेस्ट रैंकिंग में शीर्ष स्थान हासिल कर लिया है। उन्होंने इसे खोने के एक सप्ताह के भीतर ही शीर्ष स्थान हासिल कर लिया है जबकि भारत के ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा बुधवार को जारी नवीनतम सूची में 34वें स्थान पर पहुंच गए हैं। लॉर्ड्स में भारत के खिलाफ 5 मैचों की श्रृंखला के तीसरे टेस्ट में रूट ने 104 और 40 रनों की पारी खेली थी। इंग्लैंड ने यह मैच 22 रनों से जीता था। इस पारी की बदौलत रूट ने आठवीं बार शीर्ष स्थान हासिल किया है।

रूट 34 साल की उम्र में दिसंबर 2014 में कुमार संगकारा के बाद सबसे उम्रदराज नंबर 1 टेस्ट बल्लेबाज हैं। संगकारा तब 37 साल के थे। रूट ने अपना शीर्ष स्थान हमवतन हैरी ब्रूक से गंवा दिया था, जो केन विलियमसन के बाद तीसरे स्थान पर खिसक गए हैं। भारतीय बल्लेबाजों में सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल और उप-कप्तान ऋषभ पंत एक-एक पायदान नीचे खिसककर क्रमशः पांचवें और आठवें स्थान पर हैं जबकि कप्तान शुभमन गिल भी तीन पायदान गिरकर नौवें स्थान पर आ गए हैं।

लॉर्ड्स में 72 रनों की पारी और नाबाद 61 रनों की आक्रामक पारी के बाद जडेजा 5 पायदान ऊपर चढ़कर 34वें स्थान पर पहुंच गए हैं। उसी मैच में 100 और 39 रनों की पारी खेलने वाले केएल राहुल भी 5 पायदान ऊपर चढ़कर अब जडेजा से एक पायदान पीछे 35वें स्थान पर हैं। लॉर्ड्स में 77 रन और 5 विकेट लेकर इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स के 'प्लेयर ऑफ द मैच' प्रदर्शन ने उन्हें बल्लेबाजों में दो पायदान ऊपर चढ़कर 42वें और गेंदबाजों में एक पायदान ऊपर चढ़कर 45वें स्थान पर पहुंचा दिया है।



**बुमराह पहले स्थान पर कायम**

भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह टेस्ट गेंदबाजी रैंकिंग में अपना दबदबा बनाए हुए हैं और दक्षिण अफ्रीका के कगिसो रबाडा पर 50 अंकों की बढ़त के साथ शीर्ष स्थान पर बरकरार हैं। ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज स्कॉट बोलैंड ने लंबी छलांग लगाई है और छह स्थान ऊपर चढ़कर अपने करियर के सर्वश्रेष्ठ छठे स्थान पर पहुंच गए हैं।

बोलैंड के टेस्ट क्रिकेट में 16.53 की औसत से 62 विकेट लेने वाले और उनका औसत से सिर्फ आईसीसी हॉल ऑफ फेमर्स जॉर्ज लोहमैन और सिडनी बार्न्स ही ले पाए हैं। वे अपने चार हमवतन खिलाड़ियों पैट कमिंस, जोश हेजलवुड, नाथन लियोन और मिशेल स्टार्क के साथ शीर्ष 10 में शामिल हो गए हैं। 1958 में इंग्लैंड के छह गेंदबाजों के शीर्ष 12 में शामिल होने के बाद से इस तरह का दबदबा नहीं देखा गया है। भारतीय ऑलराउंडर वाशिंगटन सुंदर 58वें से 46वें स्थान पर आ गए हैं।

# डोपिंग मामले में टेनिस खिलाड़ी तारा पर चार साल का प्रतिबंध

लंदन। ब्रिटेन की महिला टेनिस खिलाड़ी तारा मूर पर डोपिंग मामले में चार साल का प्रतिबंध लगाया जाएगा। खेल पंचाट ने तारा पर ये पाबंदी लगायी है। खेल पंचाट ने अंतरराष्ट्रीय टेनिस इंटीग्रिटी एजेंसी (आईटीआईए) के साथ सहमति के बाद कहा कि तारा को प्रदर्शन बढ़ाने वाली दवाओं के सेवन के लिए प्रतिबंधित किया जाना जरूरी था। इस खिलाड़ी को अप्रैल 2022 में एनाबॉलिक स्टेरॉयड बोल्डेनोन और नैंड्रोलोन के सेवन के लिए पॉजिटिव पाया गया था पर दिसंबर 2023 में उन्हें खेलने की अनुमति मिल गयी थी। वहीं इससे पहले एक स्वतंत्र पंचाट ने फैसला दिया कि कोलंबिया में एक प्रतियोगिता में भाग लेने के दौरान दूषित मांस खाने के कारण तारा पॉजिटिव हुई होंगी। आईटीआईए ने उस फैसले के खिलाफ खेल पंचाट में अपील की थी। खेल पंचाट ने आईटीआईए के पक्ष में फैसला दिया, जिसमें कहा गया कि उसके पैनल के अधिकतर सदस्यों का यह मानना था कि तारा यह साबित नहीं कर पाई कि दूषित मांस के सेवन के कारण उनका नमूना पॉजिटिव पाया गया था।

# जितेश शर्मा ने 2025-26 के घरेलू सत्र से पहले विदर्भ को छोड़ा, अब इस टीम के लिए खेलेंगे

**नई दिल्ली।** विदर्भ और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के विकेटकीपर जितेश शर्मा आगामी सत्र में बड़ौदा का प्रतिनिधित्व करेंगे। 31 वर्षीय जितेश शर्मा 2024-25 रणजी ट्रॉफी के दौरान किसी भी मैच में नहीं खेले और कप्तान और पहली पसंद विकेटकीपर अक्षय वाडकर के बाद दूसरे स्थान पर रहे। वह करुण नायर की अगुवाई वाली विदर्भ की सीमित ओवरों की टीम का हिस्सा बने रहे। बड़ौदा में स्थानांतरण की योजना पिछले कुछ समय से चल रही थी और माना जा रहा है कि बड़ौदा के कप्तान क्रुणाल पांड्या के साथ जितेश के घनिष्ठ संबंधों ने इस कदम को आसान बनाया। क्रुणाल पांड्या इस साल की शुरुआत में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की पहली आईपीएल खिताबी जीत के दौरान उनके साथी खिलाड़ी थे। इस बदलाव से जितेश को प्रथम श्रेणी क्रिकेट में नियमित खिलाड़ी के रूप में अपनी जगह पक्की करने का एक नया मौका मिल सकता है। जितेश 2015-16 में पदार्पण करने के बाद से पिछले दस सत्रों में केवल 18 प्रथम श्रेणी मैचों में ही खेल पाए हैं। उनका औसत 24.48 का है, जिसमें चार अर्धशतक शामिल हैं। उनका सबसे हालिया प्रथम श्रेणी मैच लगभग 18 महीने पहले खेला गया था। लाल गेंद वाले क्रिकेट में सीमित मैच खेलने के बावजूद, जितेश ने पिछले कुछ वर्षों में छोटे प्रारूपों में अपनी छाप छोड़ी है। 2023 में पंजाब किंग्स के लिए खेलने के बाद, जितेश ने उसी साल अक्टूबर में एशियाई खेलों के दौरान भारत के लिए टी20 में पदार्पण किया। उन्होंने नौ टी20 मैच खेले हैं।



# भारत की अंडर-19 और इंग्लैंड के बीच खेला गया पहला यूथ टेस्ट रहा ड्रॉ

**बेकेनहम (एजेंसी)।** हमजा शेख (112) की शतकीय और राल्फी एल्बर्ट और जैक होम की जुझारू पारियों की बदौलत इंग्लैंड की अंडर-19 टीम भारत के खिलाफ खेले गए पहले यूथ टेस्ट मैच को आखिरी दिन ड्रॉ कराने में सफल रही। 350 रनों के लक्ष्य का पीछा करते उतरी इंग्लैंड मैच के आखिरी दिन मंगलवार को दूसरी पारी में सात विकेट पर 270 रन ही बना सकी।

भारत की अंडर-19 टीम ने दूसरी पारी में विहान मल्होत्रा के (63) और आरएस अम्ब्रिश के (53) रनों की बदौलत इंग्लैंड को 63 ओवर में 350 रनों का लक्ष्य दिया था। आर्ची वॉन ने इंग्लैंड के लिए 84 रन देकर छह विकेट लिए। इंग्लैंड, तीन विकेट जल्दी गंवाने के बाद हमजा शेख और बेन मेयस के बीच 119 रनों की साझेदारी हुई। मेयस 51 रन बनाकर आउट हुए। वहीं शेख 112 रनों की पारी खेलकर रनआउट हुये। जब रियू 50 रन बनाने के बाद आउट हुए तो भारत को जीत की उम्मीद जगी लेकिन अंत में राल्फी एल्बर्ट और जैक होम ने 11.5 ओवर तक बल्लेबाजी करते हुए ड्रॉ सुनिश्चित किया।

इससे पहले भारत ने आखिरी दिन की शुरुआत 229 रनों की बढ़त और सात विकेट हाथ में के साथ की। जहां मल्होत्रा 34 और अभिज्ञान कुंडु क्रीज पर थे। मल्होत्रा को अपने अर्धशतक तक पहुंचने में केवल 15 मिनट लगे जब उन्होंने वॉन की गेंद पर कवर ड्राइव लगाते हुए चौका लगाया, लेकिन कुछ ही देर बाद वह रियू की गेंद पर आउट भी हो गए। बारिश के बाद जब मैच दोबारा शुरू हुआ तो रियू ने लंच से पहले भारत के दो और विकेट झटक लिए। कुंडु 11 रनों पर ग्रीन के हाथों लपके गए और राहुल कुमार हुक के प्रयास में विकेट के पीछे जेम्स मिंटो के द्वारा लपके गए।

वॉन ने मोहम्मद इनान को पांच और हेनिल पटेल को रॉकी फ्लिंटॉफ के द्वारा कैच कराकर अपना पांचवां विकेट लिए। इससे लंच तक भारत का स्कोर 8 विकेट पर 209 रन था। इसके बाद भारतीय टीम 57.4 ओवर में 248 रन पर सिमट गई। अब इंग्लैंड को जीत के लिए 350 रनों का लक्ष्य मिला।

दूसरी पारी में बल्लेबाजी करने उतरी इंग्लैंड की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने सलामी बल्लेबाज ए वॉन मात्र तीन रन बनाकर देवेंद्रन की गेंद पर विकेट के पीछे कैच आउट हो गए। इसके बाद जेडन डेनली ने अम्ब्रिश को हुक करने की कोशिश की और वैभव सूर्यवंशी ने 19 रन पर बाउंड्री पर कैच पकड़ लिया। जबकि फ्लिंटॉफ ने सिंह को ड्राइव करने की कोशिश की और 11 रन पर चावड़ा ने लांग ऑन पर कैच पकड़ा। फिर भी मेयस जब सात रन पर थे तब देवेंद्रन के हाथों उन्हें जीवनदान मिला। चायकाल तक इंग्लैंड का स्कोर 3 विकेट पर 83 रन था और उस समय भी लक्ष्य का पीछा जारी था।



शेख ने सिंह की गेंद पर छक्का लगाकर अपना अर्धशतक पूरा किया, लेकिन इंग्लैंड को एक बड़ा झटका तब लगा जब दोनों बल्लेबाज विकेटकीपर छोर पर थे और भारत ने गलत स्टंप पर गेंद फेंकी, जिससे मेयस को सुरक्षित वापसी का मौका मिल गया। उन्होंने एक शानदार स्वीप शॉट लगाकर अपना अर्धशतक पूरा किया। मेयर (51) अम्ब्रिश की गेंद कैच आउट हुए।

रियू के आने और तुरंत आक्रामक होने के बाद, दोनों टीमों के बीच हाथ मिलाने की आशंकाएं खत्म हो गईं। एकांश सिंह (एक) रन आउट हुए। रियू 35 गेंदों में (50) रनों की अर्धशतकीय पारी खेलकर आउट हुये। इसके राल्फी एल्बर्ट 37 और 36 गेंदे खेलकर मैच को ड्रा कराने में अहम योगदान दिया। भारत की अंडर-10 टीम ने पहली पारी में 540 रनों का विशाल स्कोर बनाया था। इंग्लैंड की टीम 439 रन ही बना सकी थी।

# स्ट्राइकर दीपिका ने पोलिग्रास मैजिक स्किल अवॉर्ड जीता, पुरुषों में विक्टर वेगनेज को किया गया सम्मानित



नई दिल्ली। भारतीय महिला हॉकी टीम की स्ट्राइकर दीपिका ने एफआईएच प्रो लीग 2024-25 सत्र के भुवनेश्वर चरण के दौरान नीदरलैंड के खिलाफ किए गए अपने मैदानी गोल के लिए पोलिग्रास मैजिक स्किल पुरस्कार जीता है। एफआईएच हॉकी प्रो लीग के 2024-25 सत्र के लिए पोलिग्रास मैजिक स्किल अवॉर्ड के विजेता का फैसला दुनियाभर के हॉकी प्रेमियों के मतदान के आधार पर किया गया। दीपिका ने ये गोल फरवरी 2025 में प्रो लीग के भुवनेश्वर चरण के दौरान किया था। कलिंग स्टेडियम में खेला गया ये मैच निर्धारित समय में 2-2 से बराबर रहा था, जिसके बाद भारत ने शूटआउट में नीदरलैंड को हराया। भारतीय टीम जब दो गोल से पीछे चल रही थी तब दीपिका ने 35वें मिनट में ये अविश्वसनीय गोल किया। उन्होंने नीदरलैंड की रक्षा पंक्ति को भेदते हुए बायीं ओर से बेहतरीन तरीके से ड्रिबल किया, बेसलाइन को छुआ और एक डिफेंडर की स्टिक के ऊपर से गेंद को आगे निकालकर गोलकीपर को छकाते हुए गेंद को नेट में पहुंचाया। दीपिका ने कहा कि, ये पुरस्कार पाकर मैं सचमुच सम्मानित महसूस कर रही हूं। नीदरलैंड जैसे कड़े प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ गोल करना मेरे लिए सचमुच में विशेष पल था और अब ये सम्मान पाना मेरे लिए बहुत मायने रखता है। मैं अपने साथियों, कोचों, परिवार और दोस्तों का शुक्रिया अदा करती हूं जो हर दिन मेरा हौसला बढ़ाते रहते हैं।

# 'कुछ मैच जीत या हार से बढ़कर होते हैं': लॉर्ड्स में करीबी हार के बाद केएल राहुल हुए भावुक

**लंदन (एजेंसी)।** भारतीय सलामी बल्लेबाज केएल राहुल ने लॉर्ड्स में तीसरे टेस्ट में इंग्लैंड से मिली हार के बाद एक भावुक संदेश लिखा, जिसमें उन्होंने कहा कि 'कुछ मैच जीत या हार से बढ़कर होते हैं'। शोएब बशीर के हाथों मोहम्मद सिराज का दुर्भाग्यपूर्ण आउट होना जिसमें गेंद पिच पर लगने के बाद वापस स्टंप्स में जा लगी, लॉर्ड्स में भारत के अडिग प्रतिरोध का अंत हो गया और रवींद्र जडेजा 22 रनों की दिल तोड़ने वाली हार के बाद मैदान पर ही रह गए। भारत मैच के अधिकांश समय इंग्लैंड पर हावी रहने के बावजूद हार गया जिसमें सबसे बेहतरीन प्रदर्शन करने वालों में से एक राहुल थे, जो एक से ज्यादा मौकों पर लॉर्ड्स ऑनर्स बोर्ड पर अपना नाम दर्ज कराने वाले केवल दूसरे भारतीय बने।

बुधवार को इंस्टाग्राम पर राहुल ने कहा, 'कुछ मैच जीत या हार से बढ़कर होते हैं। वे आपके जज्बे और आपके चरित्र की परीक्षा लेते हैं। और सीख आपको और मजबूत बनाती है।' मौजूदा सीरीज में केएल ने तीन मैचों और छह पारियों में 62.50 की औसत से 375 रन बनाए हैं, जिसमें 137 का सर्वश्रेष्ठ स्कोर, दो शतक और एक अर्धशतक शामिल है। वह सीरीज में चौथे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं। इस सीरीज ने इंग्लैंड में उनके बल्लेबाजी औसत में काफी सुधार किया है, जो इसे 30 के दशक से 40 के शुरुआती दशक में ले गया है। इंग्लैंड में 12 टेस्ट मैचों में उन्होंने 24 पारियों में 41.20 की औसत से 989 रन बनाए हैं जिसमें चार शतक और दो अर्द्धशतक शामिल हैं। इंग्लैंड में उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 149 है।



मैच की बात करें तो इंग्लैंड ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का विकल्प चुना। इंग्लैंड का स्कोर 44/2 हो गया था, लेकिन ओली पोप (104 गेंदों में 44 रन, चार चौकों की मदद से) और जो रूट (199 गेंदों में 104 रन, 10 चौकों की मदद से) के बीच 109 रनों की साझेदारी और ब्रायडन कार्स (83 गेंदों में 56 रन, छह चौकों और एक छक्के की मदद से) और जेमी स्मिथ (56 गेंदों में 51 रन, छह चौकों की मदद से) के बीच आठवें विकेट के लिए 84 रनों की जवाबी साझेदारी ने इंग्लैंड को 387 रनों तक पहुंचाया। जसप्रीत बुमराह (5/74) भारत के लिए गेंदबाजी में सबसे शानदार गेंदबाज रहे।

दूसरी पारी में भारत ने यशस्वी जायसवाल का विकेट जल्दी गंवा दिया, लेकिन करुण नायर (46 गेंदों में 26 रन, पांच चौके) और केएल राहुल के बीच 61 रन की साझेदारी और केएल (177 गेंदों में 100 रन, 13 चौके) और ऋषभ पंत (112 गेंदों में 74 रन, आठ चौके और दो छक्के) के बीच 141 रन की साझेदारी ने भारत को इंग्लैंड के स्कोर के करीब पहुंचा दिया। रवींद्र जडेजा (131 गेंदों में 72 रन, आठ चौके और एक छक्का) के शानदार अर्धशतक और निचले क्रम में नीतीश कुमार रेड्डी (30) और वाशिंगटन सुंदर (23) के योगदान ने भारत को 387 रन तक पहुंचाया जिसमें दोनों टीमों के बीच कोई अंतर नहीं था। क्रिस वोक्स (3/84) इस पारी में इंग्लैंड के शीर्ष गेंदबाज थे। इंग्लैंड की दूसरी पारी में भारत ने लगातार इंग्लैंड को दबाव में रखा सिवाय रूट (96 गेंदों में 40 रन, एक चौका) और स्टोक्स (96 गेंदों में 33 रन, तीन चौके) के बीच पांचवें विकेट के लिए 67 रन की साझेदारी के। सुंदर (4/22) ने खेल का रुख पलटते हुए मध्यक्रम को तहस-नहस कर दिया और इंग्लैंड को 192 रनों पर समेट दिया। भारत को जीत के लिए 193 रनों का लक्ष्य मिला। लक्ष्य का पीछा करते हुए टीम इंडिया का स्कोर 82/7 हो गया। हालांकि जडेजा (181 गेंदों में चार चौकों और एक छक्के की मदद से 61* रन) हार मानने के मूड में नहीं थे। उन्होंने निचले क्रम के बल्लेबाजों के साथ मजबूत साझेदारियां कीं जिससे इंग्लैंड दबाव में आ गया, लेकिन मोहम्मद सिराज का दुर्भाग्यपूर्ण आउट होना, जहां गेंद पिच पर पड़ने के बाद वापस स्टंप्स की ओर घूम गई, ने लाखों दिलों को आहत किया और भारत 170 रनों पर ढेर हो गया। भारत श्रृंखला में 1-2 से पीछे है।

# भारतीय फुटबॉल की वर्तमान स्थिति को लेकर सुनील छेत्री ने जताई चिंता, आईएसएल के रुकने पर दिया बयान

नई दिल्ली। भारतीय फुटबॉल टीम के स्टार खिलाड़ी और कप्तान सुनील छेत्री ने भारतीय फुटबॉल की वर्तमान स्थिति पर चिंता जताई है। हालांकि, उन्हें उसमें सुधार की उम्मीद भी दिख रही है। बता दें कि, शीर्ष स्तर के फुटबॉल टूर्नामेंट इंडियन सुपर लीग यानी इस्क्रबी अनिश्चितकाल के लिए स्थगित किए जाने से खेल जगत चिंतित, आहत और डरा हुआ है। लीग में बेंगलुरु एफसी की ओर से खेलने वाले छेत्री ने कहा कि, उन्हें देश में इस खेल के भविष्य को लेकर आशंकाएं व्यक्त करने वाले फोन कॉल और संदेशों की बाढ़ आ गई है। 40 वर्षीय दिग्गज ने एक्स पर लिखा कि, मुझे सबसे पहले ये चिंता हुई कि मेरे पास खेल का जो समय बचा है उसको मैं कैसे बिताऊंगा। लेकिन कई क्लबों के खिलाड़ियों से बात करने के बाद मुझे एहसास हुआ कि मेरी समस्या उतनी अहम नहीं है। भारतीय फुटबॉल की वर्तमान स्थिति बहुत चिंताजनक है। मुझे न केवल मेरे क्लब से, बल्कि अन्य क्लबों से भी खिलाड़ियों, स्टाफ सदस्यों, फिजियो, मालिश करने वालों से ढेर सारे संदेश मिले हैं। छेत्री ने कहा कि, भारतीय फुटबॉल पारिस्थितिकी तंत्र में अभी जो अनिश्चितता की स्थिति बनी हुई है उससे हर कोई चिंतित, आहत और डरा हुआ है। आईएसएल ने आयोजकों और अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ के बीच मास्टर राइट्स एग्रीमेंट के नवीनीकरण को लेकर अनिश्चितता के कारण 2025-26 के सत्र को स्थगित कर दिया है।



# शराबी ऑटो चालक ने हथौड़े से पीट-पीटकर बुजुर्ग माता-पिता की हत्या की

ओडिशा (एजेंसी)। ओडिशा के मयूरभंज जिले से दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। शराब की लत के शिकार एक ऑटो चालक ने कथित तौर पर अपने बुजुर्ग माता-पिता की हथौड़े से पीट-पीटकर हत्या की। हत्या के बाद आरोपी बेटा रातभर मां-बाप के खून से लथपथ शवों के पास बैठा रहा। सुबह जब पड़ोसियों ने सन्नाटे के कारण अंदर घुसने की कोशिश की तब नजारा देख उनके होश उड़ गए। घटना ढोनापाल गांव में हुई। मृतकों की पहचान हादीबंधु साहू (81) और शांति साहू (72) के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, बुधवार सुबह जब ग्रामीणों ने उनके घर में अजीब सन्नाटा देखा, तब अंदर जाकर देखा कि दोनों बुजुर्ग खून से लथपथ हालत में मृत पड़े हैं और उनका बेटा हिमांशु खाट पर बैठा हुआ है। स्थानीय निवासियों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपी बेटे हिमांशु को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार, रात किसी बात को लेकर परिवार में झगड़ा हुआ, जिसके बाद हिमांशु ने पत्थर तोड़ने वाले हथौड़े से अपने माता-पिता की निर्मम हत्या कर दी। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि हिमांशु लंबे समय से शराब का आदी है। घरेलू कलह के चलते उसकी पत्नी और बच्चे काफी समय पहले हिमांशु को छोड़कर अलग रहने लगे थे।

# नोट्स देने के बहाने छात्रा को बुलाया, दो लेक्चरर ने साथी के साथ किया दुष्कर्म

बेंगलुरु (एजेंसी)। कर्नाटक पुलिस ने तीन लोगों को दुष्कर्म के आरोप में गिरफ्तार किया है। इसमें मूडबिद्री इलाके के निजी कॉलेज के दो लेक्चरर भी शामिल हैं। पीड़ित उसी कॉलेज की छात्रा है, जिसमें दोनों पढ़ाते हैं। राज्य महिला आयोग में शिकायत दर्ज कराने के बाद मंगलवार को ये गिरफ्तारियां हुई। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक घटना एक महीने से ज्यादा पहले की बताई जा रही है, लेकिन मामला तब सामने आया जब छात्रा ने अपने माता-पिता को इसके बारे में बताया। इसके बाद महिला आयोग में शिकायत दर्ज कराई गई। आयोग के निर्देश पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी नरेंद्र फिजिक्स का जबकि संदीप बायोलॉजी का लेक्चरर है। तीसरे आरोपी अनूप है। अनूप दोनों लेक्चरर का खास दोस्त है। पुलिस के मुताबिक नरेंद्र ने छात्रा को नोट्स देने के बहाने बेंगलुरु बुलाया और अनूप के घर पर लेकर जाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। नरेंद्र ने धमकी दी कि अगर घटना के बारे में किसी को बताया तो उसे जान से मार देंगे। दूसरे लेक्चरर संदीप ने घटना की तस्वीरों और वीडियो को लेकर पीड़ित को ब्लैकमेल किया और संबंध बनाने की मांग की। वहीं आरोपी अनूप ने छात्रा को उसके कमरे में आने की सीसीटीवी फुटेज होने का दावा करके उसके साथ दुष्कर्म किया। पुलिस अब इस मामले में आगे की जांच कर रही है।

# कोबरा को गले में डाल घूम रहा था सर्पमित्र, उसी सांप ने डंसा हो गई मौत

गुना (एजेंसी)। जहरीला कोबरा गले में डालकर बाइक चलाना सर्पमित्र को भारी पड़ गया। सांप के डंसने से सर्पमित्र की मौत हो गई। मृत्यु से पहले जब वह सांप को गले में डालकर घूम रहा था, तब किसी ने उसका वीडियो बना लिया था, जो अब वायरल हो रहा है। यह घटना गुना की है। जानकारी के मुताबिक सर्पमित्र दीपक महावर ने हजारों जहरीले सांपों को पकड़ा था। वह जेपी कॉलेज में अस्थायी कर्मचारी के रूप में काम करते थे। दीपक ने हाल ही में एक जहरीला कोबरा पकड़ा था। उसने इस जहरीले सांप को कांच के बर्तन में बंद कर रखा था। दीपक जब बच्चों को स्कूल छोड़ने गया, तो उसने कोबरा को अपने गले में लटका लिया। बच्चों को स्कूल छोड़ने के बाद कोबरा ने अचानक दीपक को डंस लिया। उसे तुरंत अस्पताल ले जाया गया, लेकिन इलाज के दौरान उसकी मृत्यु हो गई। बताया जा रहा है कि दीपक को एंटीवेनम दिया गया, लेकिन अस्पताल पहुंचने में देरी के कारण एंटीवेनम प्रभावी नहीं हो सका। सर्पमित्र दीपक महावर की मृत्यु के बाद उनके दोनों बच्चे, रौनक (12) और चिराग (14), अनाथ हो गए हैं। दीपक की पत्नी की पहले ही मौत हो चुकी थी। जब दीपक गले में कोबरा लटकाकर घूम रहे थे, तब एक व्यक्ति ने उनका वीडियो बना लिया था, जो उनकी जिंदगी का आखिरी वीडियो बन गया।

# युवती ने चलती बस में दिया बच्चे को जन्म, कपड़े में लपेट बाहर फेंका

मुंबई (एजेंसी)। महाराष्ट्र के परभणी में एक मां ने अपनी ममता का ही गला घोंट दिया। महिला की उम्र 19 साल बताई जा रही है उसने चलती बस में एक बच्चे को जन्म दिया और फिर कथित तौर पर नवजात को खिड़की से बाहर फेंक दिया। मीडिया रिपोर्ट में पुलिस ने बताया कि इस घटना में एक शख्स ने महिला की मदद की, जो खुद को उसका पति बता रहा था। बस से बाहर फेंके जाने के बाद बच्चे की मौत हो गई। यह घटना मंगलवार सुबह 6.30 बजे पाथरी-सेलू रोड पर हुई। जानकारी के मुताबिक घटना का पता तब चला जब एक निवासी ने देखा कि बच्चे को कपड़े में लपेटकर बस की खिड़की से बाहर फेंका जा रहा है। बाद में पूछताछ करने पर कपल ने कहा कि महिला ने खिड़की से उल्टी की थी। दोनों की पहचान रितिका धेरे और अल्ताफ के रूप में हुई, है जो पुणे से परभणी जा रहे थे। वे संत प्रयाग ट्रैवल्स की स्लीपर कोच बस में यात्रा कर रहे थे। पुलिस के मुताबिक रितिका धेरे बस में यात्रा कर रही थी। उसने बस में बच्चे को जन्म दिया। उसके बाद बच्चे को कपड़े में लपेटकर वाहन से बाहर फेंक दिया। पुलिस ने बताया कि बस के ड्राइवर ने खिड़की से कुछ फेंकते हुए देखा। जब उसने रितिका केक साथ युवक से इस बारे में पूछा, तो आरोपी ने कहा कि उसकी पत्नी ने बस में यात्रा के कारण उल्टी की थी। पुलिस ने बताया कि एक सतर्क निवासी ने बस से फेंके गए वस्तु की जांच की और चौंकाने वाला पाया कि वह एक बच्चा था। पुलिस को इसकी जानकारी दी। पुलिस गश्ती दल ने बस का पीछा किया और कपल को पकड़ लिया। कपल ने बच्चे को बस से बाहर फेंकने की बात कबूल की और कहा कि वे बच्चे को पालने में असमर्थ थे। पुलिस ने बताया कि दंपति परभणी के रहने वाले हैं और पिछले डेढ़ साल से पुणे में रह रहे थे।

# कानून की मदद करने के लिए लोगों में डर पैदा करना भी आतंकी कृत्य: सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि किसी अपराध को केवल तभी आतंकवादी कृत्य नहीं कहा जा सकता जब आरोपी को आतंकवाद विरोधी कानून के तहत दोषी ठहराया गया हो। कोर्ट ने कहा कि सेना के मुखबिर की हत्या करके लोगों को कानून का पक्ष लेने से रोकने के लिए भय का माहौल पैदा करना भी आतंकवादी कृत्य है, भले ही इस मामले में आतंकवाद विरोधी कानून लागू न किया गया हो।

जस्टिस अहसानुद्दीन अमानुल्लाह और जस्टिस एसवीएन भट्टी की बेंच इस बात से सहमत नहीं थी कि जम्मू-कश्मीर में सेना के मुखबिर समेत तीन नागरिकों की एके-47 से हत्या आतंकवादी कृत्य नहीं थी, क्योंकि इसमें आतंकवाद विरोधी कानून के तहत दोषसिद्धि नहीं हुआ। बेंच ने इस मामले में 27 साल जेल में बिता चुके एक दोषी गुलाम मोहम्मद भट की सजा माफी याचिका पर विचार करते हुए अपनी आपत्ति व्यक्त की। यह अराजकता फैलाने के लिए किया गया था ताकि कोई भी कानून का पक्ष लेने की हिम्मत न कर सके, तो यह निश्चित रूप से एक आतंकवादी कृत्य के



लक्षण रखता है और इस नीति के तहत छूट नहीं दी जा सकती। आपको छूट नीति को चुनौती देनी होगी। कैदी गुलाम भट ने दलील दी कि उसे आतंकवाद-रोधी कानून के तहत नहीं, बल्कि केवल हत्या के आरोप में दोषी ठहराया गया था। इसलिए उसके कृत्य को आतंकवादी कृत्य नहीं कहा जा सकता। जम्मू-कश्मीर सरकार ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि आतंकवादी कृत्य के लिए आजीवन कारावास की सजा काट रहा कोई भी अपराधी राज्य की नीति के तहत छूट का हकदार नहीं है। कैदी गुलाम की ओर से पेश सीनियर एडवोकेट ने कहा कि भट को केवल हत्या और शस्त्र अधिनियम के तहत दोषी ठहराया गया था, न कि तत्कालीन आतंकवाद-रोधी कानून टाडा के तहत।

उन्होंने कहा कि कोर्ट में ऐसा कुछ भी साबित नहीं हुआ जिससे टाडा के प्रावधान लागू हों। निचली अदालत या हाई कोर्ट ने इसे कभी आतंकवादी कृत्य नहीं माना। जम्मू-कश्मीर सरकार की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल ने कहा कि घटनास्थल से ग्रेनेड दागने वाले हथियार समेत विस्फोटक उपकरण भी बरामद किए गए हैं। यह एक आतंकी कृत्य है, यह कोई साधारण हत्या नहीं है। बेंच ने कहा कि यदि आप लोगों में भय पैदा करना चाहते हैं ताकि कोई भी इस अवैध कृत्य के खिलाफ अधिकारियों के पास न जाए, तो यह एक आतंकवादी कृत्य है और हम अपनी आँखें बंद नहीं कर सकते। सुप्रीम कोर्ट ने वकील की उस याचिका को स्वीकार कर लिया जिसमें उन्होंने चल रही कार्यवाही के दौरान जम्मू-कश्मीर छूट नीति को चुनौती देने की अनुमति मांगी थी।

# सांसद दुबे का दावा कहा- ब्रिटिश सैनिकों के सहयोग से चला था ऑपरेशन ब्लू स्टार

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी पर गंभीर आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि इंदिरा गांधी ने ऑपरेशन ब्लू स्टार के लिए ब्रिटिश सैनिकों का सहयोग लिया और इसके बाद ब्रिटिश प्रधानमंत्री मारग्रेट थैचर को पत्र लिखकर अपनी आंतरिक समस्याएं साझा कीं। उन्होंने बुधवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पत्र शेयर किया। उन्होंने



लिखा, 1984 में ब्रिटिश सैनिकों के सहयोग से 'ऑपरेशन ब्लू स्टार' करने के बाद तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने ब्रिटिश प्रधानमंत्री मारग्रेट थैचर को यह पत्र भेजा। उन्होंने आगे कहा, विदेशियों से लड़ने के लिए तो सामरिक सहयोग चाहिए, लेकिन अपने देश के निहत्थे लोगों को मारने के लिए विदेशी सामरिक सहयोग को क्या कहते हैं? सांसद दुबे ने मंगलवार को पूर्व पीएम नेहरू पर 1963 में ओडिशा (उड़ीसा) का चरबटिया एयरपोर्ट अमेरिका को देने का दावा किया था। भाजपा सांसद ने एक्स पर लिखा, राहुल गांधी और कांग्रेस के परिवार का अमेरिका के आगे सरेंडर। नेहरु जी ने 1963 में हमारे ओडिशा का चरबटिया एयरपोर्ट अमेरिका को दे दिया। गुलामी और देश बेचने, तोड़ने की मानसिकता ने हमें पाकिस्तान की तरह अमेरिका के सामने खड़ा कर दिया। यह काला अध्याय, मन विचलित भी है और व्यथित भी। इसके अलावा, उन्होंने नेहरू-गांधी परिवार पर अमेरिका के आगे नतमस्तक होने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा था, अमेरिका के आगे नतमस्तक नेहरू-गांधी परिवार। राहुल गांधी, कांग्रेस पार्टी और भारत की आस्था के साथ किसानों की तबाही। क्या केदारनाथ का हादसा अमेरिका के न्यूक्लियर वस्तु के कारण हुआ, जो नंदा देवी पर्वत शिखर के ऊपर से 1960 में गायब हो गया? क्या तीस्ता नदी के बाढ़ का भी वही कारण है? गंगोत्री-यमुनोत्री के पिघलते ग्लेशियर और गंगा के पानी में लगातार कमी किसानों की तबाही के लिए जिम्मेदार है, कांग्रेस पार्टी के नेहरू जी का सरेंडर?

# भाषा विवाद पर सीएम नायडू ने पूर्व पीएम नरसिम्हा राव का उदाहरण दिया... जिन्होंने 17 भाषाएँ सीखी

**अमरावती (एजेंसी)।** राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत तीन-भाषा फॉर्मूले के विरोध के बीच, आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू ने हिंदी का समर्थन किया है। उन्होंने भाषा विवाद पर अपनी राय रखकर पूर्व प्रधानमंत्री पी.वी. नरसिम्हा राव का उदाहरण दिया, जिन्होंने 17 भाषाएँ सीखी थीं, जिसमें हिंदी भी शामिल थी। नायडू ने कहा कि पी.वी. नरसिम्हा राव एक महान और दूरदर्शी नेता थे और तेलुगु समुदाय को उन पर गर्व है। उन्होंने बताया कि राव एक छात्र नेता, स्वतंत्रता सेनानी और 17 भाषाओं के विद्वान थे। नायडू ने जोर दिया कि आजकल लोग पूछते हैं कि हिंदी क्यों सीखनी चाहिए, जबकि पूर्व प्रधानमंत्री ने न केवल हिंदी सीखी, बल्कि 17 भाषाएँ सीखीं। उन्होंने कहा कि राव अपने इस गुण की वजह से इतने महान बने। बात दें कि राव प्रधानमंत्री पद पर पहुँचने वाले दक्षिण भारत के पहले राजनेता थे। प्रधानमंत्री बनने के बाद उन्होंने लालकिले के प्राचीर से हमेशा हिंदी में ही देश को संबोधित किया। उन्हें 17 भाषाओं का ज्ञान था, जिसमें 11 भारतीय भाषाएँ (तेलुगु, मराठी, तमिल, हिंदी, बंगाली, गुजराती, ओडिया, कन्नड़, संस्कृत और उर्दू)



और 6 विदेशी भाषाएँ (अंग्रेजी, फ्रेंच, अरबी, जर्मन, फारसी और स्पेनिश) शामिल थीं। उनके इस ज्ञान के कारण लोग उन्हें आंध्र प्रदेश का बृहस्पति के तौर पर याद करते हैं। उन्होंने तेलुगु साहित्य की कई पुस्तकों का हिंदी में और मराठी साहित्य की कई किताबों का तेलुगु में अनुवाद भी किया।

### भाषा विवाद के बीच आंध्र प्रदेश का रुख

त्रिभाषा फॉर्मूले और हिंदी को लेकर तमिलनाडु, महाराष्ट्र और कर्नाटक जैसे राज्यों में विवाद जारी है। इन राज्यों के कई दलों ने केंद्र सरकार पर हिंदी थोपने का आरोप लगाया है। हालाँकि, आंध्र प्रदेश ही एक ऐसा राज्य है जहाँ के क्षेत्रीय नेताओं ने हिंदी को लेकर तीखी बयानबाजी नहीं की है। नायडू का यह बयान हिंदी के प्रति आंध्र प्रदेश के अधिक उदारवादी दृष्टिकोण को दर्शाता है।

# कांग्रेस ने पूछा- भारत के खिलाफ पाकिस्तान के मददगार चीन से क्यों मिलाया हाथ

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** मोदी सरकार में विदेश मंत्री एस. जयशंकर के चीन दौरे और राष्ट्रपति शी जिनपिंग सहित चीनी नेताओं के साथ शेक हैंड करने पर कांग्रेस ने कड़ी आपत्ति जताते हुए सवाल उठाए हैं। साथ ही पहलगाम आतंकी हमले के 85 दिन बाद भी आतंकियों के गिरफ्तार न होने पर भी मोदी सरकार को घेरा। उन्होंने कहा कि संभवतः किसी आतंकी की अब तक शिनाख्त भी नहीं हुई है।

इंदिरा भवन स्थित कांग्रेस मुख्यालय में पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए सोशल मीडिया एवं डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म्स विभाग की अध्यक्ष और कांग्रेस प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने विदेश मंत्री जयशंकर की चीन यात्रा का जिक्र करते हुए भारतीय सेना के उप प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल राहुल सिंह के हालिया बयान का हवाला दिया, जिसमें उन्होंने कहा था कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान चीन ने पाकिस्तान की पीछे से मदद की थी। उन्होंने जयशंकर की राष्ट्रपति जिनपिंग समेत चीन के अन्य नेताओं के साथ तस्वीरें दिखाते हुए पूछा कि उन्हें हमारे दुश्मन की सहायता करने वाले चीन का दौरा करने की क्या जरूरत थी? उन्होंने जयशंकर के भारत-चीन के द्विपक्षीय संबंध लगातार सुधरने के बयान को भारतीय सेना का मनोबल तोड़ने वाला करार



दिया। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी लगातार मोदी सरकार को चीन और पाकिस्तान के साथ आने को लेकर आगाह कर रहे थे और ऑपरेशन सिंदूर के दौरान यह बात सही साबित हुई।

कांग्रेस नेता ने बताया कि ऑपरेशन सिंदूर में पाकिस्तान की मदद करने के अलावा चीन ने उसे पिछले पांच वर्षों में 81 प्रतिशत हथियार दिए। बीते कुछ दिनों में चीन ने रेयर अर्थ मिनरल्स, विशेष फ़र्टिलाइज़र और टनल-बोरिंग मशीनों जैसी चीजों का भारत को निर्यात काफी हद तक सीमित कर दिया है, जिससे हमारे इंफ़्रास्ट्रक्चर निर्माण पर बुरा असर पड़ेगा। भारत की पैट्रोलिंग पार्टीज देपसांग, डेमचोक और चुमार जैसे इलाकों में पैट्रोलिंग करने के लिए चीन की सहमति पर निर्भर हैं। गलवान, हॉट स्प्रिंग, पैंगोंग त्सो झील में बनाए गए अधिकांश बफर जोन भारतीय सीमा के अंदर हैं; आज भी अप्रैल 2020 की यथावत स्थिति बहाल नहीं हो पाई है। इस दौरान चीन ने एलएसी के पास 50 गांव बसा दिए हैं। यही नहीं, चीन ने अरुणाचल प्रदेश की 30 जगहों के नाम बदल दिए।

कांग्रेस नेता ने ब्लॉगर से जासूस बनीं ज्योति मल्होत्रा के भाजपा से संबंधों पर भी सवाल उठाए। उन्होंने वीडियो दिखाते हुए कहा कि पाकिस्तान जाते समय ज्योति ने खुद को हरियाणा भाजपा की सदस्य बताया। ज्योति को भाजपा के कई हाई-प्रोफाइल कार्यक्रमों में भी देखा गया था। उन्होंने पूछा कि क्या ज्योति को कोई बचा रहा है, क्योंकि पूछताछ के दौरान क्या खुलासे किए, इस बारे में उसकी गिरफ्तारी के दो महीने बाद भी कुछ सामने नहीं आया है। उन्होंने कहा कि ज्योति एकमात्र ऐसा उदाहरण नहीं है, भाजपा-आरएसएस से जुड़े कई लोग पाकिस्तान के लिए जासूसी करते पकड़े गए हैं।

श्रीनेत ने याद दिलाया कि भाजपा आईटी सेल में काम करने वाला ध्रुव सक्सेना आईएसआई के लिए जासूसी करते हुए पाया गया था। वर्ष 1999 में भाजपा सरकार ने ही आतंकवादी मसूद अजहर को रिहा किया था। जम्मू-कश्मीर में तत्कालीन भाजपा उपमुख्यमंत्री निर्मल सिंह ने आतंकवादी बुरहान वानी के एनकाउंटर को दुर्घटना बताया था। कांग्रेस नेता ने मोदी सरकार द्वारा पठानकोट आतंकी हमले की जांच के लिए पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई को भारत आने की अनुमति देने का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि अमित शाह ने आईएसआई जांच पर संतुष्टि भी जताई थी।!

# लगातार हो रही बारिश के बीच भीगे कपड़े, हाथ जोड़े... बंगालियों के पीछे बीजेपी, ममता का नया नैरेटिव

**कोलकाता (एजेंसी)।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार पर देश भर में बंगाली भाषी लोगों को व्यवस्थित रूप से परेशान करने का आरोप लगाया और चेतावनी दी कि अगर यह कथित उत्पीड़न जारी रहा तो 2026 के विधानसभा चुनावों में इसके कड़े राजनीतिक परिणाम होंगे। मध्य कोलकाता में बारिश से भीगे एक विरोध रैली में बोलते हुए, बनर्जी ने आरोप लगाया कि केंद्र भाजपा शासित राज्यों को बंगाली भाषी नागरिकों को हिरासत में लेने और धमकाने के लिए गुप्त निर्देश जारी कर रहा है। डोरीना क्रॉसिंग पर समाप्त हुए एक मार्च के बाद समर्थकों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि मैं इन गुप्त नोटिसों को चुनौती दूंगी। बंगालियों को केवल संदेह के आधार पर कैसे हिरासत में लिया जा सकता है? यह अस्वीकार्य है।



तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ने केंद्र पर अपने राजनीतिक उद्देश्यों को आगे बढ़ाने के लिए भारत के चुनाव आयोग को प्रभावित करने का भी आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि मैं बंगालियों के प्रति भाजपा और केंद्र के रवैये से शर्मिंदा और निराश हूँ। बंगाल के प्रवासी मज़दूरों के साथ भाजपा के व्यवहार पर निशाना साधते हुए, बनर्जी ने कहा कि देश भर में काम कर रहे 22 लाख से ज़्यादा बंगालियों के पास आधार, ईपीआईसी और पैन कार्ड जैसे वैध दस्तावेज़ हैं, फिर भी उन्हें गलत तरीके से निशाना बनाया जा रहा है और यहाँ तक कि बांग्लादेश वापस भेजा जा रहा है। उन्होंने सवाल किया क्या पश्चिम बंगाल भारत का हिस्सा नहीं है? भाजपा को बंगालियों के साथ ऐसा व्यवहार करने का अधिकार क्या है?

ममता ने कहा कि राजनीतिक लड़ाई का संकल्प लेते हुए, बनर्जी ने घोषणा की कि भगवा पार्टी को 2026 में खेला होबे के एक और दौर के लिए तैयार रहना चाहिए, जो 2021 के चुनावों के दौरान उनकी पार्टी का नारा है। उन्होंने चुनौती भरे लहजे में कहा कि मैं अब और भी ज़्यादा बांग्ला में बोलूँगी। अगर हो सके तो मुझे गिरफ़्तार कर लो। राजनीतिक तरीकों से प्रतिरोध का आह्वान करते हुए, उन्होंने चेतावनी दी अगर भाजपा बंगालियों पर अत्याचार करना बंद नहीं करती है, तो तृणमूल कांग्रेस जानती है कि उन्हें कैसे रोका जाए।

# पटना एयरपोर्ट के रनवे को टच कर दोबारा उड़ा विमान: 173 यात्रियों की सांसें अटकीं -तीन-चार चक्कर के बाद सुरक्षित लैंडिंग

**पटना (एजेंसी)।** मंगलवार रात पटना एयरपोर्ट पर एक गंभीर तकनीकी स्थिति ने सभी को कुछ देर के लिए दहशत में डाल दिया। दिल्ली से पटना आ रही इंडिगो की फ्लाइट 6ई2482 लैंडिंग करते-करते अचानक दोबारा उड़ान भर गई, जिससे विमान में सवार 173 यात्रियों की सांसें थम गईं। कुछ देर बाद विमान ने आसमान में तीन से चार चक्कर लगाने के बाद सुरक्षित लैंडिंग की और सभी यात्रियों ने राहत की सांस ली।




सूत्रों से प्राप्त जानकारी अनुसार, मंगलवार रात करीब 9 बजे फ्लाइट की लैंडिंग होनी थी, लेकिन विमान निर्धारित टचिंग पॉइंट को ओवरशूट कर गया। पटना एयरपोर्ट का रनवे देश के अन्य बड़े एयरपोर्ट्स की तुलना में छोटा है। पायलट को आशंका हुई कि विमान को इस रनवे पर रोकना मुश्किल हो सकता है, ऐसे में उन्होंने सुरक्षा के मद्देनजर विमान को दोबारा हवा में उठा लिया। घटना के दौरान यात्रियों के बीच अफरा-तफरी का माहौल बन गया। कई यात्रियों को लगा कि रनवे पर कोई दूसरा विमान होगा या आपात स्थिति बन गई होगी। हालांकि, क्रू मेंबर्स ने तुरंत स्थिति को संभालते हुए यात्रियों को आश्वस्त किया कि कोई खतरे की बात नहीं है और तकनीकी कारणों से विमान को दोबारा उड़ाया गया है। उन्होंने यह भी भरोसा दिलाया कि कुछ ही मिनटों में लैंडिंग कर दी जाएगी।

यहां बताते चलें कि पटना एयरपोर्ट के रनवे की वर्तमान लंबाई 2,072.64 मीटर है। यही वजह है कि बड़े विमानों की लैंडिंग के दौरान अतिरिक्त सावधानी बरती जाती है। फिलहाल, इस रनवे को बढ़ाकर 3,657.6 मीटर करने की योजना पर काम चल रहा है। यह कवायद केंद्र सरकार द्वारा एयरपोर्ट सुरक्षा को लेकर जारी एडवाइजरी के तहत की जा रही है, जो अहमदाबाद एयरपोर्ट पर हुए हालिया हादसे के बाद जारी की गई थी। इस संबंध में विशेषज्ञों का मानना है कि पायलट द्वारा उठाया गया कदम पूरी तरह से सुरक्षा प्रोटोकॉल के अनुरूप था। यह घटना इस बात की याद दिलाती है कि देश के कई छोटे एयरपोर्ट्स को आधुनिक और सुरक्षित बनाए जाने की तत्काल जरूरत है।

# ब्लड मनी को अस्वीकार कर तलाल के भाई अब्देलफतेह का पोस्ट...खून को खरीदा नहीं जा सकता

**-भारतीय नर्स निमिषा प्रिया को बचाने की अंतिम उम्मीद भी हुई खत्म**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** यमन में सजा-ए-मौत का सामना कर रही भारतीय नर्स निमिषा प्रिया के लिए राहत का वक्त कुछ घंटे ही बचा है। अब तलाल आबदो मेहदी के परिवार ने फिर से कहा हैं कि वे ब्लड मनी स्वीकार नहीं करेगा। तलाल आबदो मेहदी पर आरोप है कि उसने निमिषा प्रिया का उत्पीड़न कर उसका पासपोर्ट रख लिया था। पासपोर्ट हासिल करने के लिए ही निमिषा ने तलाल को ड्रग्स दिया था और उसकी ओवरडोज से वह मर गया था। मामले में निमिषा प्रिया को सजा-ए-मौत सुनाई गई है। उन्हें 16 जुलाई के दिन सजा मिलनी थी, लेकिन केरल के ग्रैंड मुफ्ती अबू बकर मुसलियार के दखल से फांसी को टाल दिया गया था।

बताया गया कि निमिषा प्रिया के वकील और परिजनों को वक्त दिया जाएगा कि वे तलाल के परिवार को ब्लड मनी के लिए राजी कर लें। लेकिन ऐसा होता नहीं दिख रहा है। तलाल के भाई का कहना है कि वे ब्लड मनी स्वीकार नहीं करेगा। तलाल के भाई अब्देलफतेह मेहदी ने कहा कि हमारे परिवार ने समझौते के सभी ऑफर खारिज किए हैं। हम चाहते हैं कि भाई की कातिल को सजा-ए-मौत ही मिले। माफी के सवाल पर अब्देलफतेह मेहदी ने कहा कि यह बेहद गंभीर अपराध है और इसमें कोई माफी नहीं दी जा सकती। हम इस मामले में दीयत यानी ब्लड मनी स्वीकार नहीं करने वाले है।

यमन के कानून के अनुसार यदि मारे गए शख्स का परिवार आरोपी से मुआवजे के बदले माफी दे, तब सजा खत्म की जा सकती है। अब्देलफतेह ने पोस्ट में कहा, आज क्या हो रहा है। मध्यस्थता और समझौते की बातें हो रही हैं। यह कोई नई बात नहीं है ना ही सरप्राइज वाली चीज है। इस साल फिर से कई बार समझौते की कोशिशें हुई हैं और ये नई नहीं हैं। हम पर काफी दबाव डाला गया है, लेकिन हमारी मांग में कोई बदलाव नहीं है। हम भी यही चाहते हैं कि आरोपी को सजा-ए-मौत हो। फिलहाल सजा को टाल दिया गया है और हम इससे हैरान हैं। मध्यस्थता करने वाले समझ लें कि हम किसी भी तरह से समझौते के लिए तैयार नहीं हैं और ब्लड मनी स्वीकार नहीं है।

अब्देलफतेह मेहदी ने लिखा, खून को खरीदा नहीं जा सकता। सजा को टाले जाने से हम नहीं रुकने वाले हैं। किसी भी तरह के दबाव के आगे हम नहीं झुकने वाले है। न्याय को भुलाया नहीं जा सकता। न्याय होगा और भले ही उसमें देर लगे। यह सिर्फ कुछ समय की बात है और अल्लाह हमारे साथ है।



नवबिहार मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक डॉ. रामाज्ञा तिवारी द्वारा विश्वेश्वरा पब्लिकेशनंस एलएलपी की ओर से शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची (झारखंड)- 835222 से मुद्रित एवं उद्योग भवन मार्ग, 19 A कोकर औद्योगिक क्षेत्र रांची- 834001 (झारखंड) से प्रकाशित।
**संपादक- डॉ. रामाज्ञा तिवारी, कार्यकारी संपादक- भीष्म सिंह, प्रबंध संपादक- पंकज क. सिंह*, प्रधान संपादक- देवेंद्र सिंह** (*पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार), **प्रबंधक- नरेंद्र कुमार सिंह.** 9334331934, 7903538992, 9570107019, **RNI Regn.: JHAHIN/2011/40902**